हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



पेज : 12

क्रिकेट को वैश्विक खेल बनाना है तो छोटी...





www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 22 जुलाई 2026, वर्ष- 09, अंक- 148, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com


# सिक्किम में NHPC की निर्माणाधीन सुरंग ढही, 10 श्रमिकों की मौत, कई अब भी फंसे

एजेंसी। गुवाहाटी/नामची



सिक्किम के नामची जिले में एनएचपीसी की तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में हुए भीषण हादसे में अब तक 10 श्रमिकों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य श्रमिक अभी भी सुरंग के भीतर फंसे हुए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सुरंग के भीतर मीथेन गैस के विस्फोट के बाद भूस्खलन हुआ, जिससे सुरंग का प्रवेश मार्ग बंद हो गया और अंदर मौजूद श्रमिक बाहर नहीं निकल सके। बताया गया कि हादसा सोमवार दोपहर करीब 3:40 बजे ज्होलुंगे क्षेत्र के समरदुंग स्थित निर्माणाधीन सुरंग में हुआ। घटना के समय कुल 25 श्रमिक, जिनमें एनएचपीसी के कर्मचारी भी शामिल थे, सुरंग के भीतर काम कर रहे थे। जिला प्रशासन ने अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि शेष श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार सुरंग के भीतर लगभग डेढ़ किलोमीटर अंदर मीथेन गैस जमा हो गई थी। गैस निकालने के प्रयास के दौरान अचानक विस्फोट हुआ, जिससे सुरंग के एक हिस्से में भूस्खलन हो गया और रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। कुछ श्रमिक तत्काल बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन कई अंदर ही फंस गए। बचाव अभियान को मीथेन गैस, ऑक्सीजन की कमी, धुंधली दृश्यता और संकरी सुरंग जैसी कठिन परिस्थितियों के कारण भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। शुरुआती प्रयासों में दमकल कर्मियों को सांस लेने में परेशानी हुई, जिससे उन्हें अभियान बीच में रोकना पड़ा। बाद में एनडीआरएफ की टीमों ने भी प्रयास किया, लेकिन विषाक्त वातावरण के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद पश्चिम बंगाल से गैस सुरक्षा उपकरणों से लैस विशेष बचाव दल बुलाया गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिक्किम पुलिस, दमकल, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य एजेंसियां संयुक्त रूप से लगातार राहत कार्य में जुटी हुई हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से फोन पर बातचीत कर घटना की जानकारी ली और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की निगरानी में पूरी रात बचाव अभियान जारी रहा। प्रशासन का कहना है कि फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित निकालना सर्वोच्च प्राथमिकता है। हादसे के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है और बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

## पीएम ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की सहायता की घोषणा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के नामची जिले में निर्माणाधीन सुरंग के ढहने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इसके अलावा, प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दुखद घटना से वह बेहद व्यथित हैं और इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## अमित शाह ने सिक्किम के मुख्यमंत्री को 'नामची' भूस्खलन पर हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मंगलवार को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग से बातचीत कर नामची जिले में निर्माणाधीन सुरंग के पास हुए भूस्खलन के बाद की स्थिति और जारी राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। शाह ने मुख्यमंत्री से कहा कि केंद्र सरकार इस कठिन समय में सिक्किम के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। बचाव अभियान को सफल बनाने तथा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए केंद्र की ओर से हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। गृह मंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी एजेंसियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि फंसे लोगों को जल्द सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा और प्रभावित परिवारों को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# आर्थिक सहयोग भारत-उत्तर मैसिडोनिया संबंधों का प्रमुख आधार : राष्ट्रपति मुर्मु

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक सहयोग भारत और उत्तर मैसिडोनिया के द्विपक्षीय संबंधों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश बढ़ाने, कारोबारी सहयोग को मजबूत करने और द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। उत्तर मैसिडोनिया की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दाव्कोवा के साथ द्विपक्षीय एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि दोनों देशों ने सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि, वस्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, पर्यटन, आतिथ्य तथा फिल्म निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की। भारत-उत्तर मैसिडोनिया बिजनेस फोरम इन क्षेत्रों में नए अवसरों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते का नवीनीकरण किया जा रहा है। साथ ही पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक और जन-से-जन संपर्क दोनों देशों के संबंधों की मजबूत नींव हैं। रचनात्मक उद्योग के क्षेत्र में सहयोग सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। मुर्मु ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) जैसी पहलों के माध्यम से वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने इन पहलों से जुड़ने की उत्तर मैसिडोनिया की इच्छा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उसे हरित ऊर्जा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा। उन्होंने उत्तर मैसिडोनिया के लिए भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सीटों की संख्या दोगुनी करने की घोषणा की। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़े पाठ्यक्रम भी शामिल होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की उत्तर मैसिडोनिया की पहली राजकीय यात्रा है और उन्हें विश्वास है कि इससे दोनों देशों की बहुआयामी साझेदारी को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान दोनों राष्ट्रपति स्कोप्ये संग्रहालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा का संयुक्त रूप से अनावरण करेंगे, जो दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु में आईएसआईएस भर्ती और फंडिंग नेटवर्क से जुड़े मामले में ईडी का आठ ठिकानों पर छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए भर्ती और फंडिंग से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बेंगलुरु में आठ स्थानों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की प्राथमिकी के आधार पर दर्ज प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) के तहत की गई। ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय अनुसार, मामला बेंगलुरु स्थित 'इकरा वेलफेयर ट्रस्ट', 'गाइडेंस फॉर मैनकाइंड' और उनसे जुड़े अन्य व्यक्तियों से संबंधित है। एनआईए ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 17 (आतंकवाद के लिए धन जुटाना), धारा 18 (आतंकी गतिविधियों की तैयारी) और धारा 18-बी (आतंकी संगठन के लिए भर्ती) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच में अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में एनआईए ने इरफान नासिर, अहमद अब्दुल कादर, मोहम्मद तौकीर महमूद, जुहाब हमीद शकील मन्ना और मोहम्मद शिहाब के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल भी कर दिया है। आरोपपत्र के अनुसार सभी आरोपित प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस/आईएसआईएल/दाएश से जुड़े थे। उन्होंने बेंगलुरु के मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर आईएसआईएस में शामिल कराने की साजिश रची। जांच में सामने आया कि 'इकरा कैंप' नामक व्यक्तित्व विकास कार्यशाला और उससे जुड़े साप्ताहिक 'कुरान सर्किल' के माध्यम से युवाओं की पहचान कर उन्हें कट्टरपंथ की ओर प्रेरित किया गया।

### यूक्रेन से रवाना वाणिज्यिक पोत पर हमले में चार भारतीयों की मौत, भारत ने रूस के प्रभारी राजदूत को किया तलब



नई दिल्ली। यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह से रवाना हुए वाणिज्यिक पोत एमवी गोल्डन लियो पर हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत के बाद भारत ने मंगलवार को रूस के प्रभारी राजदूत (चार्जे डी'अफेयर्स) व्लादिमीर लादानोव को विदेश मंत्रालय तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना और निर्दोष नागरिकों की जान जाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 19 जुलाई को एमवी गोल्डन लियो पर हुए हमले में चार भारतीय नागरिकों की मौत हुई। मंत्रालय ने रूस के प्रभारी राजदूत को भारत की गंभीर चिंता से अवगत कराते हुए कहा कि ऐसे हमले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं। उनसे भारत की इस चिंता से रूसी अधिकारियों को अवगत कराने का भी आग्रह किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों पर हमले और निर्दोष नागरिकों की मौत जैसी घटनाओं से हर हाल में बचा जाना चाहिए। भारत ने दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना सभी पक्षों की साझा जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि एमवी गोल्डन लियो रविवार को यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा से रवाना हुआ था।

# नीट में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

## प्रधानमंत्री मोदी की राजग सांसदों की बैठक 'मंगल मिलन' में घोषणा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेपर लीक की घटना सामने आते ही सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए कि छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो, परीक्षा दोबारा कराई गई और बिना किसी देरी के नतीजे घोषित कर दिए गए। यह घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को संसद भवन परिसर में सुबह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की 'मंगल मिलन' बैठक में कही। संसद के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित इस बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने भविष्य में पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े और प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों को सख्त सजा देने का भरोसा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पेपर लीक सिर्फ एक राज्य का मामला नहीं है। यह सिर्फ केंद्र का मामला नहीं है, हर एक राज्य में जहां-जहां पेपर लीक हो रहा है, जो लोग इस धंधे में लिप्त हैं, उनको सजा देने के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए।

# विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

एजेंसी। नई दिल्ली



संसद के मानसून सत्र का दूसरा दिन भी विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया। दोनों सदनों में मंगलवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक और अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा जारी रखा जिससे सदन की कार्यवाही कई बार बाधित होने के बाद बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही आज पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा जिसके कारण कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा की कार्यवाही दो बजे फिर शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने सदस्यों से सदन की मर्यादा बनाए रखने और अपने-अपने स्थान पर बैठने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियम 377 के तहत सदस्यों को जनहित के मुद्दे सदन के पटल पर रखने दिया जाए। इसके लिए करीब 20 मिनट का समय भी दिया गया। इसके बावजूद विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। पीठासीन अधिकारी ने कई बार शांति बनाए रखने और सदन चलने देने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा नहीं थमा। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही भी विपक्ष के हंगामे के कारण पहले 12 बजे तक और फिर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। कार्यवाही जब 02 बजे फिर शुरू हुई तो उपसभापति हरिवंश ने विपक्षी सदस्यों से कार्यसूची के अनुसार सदन चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सदन में चर्चा के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जाना चाहिए और जो सदस्य अपनी बात रखना चाहते हैं, वे क्रमवार बोलें। उन्होंने सभी सदस्यों से शोर-शराबा नहीं करने और सदन की कार्यवाही में सहयोग देने की अपील की। इसके बावजूद विपक्षी सदस्य नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में लगातार नारेबाजी करते रहे। हंगामा जारी रहने पर उपसभापति ने कार्यवाही शुरू होने के लगभग एक मिनट बाद ही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किसानों का दिल्ली कूच

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में एक तरफ जहाँ पेपर लीक के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के कारण माहौल गर्म है, वहीं दूसरी तरफ पंजाब से किसानों का बड़ा हुजूम दिल्ली की ओर रवाना हो चुका है। किसान भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते का कड़ा विरोध कर रहे हैं। हालांकि, दिल्ली पहुँचने से पहले ही हरियाणा पुलिस ने किसानों को पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने हरियाणा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सरकार किसानों को दिल्ली में महापंचायत करने से रोक रही है और दमनकारी नीति अपना रही है। किसानों के इस आंदोलन को देखते हुए पंजाब-हरियाणा सीमा और घग्गर नदी के पुलों पर पुलिस बल की भारी तैनाती कर दी गई है। देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले पंजाब के विभिन्न हिस्सों से बसों और अन्य वाहनों में सवार होकर निकले किसान दिल्ली स्थित किसान घाट पहुँचकर एक दिवसीय महापंचायत करना चाहते हैं। फतेहगढ़ साहिब से करीब एक हजार से अधिक किसानों का जत्था सरहिंद होते हुए शंभू बॉर्डर पहुँचा है। किसान नेताओं का कहना है कि शंभू बॉर्डर पर स्थिति का जायजा लेने और परस्पर बातचीत करने के बाद ही आगे के ठोस कदम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

## 8वां वेतन आयोग: फिटमेंट फैक्टर 2.0 का गणित, दोगुनी नहीं होगी पूरी सैलरी!

नई दिल्ली। 8वें वेतन आयोग के इंतजार में बैठे लाखों केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के मन में यह सवाल स्वाभाविक है कि उनकी सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी। अक्सर माना जाता है कि अगर सरकार 2.0 का फिटमेंट फैक्टर लागू करती है, तब कर्मचारियों की पूरी सैलरी दोगुनी हो जाएगी। हालांकि, यह धारणा पूरी तरह सही नहीं है। दरअसल, फिटमेंट फैक्टर केवल मूल वेतन (बेसिक सैलरी) पर लागू होता है, जबकि कर्मचारी के हाथ में आने वाली कुल सैलरी (ग्रॉस सैलरी) में कई तरह के भत्ते भी शामिल होते हैं। इसकारण बेसिक वेतन में भले ही 100 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाए, लेकिन ग्रॉस सैलरी में उतनी वृद्धि नहीं दिखती। केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी केवल मूल वेतन से नहीं बनती, बल्कि इसमें महंगाई भत्ता (डीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए), ट्रांसपोर्ट अलाउंस (टीपीटीए) और अन्य कई भत्ते शामिल होते हैं। जब नया वेतन आयोग लागू होता है, तब महंगाई भत्ता आमतौर पर नए बेसिक वेतन में समायोजित होकर शून्य से शुरू होता है। एचआरए नए बेसिक के आधार पर तय होता है, लेकिन कई अन्य भत्तों में तत्काल समान अनुपात में बढ़ोतरी नहीं होती, जिससे कुल सैलरी की वृद्धि सीमित रह जाती है। पिछले वेतन आयोगों का रिकॉर्ड भी इस बात की पुष्टि करता है। चौथे वेतन आयोग में ग्रॉस सैलरी में लगभग 27.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि पांचवें में यह 31 प्रतिशत रही।

# पूर्वी अफगानिस्तान में कुदरत का कहर भीषण बाढ़ से 20 लोगों की मौत

नई सोच एक्सप्रेस। काबुल

## 100 से अधिक लापता लोगों की तलाश जारी



भारतीय उपमहाद्वीप में इन दिनों भारी बारिश और बाढ़ का विकराल रूप देखने को मिल रहा है। भारत और चीन के कई हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के बीच अब पूर्वी अफगानिस्तान में आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। अफगान आपदा प्रबंधन अधिकारियों के अनुसार, इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 से अधिक लोग घायल हैं। इसके अलावा 100 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं। अफगानिस्तान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, प्राकृतिक आपदा का सबसे भयंकर प्रभाव पूर्वी प्रांत नूरिस्तान में पड़ा है। यहां पारून और आसपास के कई इलाकों में अचानक आई बाढ़ (फ्लैश फ्लड) ने भारी तबाही मचाई है। उफनती नदियों और पहाड़ों से आए पानी के तेज बहाव में सैकड़ों मकान ढह गए और बड़े पैमाने पर फसलें जलमग्न हो गईं। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों और वीडियो में मिट्टी के बने घरों को ताश के पत्तों की तरह ढहते और बेबस लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागते देखा जा सकता है। मौसम की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने देश के 34 में से 10 प्रांतों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मूसलाधार बारिश, गरज-चमक के साथ तेज हवाओं, धूल भरी आंधी और अचानक बाढ़ आने की चेतावनी दी है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे नदियों के तटों और संभावित जोखिम वाले संवेदनशील क्षेत्रों से दूर रहें।

# गाजियाबाद मालगाड़ी हादसा: अब तक 19 ट्रेनें रद्द, 90 से अधिक ट्रेनें प्रभावित

एजेंसी। नई दिल्ली



गाजियाबाद-नई दिल्ली रेलमार्ग पर मालगाड़ी के छह लदे हुए डिब्बे पटरी से उतरने की घटना के बाद उत्तर रेलवे का परिचालन अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो सका है। इस हादसे की वजह से अब तक 19 ट्रेनों को रद्द किया जा चुका है, जिनमें आठ डाउन और शेष 11 अप दिशा की ट्रेनें शामिल हैं। वहीं 90 से अधिक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। इनमें कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किए गए। कई ट्रेनों का आंशिक निरस्तीकरण, कई कोआंशिक प्रारंभ और आंशिक समापन तथा कई ट्रेनों को नियंत्रित संचालित किया जा रहा है। रेलवे की इंजीनियरिंग, परिचालन, सिग्नल एवं सुरक्षा टीमें युद्धस्तर पर बहाली कार्य में जुटी हुई हैं। उत्तर रेलवे के अनुसार, दुर्घटना के बाद राजधानी, दुरंतो, संपर्क क्रांति, अमृत भारत, गरीब रथ, वंदे भारत, जनशताब्दी, मेल-एक्सप्रेस तथा उपनगरीय ईएमयू और मेमू सेवाओं पर व्यापक असर पड़ा। सबसे अधिक प्रभावित दिल्ली-गाजियाबाद उपनगरीय खंड रहा, जहां दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अब तक रद्द की गई ट्रेनों में गाजियाबाद-दिल्ली ईएमयू (64437), गाजियाबाद-दिल्ली मेमू (64417), गाजियाबाद-नई दिल्ली ईएमयू (64423), गाजियाबाद-दिल्ली ईएमयू (64401), गाजियाबाद-नई दिल्ली लेडीज ईएमयू (64449), गाजियाबाद-शाहदरा ईएमयू (64031), दिल्ली-पानीपत मेमू (64531), पानीपत-दिल्ली मेमू (64536), गाजियाबाद-नई दिल्ली ईएमयू (64425) सहित अन्य सेवाएं शामिल हैं। साथ ही इंटरसिटी एक्सप्रेस (15303) को भी रद्द करने का निर्णय लिया गया। रेलवे सूत्रों के अनुसार कुल रद्द ट्रेनों की संख्या बढ़कर 19 हो चुकी है। रेलवे ने बताया कि इस दुर्घटना के कारण बड़ी संख्या में ट्रेनों का रास्ता बदलना पड़ा है। इनमें गोल्डन टेम्पल मेल (12904), छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (18238), महाबोधि एक्सप्रेस (12397), नंदा देवी एक्सप्रेस (12402), श्रमजीवी एक्सप्रेस (12391), बिहार संपर्क क्रांति (12565), वैशाली एक्सप्रेस (15565), श्रमशक्ति एक्सप्रेस (12451), लखनऊ मेल (12229), प्रयागराज एक्सप्रेस (12417), शिवगंगा सुपरफास्ट (12559), पूर्वा एक्सप्रेस (12303), हावड़ा-दिल्ली दुरंतो (12273) तथा अन्य ट्रेनों को शाहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली-नई दिल्ली मार्ग से संचालित किया गया।

## नीट पेपर लीक मामले पर कांग्रेस का प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरना, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग



नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को परीक्षा पत्रों के लीक होने और जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर प्रधानमंत्री आवास नजदीक धरना दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस सांसदों ने आरोप लगाया कि जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने कार्रवाई की, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

## आरएमएल अस्पताल में घायल युवाओं से मिले जेपी नड्डा, बेहतर इलाज के दिए निर्देश



नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा मंगलवार को अचानक कॉकरोच जनता पार्टी के संसद' मार्च के दौरान हुई झड़प और पुलिस कार्रवाई में घायल युवाओं का हाल जानने के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री ने घायल युवाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आरएमएल अस्पताल में डॉक्टरों के साथ बैठक की। उन्होंने डॉक्टरों की टीम से इलाज की जानकारी ली और सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद वे लेडी हार्डिंग अस्पताल भी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि जंतर-मंतर से संसद की ओर मार्च के दौरान हुई झड़प में कई छात्र घायल हुए थे, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आर एम एल अस्पताल में 65 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 82 घायलों का इलाज चल रहा है। इन अस्पतालों में घायलों से मिलने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता भी पहुंचने की खबर है।

संक्षिप्त समाचार

## बिहार में पेट्रोल 11 और डीजल 5 रुपये महंगा क्यों : सुनील

**पटना**। विधानमंडल के मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की ऊंची कीमतों का मुद्दा बिहार विधान परिषद में जोरदार तरीके से उठा। राजद के एमएलसी सुनील सिंह ने पड़ोसी राज्यों की तुलना में बिहार में महंगे ईंधन को लेकर सरकार से सवाल किया और इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताया। सुनील सिंह ने सदन में सवाल उठाया कि बिहार में पेट्रोल और डीजल की कीमतें पड़ोसी राज्यों की तुलना में इतनी अधिक क्यों हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पेट्रोल करीब 11 रुपये प्रति लीटर और डीजल करीब 5 रुपये प्रति लीटर तक महंगा है। एमएलसी ने आरोप लगाया कि महंगे पेट्रोल और डीजल के कारण बिहार की जनता पर हर महीने करोड़ों रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर महीने करीब 200 करोड़ रुपये बिहार की जनता की जेब से निकाले जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से ईंधन की कीमतों में राहत देने की मांग की। पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर सुनील सिंह की सदन में मंत्री के साथ तीखी बहस भी हुई। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जब पड़ोसी राज्यों में ईंधन की कीमतें कम हैं, तो बिहार में आम लोगों को महंगा पेट्रोल और डीजल क्यों खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे कम आय वाले राज्य में ईंधन की ऊंची कीमतों का सीधा असर आम लोगों पर पड़ता है। परिवहन महंगा होने से इसका प्रभाव रोजमर्रा की जरूरतों और वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ता है। पेट्रोल-डीजल के मुद्दे के बाद सुनील सिंह ने गांवों में लगाए जाने वाले होल्डिंग टैक्स को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों से अठन्नी-चवन्नी वसूलने के लिए गांवों तक पहुंचने की तैयारी कर रही है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने होल्डिंग टैक्स की वसूली से जुड़ी नियमावली को जनविरोधी और काला कानून बताया। सुनील सिंह ने कहा कि बिहार की करीब 76 प्रतिशत आबादी आज भी गांवों में रहती है और राज्य के लोगों की औसत प्रति व्यक्ति आय 76 हजार रुपये से कम है। उन्होंने कहा कि ऐसे राज्य में जहां करोड़ों लोग प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पर निर्भर हैं, वहां गरीब ग्रामीणों पर अतिरिक्त टैक्स लगाना जनविरोधी फैसला है।

### शिक्षा का भगवाकरण बंद करे सरकार : भाकपा

**पटना**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा का भगवाकरण कर रही है। राज्य के 531 मॉडल स्कूल का नाम ह्यह्यसरस्वती विद्या निकेतनह्लह्ल करना राज्य सरकार की ओछी मानसिकता को दर्शता है। बिहार में विद्यालयों का निर्माण सामाज के लोगों ने कराया है। जमीन दाता के पुरखों के नाम पर विद्यालय का नाम रखा गया है। राज्य सरकार पुरखों का नाम हटाकर आरएसएस द्वारा संचालित स्कूलों के नाम पर मॉडल स्कूलों का नामकरण सरस्वती विद्या निकेतन किया है जबकि विद्यालयों के निर्माण में आरएसएस की कोई भूमिका नहीं रही है। भाजपा सरकार पुरखों का अपमान कर रही है। साथ ही, बिहार के सभी करीब 80 हजार विद्यालयों का रंग रौगन भगवा रंग से करने का निर्णय लिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मॉडल स्कूल का नाम करण ह्यह्यसरस्वती विद्या निकेतनह्लह्ल करने के फैसले का कड़ा विरोध करती है और सरकार से अपना फैसला वापस लेने की मांग करती है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चैपट हो गई है। बिहार सरकार को मॉडल स्कूल के लिए शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। शैक्षणिक सत्र के करीब चार महीने बीत चुके हैं। इसके वाबजूद मॉडल स्कूल में शिक्षकों की तैनाती नहीं हो पाई है। स्कूल ड्रेस सरकार तय नहीं कर पाई है। बच्चों को पुस्तक नहीं मिल पाई है। पूरे बिहार में पठन-पाठन की व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सरकार ने बिना कोई तैयारी के 211 डिग्री कॉलेज का उदघाटन कर दिया है। पुराने विद्यालयों को ही मॉडल स्कूल और डिग्री कॉलेज घोषित कर दिया है। सिर्फ डेंटिंग पेंटिंग से कार्य नहीं चलेगा। मॉडल स्कूल और नए डिग्री कॉलेज में अवश्य सुविधा के साथ साथ शिक्षक का भी पदस्थान किया जाए। राज्य के विद्यालयों और महाविद्यालयों के भवनों को भगवा रंग से रंगने पर रोक लगाई जाए। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार में शिक्षा का भगवाकरण नहीं चलेगा। राज्य सरकार मॉडल स्कूलों का नाम सरस्वती विद्या निकेतन करने का फैसला वापस ले। जिस जमीन दाता के नाम पर विद्यालय है, उसी के नाम पर विद्यालय का नाम रहने दिया जाए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार की आम जनता और पार्टी इकाइयों से राज्य सरकार के शिक्षा का भगवाकरण करने के फैसले का विरोध करने का आह्वान करती है।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में बिहार विधान परिषद के बाहर विपक्ष का हंगामा

**पटना**।मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को विपक्षी सदस्यों ने नीट छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय जनता दल के विधान परिषद सदस्यों ने बिहार विधान परिषद के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि सरकार हिटलरशाही पर उतर आई है और छात्रों की आवाज को दबाने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान राजद नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा कि जिस तरीके से छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया, वह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कानून की धज्जियां उड़ा रही है और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों पर कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना करने को लेकर भी अब्दुल बारी सिद्दीकी ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर बिहार सरकार का विरोध करने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा तो सरकार मुकदमा कर सकती है। उन्होंने कहा कि इससे विपक्ष पीछे हटने वाला नहीं है और मुकदमे की धमकी से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बिहार में विपक्ष का यह प्रदर्शन ऐसे समय हुआ है, जब दिल्ली में उखढ (उड़्ऱ्इँ खंल्लल्ऱ् ढं१३८) के नेतृत्व में छात्रों का विरोध प्रदर्शन भी राजनीतिक मुद्दा बन गया है। परीक्षा संकट और छात्रों की मांगों को लेकर दिल्ली में चल रहे प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई और लाठीचार्ज के आरोपों ने विपक्ष को सरकार पर हमला करने का नया मुद्दा दे दिया है। इसी मामले को लेकर मंगलवार को संसद में भी हंगामा हुआ। विपक्ष ने छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई और परीक्षा संकट को लेकर सरकार से जवाब मांगा। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण कार्यवाही प्रभावित हुई और दोनों सदनों को दोपहर 12 बजे तक स्थगित करना पड़ा। अब बिहार विधान परिषद के बाहर नीट छात्रों के समर्थन में राजद का प्रदर्शन और दिल्ली में के प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई—दोनों मुद्दों ने छात्र आंदोलन को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच सियासी टकराव को और तेज कर दिया है। मानसून सत्र के दौरान विपक्ष ने साफ संकेत दिया है कि छात्रों से जुड़े कार्रवाई का मुद्दा सदन से सड़क तक उठाया जाएगा।

### सदाकत आश्रम में मना कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का 84 वां जन्मदिन

**पटना**।आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय ,सदाकत आश्रम, पटना में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का 84वां जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने बच्चों के साथ केक काटकर खरगे के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने मल्लिकार्जुन खरगे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी देश के संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर मजबूती से संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री खरगे जी का लंबा राजनीतिक अनुभव, सादगी और जनसेवा के प्रति समर्पण करोड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राजेश राम ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।इस अवसर पर कांग्रेस नेता असित नाथ तिवारी, पंकज यादव, शिशिर कौंडिल्य, इकरार रजा, जितेंद्र पासवान, चौधरी ब्रह्म प्रकाश सिंह, शालिग्राम शर्मा सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में नवचयनित 2,446 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऊर्जा ऑडिटोरियम, शास्त्रीनगर में आयोजित बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) अंतर्गत विभिन्न पदों पर 2446 नव चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल होकर नवचयनित 5 अभ्यार्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति केवल रोजगार प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वंचित परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का दायित्व भी है। आप सभी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ कार्य करें तथा अंतिम पायदान पर खड़े गरीब तबके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि जीविका महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना का आंदोलन है। वर्तमान में बिहार में 10,49,411 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ 81 लाख से अधिक महिलाएं जीविका से जुड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बन रही हैं। आज 30 लाख से अधिक लखपति दीदी बिहार में तैयार हुई हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की समृद्धि का मार्ग ग्रामीण परिवेश से ही प्रशस्त होगा। जीविका से जुड़ी महिलायें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक गरीब परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ें, जब गांव समृद्ध होंगे, महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी और गरीब सशक्त होंगे, तभी विकसित भारत एवं समृद्ध बिहार का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006-07 में बिहार की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी नगण्य थी, जबकि आज जीविका के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक योगदान बढ़कर लगभग 1 लाख 36 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। यह बिहार में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 से बढ़ाकर 1,100 रूपये प्रति माह की गई है। 1 करोड़ 70 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को पिछले एक वर्ष से 125 यूनिट निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 81 लाख महिलाओं के खातों में 10,000 रूपये की प्रथम किस्त भेजी जा चुकी है। ये सभी निर्णय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर हैं। मुझे विश्वास है कि आज नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण तथा गरीब परिवारों के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। समारोह को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने भी सम्बोधित किया।

## केंद्र सरकार पर बरसे मुकुल आनंद, शिल्पकार और अतिपिछड़े वर्ग से एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।भारतीय विश्वकर्मा महासंघ सह गणतांत्रिक समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए शिल्पकार, अतिपिछड़ा, मेहनतकश और कमजोर वर्ग के लोगों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में इन वर्गों के युवाओं को सम्मान और अवसर नहीं मिल रहे हैं तथा लगातार उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। मुकुल आनंद ने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की बात करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि शांतिपूर्ण आंदोलनों को भी दबाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने न्याय व्यवस्था, युवाओं और सामाजिक न्याय से जुड़े विभिन्न मुद्दों का उल्लेख करते हुए सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और शिक्षित युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। सरकार बड़े-बड़े वादे तो करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर युवाओं को अपेक्षित अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने लद्दाख में पर्यावरण और जनहित के मुद्दों को लेकर चल रहे आंदोलन का भी उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वालों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। मुकुल आनंद ने चेतावनी दी कि यदि कमजोर, शिल्पकार और अतिपिछड़े वर्गों को न्याय नहीं मिला तो उनका संगठन लोकतांत्रिक तरीके से सड़क से लेकर सदन तक व्यापक आंदोलन चलाएगा। उन्होंने कहा कि अब समाज के वंचित वर्ग अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर निर्णायक लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

## मुख्यमंत्री के समक्ष होटल अजातशत्रु विहार, राजगीर के संचालन हेतु Welcomhotel (ITC समूह) के बीच एम0ओ0यू0 पर हुआ हस्ताक्षर

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (बी०एस०टी०डी०सी०) के राजगीर अवस्थित होटल अजातशत्रु के संचालन हेतु लीजधारी एवं Welcomhotel (ITC समूह) के बीच एकरारनामा किया गया। यह समझौता बिहार में विश्वस्तरीय पर्यटन अवसंरचना के विकास तथा पर्यटकों को उच्च गुणवत्ता की आतिथ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर 'ITC समूह' के प्रबंध निदेशक अनिल चड्ढा एवं कलशी बिल्डकॉन के निदेशक सुमीत सिंह कलशी ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एम०ओ०यू० पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राजगीर, नालंदा, बोधगया तथा अन्य ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों पर बेहतर पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया गया है। प्रतिष्ठित आतिथ्य समूहों की सहभागिता से बिहार का पर्यटन क्षेत्र नई पहचान प्राप्त करेगा तथा देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि होटल अजातशत्रु का Welcomhotel (ITC समूह) के रूप में संचालन राजगीर को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त पहचान दिलाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगा।

» इस से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी- मुख्यमंत्री

## बांकीपुर उपचुनाव में बड़े अंतर से जीतेगी भाजपा : रणबीर नंदन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में इस क्षेत्र के वोटर इतने इन्टैक्ट है कि भाजपा उम्मीदवार बड़े अंतर यानि एक लाख से अधिक मतों से जीतेंगे। प्रो नंदन पटना नगर निगम के वार्ड 23 स्थित मोंटेंसरी गली बोरिंग रोड के सत्यम एपार्टमेंट में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रो नंदन ने कहा कि राजद के 15 साल के शासन में सबसे ज्यादा प्रताड़ित डॉक्टर हुए। डॉक्टर सिर्फ प्रताड़ित ही नहीं हुए बल्कि उनका सबसे अधिक फिरौती के लिए अपहरण हुआ। मतलब राजद के शासनकाल में मानव को जीवन प्रदान करने वाले डॉक्टर भी सुरक्षित नहीं थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां बूथ स्तर से जुड़े कार्यकर्ता को चुनाव में टिकट देकर उम्मीदवार बनाया जाता है यही भाजपा की पहचान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा को कोई पार्टी सही स्थान और पहचान दे सकती है वह पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति केन्द्र प्रमख प्रशांत चंदन, संचालन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन वरुण कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता हिमांशु चतुर्वेदी, डॉ संजय सहाय, धनंजय शर्मा, प्रदेश मंत्री सीमा झा, प्रफुल्ल रंजन वर्मा, मृत्युंजयकुमार, महेश कुमार, अनिल कुमार व विनय कुमार ने अपने विचारव्यक्त किए।

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय कार्यक्रम आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। ए. एन. कॉलेज, पटना के सत्येंद्र नारायण सिन्हा सभागार में स्नातक प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2026-2030) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय कार्यक्रम (कल्ल४ूइ्रङ्गल्ल टींइ) का आयोजन गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने सभी नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आज के इस कार्यक्रम के वास्तविक मुख्य अतिथि नवप्रवेशित विद्यार्थी ही हैं, क्योंकि उन्हीं के आगमन से महाविद्यालय का शैक्षणिक परिवेश और अधिक समृद्ध होता है। प्रो. अमृत ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वर्तमान युग में अंतरविषयी दृष्टिकोण पर आधारित शिक्षा की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञानार्जन के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों, मानवीय मूल्यों और नैतिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी संवेदनशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी और जागरूक नागरिक का निर्माण करना भी है। कार्यक्रम में प्रो. कलानाथ मिश्र ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की गरिमा, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने महाविद्यालय में 75 प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति तथा अनुशासित शैक्षणिक वातावरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन तथा अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया।

## पत्रकारों को रेलवे किराये में 50% रियायत बहाल करने की मांग विधान परिषद में उठी



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।बिहार विधान परिषद में मंगलवार को पत्रकारों को रेलवे किराये में 50 प्रतिशत रियायत की सुविधा पुनः बहाल करने का मुद्दा गैर-सरकारी संकल्प के माध्यम से उठाया गया। राजद सदस्य अशोक कुमार पांडे ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान मार्च 2020 में केंद्र सरकार ने यह सुविधा बंद कर दी थी, जो अब तक बहाल नहीं हुई है। सरकार की ओर से परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि राज्य सरकार इस मांग से सहमत है और पत्रकारों के लिए रेलवे रियायत सुविधा बहाल करने हेतु केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजेगी। प्रेस मेंस वेलफेयर एसोसिएशन ने इस पर संतोष जताते हुए कहा कि संगठन कई वर्षों से इस मांग को उठा रहा है। अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा, सचिव दयाशंकर तिवारी और संगठन सचिव बालकृष्ण ने कहा कि पत्रकारों के हित में रेलवे रियायत बहाल होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## तेजस्वी जैसा गैरजिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष बिहार में कभी नहीं हुआ : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार के लोकतांत्रिक इतिहास में उनके जैसा गैरजिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष कभी नहीं हुआ। संवैधानिक पदों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति तेजस्वी यादव की घोर उदासीनता लंबे समय से सवालों के घेरे में रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष पद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, लेकिन तेजस्वी यादव लगातार इस पद की गरिमा को ठेस पहुँचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब बिहार विधानसभा का महत्वपूर्ण मानसून सत्र चल रहा है, तब नेता प्रतिपक्ष का विदेश में छुट्टियाँ मनाना जनता के प्रति उनकी गैरजिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के प्रति उनके असम्मान को दशार्ता है। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी सदन के प्रति उनका असंवेदनशील और गैर-गंभीर रवैया कई अवसरों पर उजागर हो चुका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की जनता के बीच तेजस्वी यादव की पहचान अब एक ह्यह्यपार्ट-टाइमह्लह्ल और ह्यह्यनॉन-सीरियसह्लह्ल नेता के रूप में बन चुकी है। जनता यह समझ चुकी है कि जनसरोकारों से दूर-दूर तक उनका कोई नाता नहीं है। नेता प्रतिपक्ष के दायित्वों का निर्वहन करने में वे पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उनकी राजनीतिक निष्क्रियता, जनता के प्रति उदासीनता और संवैधानिक दायित्वों से लगातार दूरी ने राजद को तेजी से राजनीतिक रसातल की ओर धकेल दिया है।

## आपदा प्रबंधन केवल राहत एवं बचाव तक सीमित नहीं : राज्यपाल

नई सोच एक्सप्रेस

» राज्यपाल ने बाढ़ आपदा राहत सेमिनार में भाग लिया

**पटना**।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने दानापुर कैंटोनमेंट में आयोजित बाढ़ आपदा राहत विषयक सेमिनार में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रभावी आपदा प्रबंधन के लिए सिविल-मिलिट्री फ्यूजन, विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, संसाधनों की मैपिंग तथा जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज आपदा प्रबंधन केवल राहत एवं बचाव तक सीमित नहीं है, बल्कि पूर्व तैयारी, रोकथाम और समन्वित योजना पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। सिक्किम में हाल की सुरंग दुर्घटना तथा उत्तराखंड के सिलक्यारा सुरंग बचाव अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी चुनौती का सफल समाधान सभी एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों और उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग से ही संभव है। राज्यपाल ने भारतीय आपदा संसाधन नेटवर्क के अधिकाधिक उपयोग तथा संसाधनों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने ह्यआपदा मित्रह्ल की भूमिका की सराहना करते हुए बाढ़ प्रभावित जिलों में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और जिला प्रशासन की सहभागिता से नियमित संयुक्त अभ्यास आयोजित करने का सुझाव दिया, ताकि आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार, आपदा प्रबंधन एजेंसियों, सशस्त्र बलों और समाज के सामूहिक प्रयासों से बिहार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक सशक्त और सक्षम मॉडल के रूप में आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ द्वारा प्रदर्शित आपदा राहत एवं बचाव उपकरणों का अवलोकन किया और उनकी तैयारियों की जानकारी ली। सेमिनार को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदय कांत मिश्र ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बिहार एवं झारखंड सब एरिया के डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) ब्रिगेडियर अमित बेदी एवं अन्य सैन्य अधिकारीगण, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, पुलिस महानिरीक्षक सुरेंद्र राणा, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के अधिकारीगण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## पांचवें सक्षमता परीक्षा का परिणाा घोषित,4553 शिक्षक पास

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ त्यागराजन एसएम ने मंगलवार को को कक्षा 1-5, कक्षा 6-8, कक्षा 9-10 एवं कक्षा 11-12 में कार्यरत स्थानीय निकाय के शिक्षकों के लिए आयोजित पांचवें एवं अंतिम सक्षमता परीक्षा, 2026 का परीक्षाफल जारी किया गया। इस परीक्षा का परिणाम वेबसाईट पर उपलब्ध है, जिसे शिक्षक अभ्यर्थी अपने एप्लीकेशन नंबर को लॉग-इन आईडी के रूप में एवं जन्मतिथि पासवर्ड के रूप में अंकित कर देख सकते हैं। समिति की ओर से पांच जून से आठ जून 2026 तक पाँचवें सक्षमता परीक्षा, 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें 6,559 पुरूष शिक्षक अभ्यर्थी एवं 7,953 महिला शिक्षक अभ्यर्थी को मिलाकर कुल 14,512 शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इसमें 1,870 पुरूष शिक्षक अभ्यर्थी एवं 2,483 महिला शिक्षक अभ्यर्थी को मिलाकर कुल 4,353 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जिनका उत्तीर्णता प्रतिशत 30 प्रतिशत है। वर्गवार कक्षा 1-5 के 13,235 शिक्षक अभ्यर्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें 3,868 शिक्षक (29.23 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए हैं। वर्ग 6-8 के 781 शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 313 शिक्षक (40.08 प्रतिशत) सफल हुए हैं। कक्षा 9-10 के 367 शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 122 शिक्षक (33.24 प्रतिशत) उत्तीर्ण हुए हैं। वर्ग 11-12 के 129 शिक्षक परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 50 शिक्षक (38.76 प्रतिशत) सफल हुए हैं। इस प्रकार इस परीक्षा में शिक्षक अभ्यर्थियों का उत्तीर्णता प्रतिशत 30 प्रतिशत है। इस परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें भाग-1 (भाषा) में 30 प्रश्न, भाग-2 (सामान्य अध्ययन) में 40 प्रश्न एवं भाग-3 (संबंधित विषय) में 80 प्रश्न दिए गये थे। परीक्षा का आयोजन सीबीटी के माध्यम से किया गया, जिसके लिए कुल अवधि 2 घंटा 30 मिनट निर्धारित थी। प्रश्न पत्र राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना के द्वारा तैयार किया गया था। पाँचवें सक्षमता परीक्षा में वैसे शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे जो प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सक्षमता परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हुए या इन परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण हुए। इसके अलावा इस परीक्षा में वैसे शिक्षक अभ्यर्थी भी सम्मिलित हुए जिनके द्वारा सक्षमता परीक्षा, चतुर्थ का आवेदन भरा गया था, परन्तु किसी कारणवश उनका आवेदन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा अनुमोदन नहीं किया जा सका था। सक्षमता परीक्षा, 2026 (पंचम) का आयोजन पटना के बापू परीक्षा परिसर स्थित ऑनलाईन परीक्षा केन्द्र एवं शास्त्रीनगर स्थित आदर्श ऑनलाईन परीक्षा केन्द्र में किया गया था। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के आदेश के आलोक में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा स्थानीय निकाय के शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए 05 सक्षमता परीक्षाओं का आयोजन किया जाना था, जो पाँचवें सक्षमता परीक्षा के परीक्षाफल जारी होने के उपरांत आज पूर्ण हो गया है। इस प्रकार, पाँचों सक्षमता परीक्षाओं को मिलाकर कुल 2,71,133 शिक्षक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### पाटलिपुत्र-गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का वाराणसी मंडल के कठकुइयाँ स्टेशन पर ठहराव

**पटना**।यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 15079/15080 पाटलिपुत्र-गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का दिनांक 26.07.2026 से पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के कठकुइयाँ स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । दिनांक 26.07.2026 से गाड़ी सं. 15079 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस 21.21 बजे कठकुइयाँ स्टेशन पहुंचेगी और 21.23 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह 15080 गोरखपुर-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस 05.16 बजे कठकुइयाँ स्टेशन पहुँचेगी और 05.18 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

### नीतीश कुमार सांसद बनने के बाद राज्यसभा की कार्यवाही में पहली बार हुए शामिल

**पटना**।जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य श्री नीतीश कुमार सांसद बनने के बाद आज राज्यसभा की कार्यवाही में पहली बार सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंनेउपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न समसामयिक एवं संसदीय विषयों पर आत्मीय एवं सार्थक संवाद भी किये। इस अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा भी उपस्थित रहे।

### जनसंघ ही एकमात्र विकल्प है : भारतभूषण

**पटना**। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में अखिल भारतीय जनसंघ के प्रत्याशी जितेन्द्र दुबे के पक्ष में सघन जनसंपर्क करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य भारतभूषण पाण्डेय ने कहा कि सभी दलों के शासन को जनता देख चुकी है।केवल जनसंघ के कार्यकर्ता अपनी विचारधारा पर अडिग रहते हुए समाज की लगातार सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांकीपुर-पाटलिपुत्र अखण्ड भारतवर्ष की राजधानी रहा है।यहां से देश को नया संदेश जाना चाहिए। जनसंघ अध्यक्ष ने कहा कि प्रशांत किशोर सभी दलों का प्रचार कर चुके हैं और उनकी शिक्षा और सोच विकास को लेकर अन्य दलों से भिन्न नहीं है। आज विकास के नाम पर हर व्यक्ति का जीवन खतरनाक बीमारियों का शिकार हो गया है।जनतंत्र को धनतंत्र और अपराधतंत्र में बदल दिया गया है।भ्रष्टाचार, अवसरवाद और अयोग्यता को राजनीति का पर्याय बना दिया गया है। जनसंघ इस परिस्थिति को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। जनसंपर्क में प्रत्याशी जितेन्द्र दुबे के साथ भरत गोधानिया,जगदीश शास्त्री, अमरीश तिवारी, ए के पाण्डेय, कुलदीप पाण्डेय, चंदन सिंह राजावत, अरविंद श्रीवास्तव, मुकेश पटेल आदि प्रमुख लोगों ने भाग लिया।

### वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर पटना नगर निगम का प्रशिक्षण अभियान शुरू

**पटना**। मानसून के दौरान डेंगू, मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा छिड़काव कार्य में तैनात कर्मियों के लिए आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। नगर आयुक्त के निदेशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण अभियान के पहले दिन अजीमाबाद एवं पटना सिटी अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मियों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का संचालन मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट की तीन सदस्यीय विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। टीम में पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट तथा डिस्ट्रिक्ट वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल ऑफिसर शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा स्प्रे उपकरणों के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित संचालन, कीटनाशकों के उचित एवं प्रभावी उपयोग, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के पालन तथा वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फील्ड में कार्य करते समय अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं प्रभावी कार्यप्रणाली पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पटना नगर निगम मानसून के दौरान जलनिकासी कार्यों के साथ-साथ डेंगू, मलेरिया एवं अन्य वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रतिदिन दो पालियों में फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा छिड़काव का अभियान चला रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड में कार्यरत कर्मियों की दक्षता बढ़ाकर इन अभियानों को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाना है।नगर निगम द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आगामी दिनों में अन्य अंचलों के कर्मियों को भी चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण का अगला चरण 22 जुलाई को पाटलिपुत्र अंचल कार्यालय, 23 जुलाई को बांकीपुर अंचल कार्यालय, 24 जुलाई को कंकड़बाग अंचल कार्यालय तथा 25 जुलाई को नूतन राजधानी अंचल कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। पटना नगर निगम का यह विशेष प्रशिक्षण अभियान वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मियों की क्षमता सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी।

### शिवानी सिंह का नया बोलबम गीत तोहरे के मांगिला जानु हुआ रिलीज

**पटना**। सावन के पावन अवसर पर भोजपुरी संगीत जगत की लोकप्रिय गायिका शिवानी सिंह का नया बोलबम गीत तोहरे के मांगिला जानु रिलीज होते ही दर्शकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नेहा म्यूजिक वर्ल्ड के बैनर तले रिलीज इस गीत को श्रद्धालुओं और भोजपुरी संगीत प्रेमियों का भरपूर प्यार मिल रहा है। भगवान भोलेनाथ की भक्ति और सावन की आस्था से सराबोर इस गीत में प्रेम, विश्वास और भक्ति का सुंदर समावेश देखने को मिलता है। गीत के वीडियो में सोना सिंह और आनंद पांडेय की शानदार अदाकारी ने इसे और भी आकर्षक बना दिया है। रिलीज के बाद सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस गीत को लगातार सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। गीत को अपनी मधुर आवाज से सजाया है शिवानी सिंह ने, जबकि इसके बोल साजन सवारिया ने लिखे हैं। डिजिटल हेड विक्की यादव और संगीत सरविंद यादव ने दिया है जबकि निर्देशन सुनील निराला का है। इस गीत के निमार्ता रतनेश कुमार हैं। निमार्ता रतनेश कुमार ने कहा कि सावन के पावन महीने में भगवान शिव के भक्तों के लिए यह गीत विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह गीत पूरे सावन में श्रद्धालुओं की पहली पसंद बनेगा। उन्होंने गीत को भरपूर प्यार देने के लिए सभी दर्शकों और श्रोताओं का आभार भी व्यक्त किया। तोहरे के मांगिला जानु ने रिलीज के साथ ही भोजपुरी बोलबम गीतों की सूची में अपनी मजबूत पहचान बनानी शुरू कर दी है और इसके व्यूज एवं लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

### त्रिवेणी एक्सप्रेस का प्रयागराज मंडल के माण्डा रोड स्टेशन पर ठहराव

**पटना**।यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सिंगरौली/शक्तिनगर और टनकपुर के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 15073/74/75/76 त्रिवेणी एक्सप्रेस का उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के डीडीयू-प्रयागराज रेलखंड के मध्य स्थित माण्डा रोड स्टेशन पर तत्काल प्रभाव से 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है I गाड़ी सं. 15073 सिंगरौली-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस माण्डा रोड स्टेशन 23.13 बजे पहुँचकर 23.15 बजे बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । गाड़ी सं. 15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस माण्डा रोड स्टेशन 23.38 बजे पहुँचकर 23.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । गाड़ी सं. 15075 शक्तिनगर-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस माण्डा रोड स्टेशन 23.13 बजे पहुँचकर 23.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । गाड़ी सं. 15076 टनकपुर-शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस माण्डा रोड स्टेशन 23.38 बजे पहुँचकर 23.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# श्रावणी मेले का वीडियो बनाइए, तीन लाख रुपये तक का पुरस्कार पाइए

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।श्रावणी मेले की भक्ति, संस्कृति और रंग अब सोशल मीडिया के जरिए दुनिया तक पहुंचेंगे। पर्यटन विभाग ने 'श्रावणी मेला 2026ः इंफ्लुएंसर की नजर से' वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता की घोषणा की है। इस पहल के तहत रचनात्मक वीडियो तैयार करने वाले कंटेंट क्रिएटर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को 25 हजार से 3 लाख रुपये तक के आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पर्यटन विभाग के अनुसार प्रतियोगिता में फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब पर कुल मिलाकर न्यूनतम 25 हजार फॉलोअर्स वाले कंटेंट क्रिएटर्स और इंफ्लुएंसर्स भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमश तीन लाख, दो लाख और एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा चतुर्थ स्थान पर रहने वाले दो प्रतिभागियों को 50-50 हजार रुपये, जबकि पांच प्रतिभागियों को 25-25 हजार रुपये के प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विभाग की ओर से आयोजित होने वाला श्रावणी मेला 30 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को मुंगेर, बांका एवं भागलपुर स्थित कांवरिया पथ तथा श्रावणी मेले से जुड़े धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन स्थलों पर आधारित वीडियो अथवा रील तैयार करनी होगी। तैयार वीडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने के साथ विभागीय उपयोग के लिए भी उपलब्ध कराना होगा। पर्यटन विभाग ने वीडियो की अवधि न्यूनतम 30 सेकेंड और अधिकतम दो मिनट निर्धारित की है। गूगल फ्रॉम से प्राप्त वीडियो को निर्णायक मंडल द्वारा चेक किया जाएगा। चयनित वीडियो को विभागीय सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया जायेगा। पोस्ट के बाद 45 दिनों तक वीडियो के रीच, लाइक्स और शेयर की संख्या के आधार पर समीक्षा की जाएगी। एक्स यानी ट्विटर के मामले में रीट्वीट को शेयर माना जाएगा। सभी को जोड़कर जिसकी संख्या अधिक होगी उसे विजेता घोषित किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी पर्यटन विभाग की आधिकारिक ई-मेल आईडी dir-tourism-bih@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिभागियों को प्रथम सोमवारी यानी 03 अगस्त 2026 के बाद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो जारी करनी होगी। दूसरी सोमवारी यानी 10 अगस्त 2026 के बाद दो दिनों के भीतर यानी 13 अगस्त तक संबंधित वीडियो विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। वीडियो में किसी प्रकार की आपत्तिजनक, विवादित या थर्ड पार्टी अधिकारों का उल्लंघन करने वाली सामग्री नहीं होनी चाहिए। साथ ही वीडियो में लोगो, वॉटरमार्क या दूसरे पहचान चिह्न नहीं होना चाहिए। इस प्रतियोगिता के लिए किसी भी परिस्थिति में एआई का उपयोग स्वीकार्य नहीं होगा।

## टीपीएस कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। ठाकुर प्रसाद सिंह (टीपीएस) कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में 40 घंटे के 'भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेएस)' प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ कौटिल्य सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने की। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर विद्यार्थियों में ज्ञान, नैतिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 20 से 27 जुलाई तक चलने वाले इस सात दिवसीय पाठ्यक्रम में भारतीय दर्शन, विज्ञान, संस्कृति, शासन, पर्यावरण, योग और अर्थव्यवस्था सहित भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. रूपम, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजेस प्रो. कृष्णनंदन प्रसाद, शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. विजय सिन्हा, प्रो. शशि भूषण चौधरी, डॉ. विनय भूषण सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. मुकुंद कुमार ने किया।

# खम्मम में भारत के पहले इंटीग्रेटेड ऑयल पाम कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना/खम्मम**।गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने तेलंगाना के खम्मम में भारत के पहले इंटीग्रेटेड ऑयल पाम कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इस परियोजना में बीज एवं जेनेटिक्स, नर्सरी, आरएंडडी केंद्र, ऑयल पाम मिल और जल्द शुरू होने वाली अत्याधुनिक रिफाइनरी जैसी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्का मल्लू ने किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई मंत्री तथा गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह के चेयरपर्सन नादिर गोदरेज, गोदरेज एग्रोवेट की नामित चेयरपर्सन बर्जिस गोदरेज और एमडी एवं सीईओ सुनील कटारिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कंपनी के अनुसार, यह देश का पहला ऐसा एकीकृत ऑयल पाम कॉम्प्लेक्स है, जहां बीज से लेकर रिफाइनरी तक की पूरी वैल्यू चेन एक ही परिसर में विकसित की गई है। वर्तमान में मिल की क्षमता 30 टन प्रति घंटा है, जिसे भविष्य में 60 टन प्रति घंटा तक बढ़ाया जाएगा। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2030 तक तेलंगाना में ऑयल पाम का रोपण क्षेत्र 10,000 हेक्टेयर से बढ़ाकर 30,000 हेक्टेयर करना है। कॉम्प्लेक्स में किसानों के लिए एक 'समाधान केंद्र' भी स्थापित किया गया है, जहां उन्हें तकनीकी सलाह, कृषि इनपुट और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी का कहना है कि यह परियोजना किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ भारत की खाद्य तेल आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## 21 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का हुआ समापन

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर**।नाट्य संस्था 'सूत्रधार', खगौल द्वारा देवी स्थान, बड़ी खगौल सामुदायिक भवन में आयोजित 21 दिवसीय अभिनय नाट्य कार्यशाला में युवा कलाकारों की प्रतिभा निखरने लगी है। कार्यशाला निर्देशक नवाब आलम के नेतृत्व में प्रशिक्षु कलाकारों को प्रेरित कर उनकी प्रतिभा को तराशने का प्रयास किया जा रहा है। कलाकारों को शारीरिक गतिविधि, वाचिक और आगिक अभिनय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। थियेटर गेम, स्टोरी टेलिंग, उच्चारण, ध्वनि, मंच सज्जा और इंप्रोवाइजेशन के माध्यम से रंगकर्मियों की कल्पनाशक्ति को विकसित किया जा रहा है। वरिष्ठ रंगकर्मी मिथिलेश पांडे ने बताया के इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षु कलाकारों रंगमंच के सभी आयामों का ज्ञान देना है। इस प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में भिखारी ठाकुर द्वारा रचित कलजयी नाटक गबरघिचोर की तैयारी चल रही है जिसकी प्रस्तुति 26 जुलाई 2026 (रविवार) को संध्या 6 बजे, पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खगौल में निर्धारित है। कार्यशाला प्रभारी प्रो. प्रसिद्ध कुमार ने बताया कि यह वर्कशॉप नए ऊजार्वान रंगकर्मियों की कमी को पूरा करेगा जिससे कला-संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इस नाट्य अभिनय कार्यशाला में मुकेश कुमार, अखिलेश सिंह,

**» रंगमंच के विविध रंगों से अवगत हुए नवोदित रंगकर्मी**

अमन कुमार, सिंपी सिंह, कुंदन कुमार, आसिफ हसन, लवकुश कुमार, अभिजीत कुमार, भोला सिंह, राजीव रंजन त्रिपाठी, शशि भूषण शर्मा, सऊद आलम, हुस्ना फातिमा सक्रिय हैं।

# पोषण अनुसंधान को नई दिशा देगा एम्स पटना का 'नर्चर' प्रशिक्षण कार्यक्रम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।देश में कुपोषण से जुड़े मुद्दों पर वैज्ञानिक शोध को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एम्स पटना ने मंगलवार को 'नर्चर (न्यूट्रीशन रीसर्च कोर्स टू ट्रांसलेट एंड युटिलाइज रीसर्च) रीजनल ट्रेनिंग कैप्सूल, बिहार' का शुभारंभ किया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों को पोषण अनुसंधान की आधुनिक तकनीकों से प्रशिक्षित करना तथा साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा देना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 से 23 जुलाई, 2026 तक एम्स पटना के सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग द्वारा डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरपीसीएयू), पूसा, सेंट जॉन्स रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु तथा यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डीन (एकेडमिक्स) प्रो. (डॉ.) पूनम प्रसाद भदानी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, आरपीसीएयू की डीन प्रो. (डॉ.) उषा सिंह, सेंट जॉन्स रिसर्च इंस्टीट्यूट की प्रो. (डॉ.) रेबेका कुरियन राज, यूनिसेफ बिहार के न्यूट्रिशन स्पेशलिस्ट डॉ. अंतर्यामी दास, गेट्स फाउंडेशन इंडिया की न्यूट्रिशन लीड डॉ. रुचिका चुघ सचदेवा सहित देशभर से आए चिकित्सक, शोधकर्ता और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे। स्वागत संबोधन में एम्स पटना के सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष एवं डीन (रिसर्च) प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय ने कहा कि एनएफएचएस-6 के ताज़ा आंकड़ों में बच्चों के पोषण से जुड़े कई संकेतकों में सुधार दिखाई देता है, लेकिन कुपोषण अभी भी देश के सामने एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। अपने उद्घाटन संबोधन में प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि कुपोषण जैसी चुनौती का समाधान केवल स्वास्थ्य संस्थानों के प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए शोध संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, नीति निर्माताओं और विकास सहयोगियों के बीच मजबूत साझेदारी आवश्यक है। यूनिसेफ बिहार के न्यूट्रिशन स्पेशलिस्ट डॉ. अंतर्यामी दास ने कहा कि पोषण के क्षेत्र में बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए शोध, क्षमता निर्माण और विभिन्न संस्थानों के बीच सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पोषण अनुसंधान की कार्यप्रणाली, अध्ययन की रूपरेखा, डेटा विश्लेषण, वैज्ञानिक लेखन तथा शोध के निष्कर्षों को नीति निर्माण में उपयोग करने जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान जारी, एक दिन में पकड़े गए 3,393 बिना टिकट यात्री

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। 20 जुलाई 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर,हाजीपुर,बरौनी,बेगूसराय,मानसी,खगड़िया,नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले 3,393 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे 30,01,980 का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। जुलाई माह (20 जुलाई 2026 तक) में सोनपुर मंडल द्वारा कुल 41,948 मामलों का निपटारा करते हुए 3,67,12,484 का राजस्व अर्जित किया गया है। वहीं,विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक मंडल द्वारा कुल 2,67,031 मामलों में कार्रवाई करते हुए 19,17,57,846 /- का रेल राजस्व प्राप्त किया गया है।

## 4909 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को सड़क सुरक्षा पर प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।राज्यभर के ट्रैफिक पदाधिकारी,कर्मी को यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए परिवहन विभाग विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। अब तक कुल 4909 ट्रैफिक पुलिसकर्मी इस प्रशिक्षण से गुजर चुके हैं। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिलों को मिलाकर 80 पुलिसकर्मियों का एक बैच तैयार किया जाता है। इस दौरान उन्हें हिट एंड रन मामलों की जांच, यातायात नियमों का सख्ती से पालन, गुड सेमेरिटन लॉ, दुर्घटना स्थल पर प्राथमिक उपचार, ट्रैफिक मैनेजमेंट और रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाता है। अंतिम दिन कर्मियों की परीक्षा होती है और प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाता है। वर्ष 2019 में पुलिस मुख्यालय से अनुमति प्राप्त होने के बाद यातायात पुलिसकर्मियों को 6 दिनों का निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण औरंगाबाद स्थित आईडीटीआर (इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च) में दिया जाता था। अब प्रशिक्षण की अवधि को बढ़ाकर 14 दिन कर दिया गया है ताकि इन्हें विस्तृत जानकारी दी जा सके। परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी सड़कों पर कानून के सबसे महत्वपूर्ण अमलदार हैं। उन्हें नियमित रूप से अपडेटेड प्रशिक्षण देकर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में काम हो रहा है। गुड सेमेरिटन योजना के तहत दुर्घटना की स्थिति में पुलिसकर्मी मदद के तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बिहार में सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न कर लोगों के अनमोल जीवन को सुरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 25 और 26 जुलाई को पटना में सजेगा फैशन, लाइफस्टाइल और होम डेकोर का भव्य आयोजन द रक्षा बंधन एडिट

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।राजधानी पटना में आगामी 25 और 26 जुलाई 2026 को फैशन, लाइफस्टाइल और होम डेकोर का भव्य आयोजन द रक्षा बंधन एडिट आयोजित किया जाएगा। बुटिक्स ऑफ इंडिया एग्जीबिशन के तत्वावधान में यह दो दिवसीय प्रदर्शनी होटल मौर्या में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। प्रदर्शनी में देशभर के प्रसिद्ध डिजाइनर और ब्रांड अपनी नवीनतम फेस्टिव कलेक्शन एक ही छत के नीचे प्रस्तुत करेंगे। रक्षा बंधन के पर्व को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस प्रदर्शनी में फैशन, डिजाइनर परिधान, ज्वेलरी, होम डेकोर, लाइफस्टाइल उत्पाद, एक्सेसरीज और अन्य आकर्षक कलेक्शन प्रदर्शित किए जाएंगे। आगंतुकों को अपनी पसंद के उत्पादों को देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी के आयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि द रक्षा बंधन एडिट का उद्देश्य पटना के लोगों को देशभर के डिजाइनरों और ब्रांडों की नवीनतम फेस्टिव कलेक्शन से रूबरू कराना है। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन की खरीदारी के लिए यह प्रदर्शनी एक उपयुक्त मंच होगी, जहां विभिन्न शहरों के डिजाइनरों के विशेष कलेक्शन एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगे। दो दिवसीय यह प्रदर्शनी 25

**» होटल मौर्या में देशभर के डिजाइनरों की फेस्टिव कलेक्शन होगी प्रदर्शित**

और 26 जुलाई को होटल मौर्या, पटना में आयोजित होगी, जहां फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़े नवीनतम ट्रेंड्स का आकर्षक संगम देखने को मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गुणात्मक परंपरा अभियान से आशीर्वाद ने विश्वकर्मा महाराणा समुदाय को किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर**। पुरी रथ यात्रा से अपने लंबे जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए आशीर्वाद ने 'गुणात्मक परंपरा' अभियान की शुरुआत की है। यह पहल भगवान जगन्नाथ के पवित्र रथ का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की कारीगरी और सदियों पुरानी परंपरा को सम्मान देती है। अभियान शिल्पकला की विरासत और आशीर्वाद के 'क्वालिटी की गारंटी' के वादे को जोड़ता है। ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित इस अनुभव में रथ निर्माण की प्रक्रिया और रथ के पहिये तथा पारंपरिक पत्थर की चक्की के बीच प्रतीकात्मक संबंध को दर्शाया गया है। इस विशेष अनुभव का उद्घाटन ओड़िया अभिनेत्री एलिना सामंतराय की मौजूदगी में हुआ। आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन, स्टेपल्स बिजनेस यूनिट के चीफ एग्जीक्यूटिव अनुज रुस्तगी ने कहा कि यह पहल गुणवत्ता और परंपरा के प्रति समुदाय के समर्पण को सम्मान देने का प्रयास है।

### 39 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर दवा दी



**वैशाली**।राजापाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापाकर में प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एसपी उपाध्याय ने कहा कि शिविर में कुल 39 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर दवा दी गई। विभिन्न प्रकार के जांच किए गए।वही खाने के लिए विटामिन बी कंपलेक्स, आयरन एवं कैलशियम की गोलियां दी गई। कार्यक्रम में डॉक्टर शालिनी, डॉक्टर सतीश वर्मा ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में एएनएम पल्लवी कुमारी, एएनएम बॉबी कुमारी, एएनएम शांति कुमारी, एएनएम गुंजन कुमारी ने सहयोग प्रदान किया।चिकित्सकों ने महिलाओं को पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी ।वहीं सभी महिलाओं को चिकित्सकों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में लगने वाले महीने के तीन शिविर में आकर नियमित अपने स्वास्थ्य की जांच करावें इससे जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ होंगे।

### फुलवरिया में भीषण अगलगी, दो घर जलकर राख
### लाखों की संपत्ति का नुकसान

**मोतिहारी**।सुगौली प्रखंड के फुलवरिया पंचायत स्थित वृता टोला में मंगलवार को अचानक लगी आग ने दो परिवारों का आशियाना उजाड़ दिया। इस अगलगी की घटना में रहमान मियां,तबरेज आलम एवं एक महिला का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर, आवश्यक दस्तावेज सहित दैनिक उपयोग का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक घर से धुआं और आग की तेज लपटें उठने लगीं। आग देखते ही गृहस्वामी ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टी, मोटर पंप तथा अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। काफी देर की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, जिससे आग आसपास के अन्य घरों तक फैलने से बच गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है।घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी दी गई। अंचलाधिकारी (सीओ) कुंदन कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद सरकारी प्रावधानों के अनुसार अग्निपीड़ित परिवारों को राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।अगलगी की इस घटना से पीड़ित परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### जहानाबाद में बराबर थाना क्षेत्र के परसौना गांव निवासी की गोली मारकर हत्या

**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जमीनी विवाद में गयी बेटे के बाद 60 वर्षीय विजय यादव की गोली मारकर हत्या। 2025 में बड़े बेटे की हत्या के बाद अब पिता बने निशाना, परिजनों ने गवाही रोकने की साजिश का आरोप लगाया। जहानाबाद जिले के बराबर थाना क्षेत्र के डकरा मोड़ के समीप सोमवार की शाम जमीन विवाद ने एक बार फिर खूनी रूप ले लिया। परसौना गांव निवासी 60 वर्षीय विजय यादव की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी।



घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गयी। जबकि मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय यादव गेहूं पिसवाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाते हुए गर्दन में गोली मार दी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की सूचना पर बराबर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पुत्र ने आरोप लगाया कि परिवार का अपने ही गोतिया पक्ष के लोगों से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। इसी विवाद में 4 जनवरी 2025 को उनके बड़े भाई लोकनाथ यादव की भी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उस मामले में दर्ज प्राथमिकी वापस लेने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। परिजनों के अनुसार, हत्या के मुकदमे में अब तक दो गवाहों की गवाही हो चुकी है जबकि आगामी 6 तारीख को एक और गवाह की पेशी निर्धारित थी। उनका आरोप है कि मुकदमे को प्रभावित करने और गवाही रुकवाने की मंशा से इस हत्या को अंजाम दिया गया। घटना के समय विजय यादव के साथ उनका एक बेटा भी मौजूद था जो किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही बराबर थाना प्रभारी फूलचंद कुमार यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के.किरण कुमार ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिया है। पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। समाचार लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## सलेमपुर गांव में सखी सिलाई सेंटर बना महिलाओं की उम्मीद

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। रतनी प्रखंड की नारायणपुर पंचायत अंतर्गत सलेमपुर गांव में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है। यहां सखी सिलाई सेंटर द्वारा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां महिलाओं और युवतियों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। केंद्र की व्यवस्थापक रेखा देवी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सलवार-सूट सहित विभिन्न प्रकार के महिलाओं के परिधानों की सिलाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में केंद्र पर 15 सिलाई मशीनों के माध्यम से दो पालियों में प्रशिक्षण संचालित हो रहा है। पिछले दो महीनों में 140 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर सिलाई कार्य में दक्ष हो चुकी हैं जबकि प्रतिदिन करीब 120 महिलाएं प्रशिक्षण ले रही हैं। एक माह के प्रशिक्षण के बाद महिलाएं सिलाई का आवश्यक कौशल सीखकर रोजगार के लिए तैयार हो रही हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान का लक्ष्य 300 महिलाओं को प्रशिक्षित करना है। इसके बाद सलेमपुर में ही कपड़ा सिलाई उद्योग की स्थापना की जाएगी, जहां 50 सिलाई मशीनें लगाई जाएंगी। इस उद्योग में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपनी आजीविका अर्जित कर सकें। प्रशिक्षण ले रही रूबी देवी ने बताया कि वह गांव की बहू हैं और आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से सिलाई सीख रही हैं। वहीं प्रियंका कुमारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ किसी हुनर का होना आज के समय की जरूरत है। यहां मिल रहा प्रशिक्षण भविष्य में उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद करेगा। व्यवस्थापक रेखा देवी ने कहा कि उनका उद्देश्य नारायणपुर पंचायत की अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। जैसे-जैसे महिलाओं का पंजीकरण बढ़ेगा, उन्हें प्रशिक्षण देकर प्रस्तावित सिलाई उद्योग से जोड़ा जाएगा। उनका विश्वास है कि यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि पूरे पंचायत क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में विभिन्न समस्याओं का मौके पर निपटारा

नई सोच एक्सप्रेस



**वैशाली**।प्रखंड के बैकुंठपुर व भलुई पंचायत स्थित सामुदायिक भवन के परिसर में पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।। मुखिया मंजे लाल राय की अध्यक्षता में आयोजित सहयोग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अलख निरंजन उपस्थित हुए। आयोजित सहयोग शिविर में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे।जिसमें सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।वही शिविर में आंगनवाड़ी, राजस्व विभाग, आपूर्ति विभाग, आवास योजना, आरटीपीएस सहित सभी विभागों के शिविर लगाए गए। वहीं शिविर का निरीक्षण जिला श्रम परिवर्तन पदाधिकारी अलख निरंजन ने किया।शिविर में कल 28 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 15 आवेदनों का मौके पर निष्पादन किया गया।शेष तेरह आवेदन लंबित हैं। शिविर में मुखिया मंजेलाल राय, पूर्व जिला पार्षद आरती राय, उप मुखिया मनोज मिश्रा, कनीय विद्युत अभियंता विक्रम कुमार, पंचायत सचिव सदानंद कुमार, पीआरएस राकेश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक रामराज सिंह,केशनाथ राय वीर चंद्र पासवान, संतोष कुमार, बबलू कुमार, कुशेश्वर राम, विशाल कुमार उपस्थित हुए। वहीं भलुई पंचायत के पंचायत सरकार भवन के परिसर में पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।स्थानीय मुखिया उपेंद्र राय की अध्यक्षता में आयोजित सहयोग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीसी वैशाली तनुजा श्री उपस्थित हुईं।पंचायत सरकार भवन परिसर में आयोजित सहयोग शिविर में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे। शिविर में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए।जिसमें सात का मौके पर निष्पादन किया गया। 21 लंबित आवेदन है जिन्हें अगले शिविर में निष्पादित किया जाएगा। मौके पर उपस्थित मुखिया उपेंद्र राय, पीएचईडी विभाग के जेई अनामिका कुमारी, थानाध्यक्ष गौरीशंकर बैठा, पंचायत सचिव रामनरेश कुमार, पंचायत रोजगार सेवक मोहम्मद मोसिम, डीईओ राहुल कुमार आदि उपस्थित हुए।

## विद्यालय स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**वैशाली**।केसीआई विद्यालय के स्थापना के 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में मंगलवार को श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नव विकसित हाईटेक कार्यालय एवं स्मार्ट क्लास रूम का उदघाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विवेकानंद विद्यालय घोषवर के निर्देशक शिक्षाविद् संदीप कुमार सिंह, केसीआई विद्यालय के निदेशक सत्य प्रकाश सिंह, न्यूटन क्लासेस के निदेशक अमरनाथ चौहान एवं समाजसेवी गुड्डू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नई सुविधाओं का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथि संदीप कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का समावेश आवश्यक है।स्मार्ट क्लास और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और रुचि दोनों में वृद्धि होगी।उन्होंने विद्यालय परिवार को 15 वर्ष की सफल शैक्षणिक यात्रा के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निदेशक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि संस्थान की स्थापना से लेकर अब तक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। बदलते समय के अनुरूप आधुनिक शिक्षण व्यवस्था विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में भी छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सत्यनारायण भगवान की आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया. समारोह में विद्यालय की सचिव चंदा देवी , व्यवस्थापक राम नरेश सिंह, बजरंग प्रसाद सिंह, गुड्डू सिंह, भोलानाथ सिंह, मुन्ना सिंह, गुंजन सिंह, सुनील सिंह, रागिनी कुमारी, चंचला सिंह, शालिनी राय, जवाहर राय , लक्ष्य भारत , सच्चिदानंद , राम मनोहर सिंह सहित कई गणमान्य लोग, विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे.

## जहानाबाद की जागृति शिखा ने नीट परीक्षा में पायी सफलता

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। बंधुगंज की निवासी जागृति शिखा ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। जागृति की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों और रिश्तेदारों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जागृति शिखा ने इस वर्ष नीट परीक्षा में 17,559वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की है। उनका सपना एम्स में प्रवेश लेकर डॉक्टर बनने का था। हालांकि इस बार उन्हें एम्स में दाखिले के लिए अपेक्षित रैंक नहीं मिल सकी है। जागृति ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने प्रतिदिन लगभग छह घंटे नियमित सेल्फ स्टडी की। बेहतर तैयारी के लिए उन्होंने एक वर्ष तक कोटा में रहकर भी अध्ययन किया। उनका मानना है कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। परिजनों ने बताया कि पिछले प्रयास में जागृति के अंक इस बार से अधिक थे लेकिन इस वर्ष रैंकिंग व्यवस्था के आधार पर उन्हें मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलने की बेहतर संभावना है। परिवार को पूरा विश्वास है कि वह एक सफल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करेंगी। जागृति की इस उपलब्धि से बंधुगंज के साथ साथ जहानाबाद शहर के लोगों में भी खुशी का माहौल है। मोहल्ले के लोगों, शुभचिंतकों और परिचितों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी। सभी ने उनकी सफलता को जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## 11 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले का प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।भाकपा माले के बैनर तले सोमवार को पानापुर प्रखंड मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया। जिला कमेटी सदस्य सभापति राय एवं प्रखंड सचिव अनुज कुमार दास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक से जुलूस निकालकर प्रखंड कार्यालय तक मार्च किया और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक की घटनाओं तथा किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने नई शिक्षा नीति-2020 को वापस लेने, छात्रों के हितों की रक्षा करने तथा किसानों और मजदूरों के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। सभा को अनुज कुमार दास, नागेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र राय, तारकेश्वर कुशवाहा एवं रवीन्द्र महतो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को 11 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सभी पात्र गरीब परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने, भूमिहीनों को बासगीत पर्चा एवं पक्का आवास देने, मनरेगा के तहत 200 दिनों का रोजगार और 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित करने, किसानों का कर्ज माफ करने, सस्ती दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का समय पर भुगतान, बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने तथा दलित बस्तियों को मुख्य सड़क से जोड़ने सहित कई मांगें शामिल हैं।

## छपरा में भव्य होगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, विभिन्न प्रखंडों से जुटेंगी गोविंदा टोलियां

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति की बैठक आनंद मार्केट स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विगत वर्ष आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम संयोजक राहुल मेहता ने बताया कि इस वर्ष का मटकी फोड़ कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके लिए सारण जिले के विभिन्न प्रखंडों की गोविंदा टोलियों से संपर्क किया जा रहा है। सभी तैयारियां पूरी होने के बाद चयनित टोलियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी मथुरा से आए कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण होगी। इसके अलावा बच्चों के लिए भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाले सभी नन्हे-मुन्ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संस्कार भारती के राजेश चंद्र मिश्र, विश्व हिंदू परिषद के विभाग सह मंत्री धनंजय कुमार, लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, रंजीत जी, मुकेश शर्मा, समीर गुप्ता, मुकेश रजक, प्रेम कुमार तथा सोनू कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डीएम और एसपी ने एस.एस.कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय साइबर कार्यशाला में भाग लिया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक के.किरण कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में एस.एस.कॉलेज में एक दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम द्वारा छात्र छात्राओं एवं युवाओं को साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा, साइबर धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट तथा अन्य ऑनलाइन अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे विभिन्न तरीकों, जैसे डिजिटल अरेस्ट, व्यक्ति प्रतिरूपण ऑनलाइन बैंकिंग एवं यूपीआई फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया ठगी आदि से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा 112 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, इसलिये प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं के लिए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी परिस्थिति में ओटीपी, यूटीपी, यूपीआई, बैंक विवरण, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिये तथा सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक एवं सावधानी पूर्वक उपयोग करने की अपील किया है। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट एवं व्यक्ति प्रतिरूपण जैसे साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि कोई भी पुलिस, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग अथवा अन्य सरकारी एजेंसी किसी व्यक्ति को वीडियो कॉल या फोन पर डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर डराने, गोपनीयता बनाए रखने का दबाव डालने अथवा धनराशि स्थानांतरित करने के लिए कहे तो उसके झांसे में बिल्कुल न आयें। ऐसी स्थिति में तुरंत कॉल समाप्त कर 1930, 112 अथवा निकटतम साइबर थाना से संपर्क करने को कहा पुलिस अधीक्षक के.किरण कुमार ने भी सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी सूचना, फोटो, वीडियो अथवा संदेश को साझा जिम्मेदारी के साथ करने का अपील किया गया तथा अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी सोशल मीडिया अथवा किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करने का सुझाव दिया गया। कार्यशाला के दौरान नया सवेरा 3.0 अभियान के अंतर्गत छात्राओं एवं विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी जागरूक किया गया। साथ ही महिला थाना की टीम द्वारा मानव तस्करी की रोकथाम, महिला सुरक्षा एवं महिला उत्थान से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों, सहायता तंत्र एवं उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी से किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी, संदिग्ध कॉल, फर्जी लिंक अथवा ऑनलाइन ठगी की स्थिति में बिना विलंब राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा 112 अथवा निकटतम साइबर थाना को सूचना देने सुझाव दिया।

## नया बिजली कनेक्शन देने के नाम पर रिश्वत, विजिलेंस ने JE और तकनीशियन को किया गिरफ्तार




नई सोच एक्सप्रेस

**भागलपुर**।भागलपुर में विजिलेंस अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दोनों पर नया बिजली कनेक्शन चालू कराने के नाम पर चार हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। यह कार्रवाई तिलकामांझी चौक स्थित कचहरी बिजली उपकेंद्र में की गई। गिरफ्तार किए गए कर्मचारियों में कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार और तकनीशियन सौरभ कुमार शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बरारी थाना क्षेत्र के खंजरपुर निवासी संतोष कुमार ने नया बिजली कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया था। सभी सरकारी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद उनका कनेक्शन चालू नहीं किया जा रहा था। आरोप है कि दोनों कर्मचारियों ने कनेक्शन चालू करने के बदले चार हजार रुपये की रिश्वत मांगी।इसकी शिकायत संतोष कुमार ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से की। शिकायत के सत्यापन के बाद विजिलेंस की टीम ने जाल बिछाया और रिश्वत लेते समय दोनों कर्मचारियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मौके पर रिश्वत की राशि भी बरामद की गई।फिलहाल दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस कार्रवाई के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 22 जुलाई को चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेनें

**पटना।**बिहार पुलिस रेडियो एएसआई भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक 22.07.2026 को निम्नानुसार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी सं. 03201 दरभंगा-बरौनी परीक्षा स्पेशल - यह परीक्षा स्पेशल दरभंगा से 14.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 19.00 बजे बरौनी पहुंचेगी । यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन लहेरियासराय, समस्तीपुर के रास्ते चलायी जाएगी । गाड़ी सं. 03202 मुजफ्फरपुर-बेगुसराय परीक्षा स्पेशल - यह परीक्षा स्पेशल मुजफ्फरपुर से 14.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 20.00 बजे बेगुसराय पहुंचेगी । यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर, बरौनी के रास्ते चलायी जाएगी । गाड़ी सं. 03203 मुजफ्फरपुर-पाटलिपुत्र परीक्षा स्पेशल - यह परीक्षा स्पेशल मुजफ्फरपुर से 14.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 17.00 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी । यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन हाजीपुर, सोनपुर के रास्ते चलायी जाएगी । गाड़ी सं. 03204 बापूधाम मोतिहारी-सीवान परीक्षा स्पेशल - यह परीक्षा स्पेशल बापूधाम मोतिहारी से 14.00 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए 22.00 बजे सीवान पहुंचेगी । यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा के रास्ते चलायी जाएगी । अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि रेलवे की स्पेशल ट्रेनों का लाभ उठाएं।

### भागलपुर में फिर कोरोना की दस्तक, होमियोपैथी में है प्रतिरोधक दवा

**फतुहा।** लंबे समय बाद भागलपुर में एक बार फिर कोरोना संक्रमण की पुष्टि ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। इस वर्ष का पहला मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन सतर्क हो गया है। लालूचक मोहल्ले में किराये के मकान में अकेले रह रहे एक बीज व्यापारी की आरटी-पीसीआर जांच में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। उन्हें जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के प्राचार्य डॉ. संदीप लाल ने पूरे चिकित्सा तंत्र को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। इस घटना ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या कोरोना केवल एक पुरानी याद बनकर रह गया था, या हम समय से पहले ही लापरवाह हो गए? महामारी के दौरान जो सावधानियां अपनाई जाती थीं, वे अब लगभग समाप्त हो चुकी हैं। ऐसे में एक भी पुष्ट मामला प्रशासन और आम जनता दोनों के लिए चेतावनी है। होमियोपैथी चिकित्सक डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने लोगों से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उनके अनुसार होमियोपैथी में प्रतिरोधक दवा है। दवा का नाम आर्सेनिक एलबम 1 एम । यह दवा साल भर एक बार लेना है। दवा चिकित्सक की सलाह लेकर ही किसी भी दवा का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महामारी से लड़ाई केवल दवा से नहीं, बल्कि जागरूकता, स्वच्छता, मास्क, हाथों की सफाई तथा भीड़भाड़ से बचने जैसी आदतों से भी जीती जाती है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग को भी निगरानी, जांच और आवश्यक तैयारियों में कोई ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। कोरोना ने एक बार फिर दस्तक देकर याद दिला दिया है कि बीमारी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। सतर्कता ही सुरक्षा है, और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही किसी भी समाज के लिए भारी पड़ सकती है। दवा होमियोपैथी चिकित्सक के सलाह से ही इस्तेमाल करें।

### संघ की शताब्दीः सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की 100 वर्षों की यात्रा

**फतुहा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में उसके योगदान पर व्यापक चर्चा हो रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा संघ की तुलना पवित्र गंगा से करते हुए यह कहना कि संघ ने पिछले सौ वर्षों से निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा की है, केवल एक प्रशंसा नहीं, बल्कि उस संगठन की दीर्घकालीन सामाजिक भूमिका का उल्लेख है जिसने लाखों स्वयंसेवकों के माध्यम से सेवा, संस्कार और संगठन की परंपरा को आगे बढ़ाया। राजनीति के शोर-शराबे से अलग संघ ने अपनी पहचान सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के आधार पर बनाई। प्राकृतिक आपदाओं से लेकर महामारी, बाढ़, भूकंप और सामाजिक संकट के समय स्वयंसेवकों ने बिना किसी भेदभाव के राहत कार्यों में भाग लिया। शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में संघ से प्रेरित अनेक संगठन लगातार कार्य कर रहे हैं। संघ का मूल उद्देश्य समाज को संगठित करना और राष्ट्र को मजबूत बनाना रहा है। समर्थक इसे भारत की सांस्कृतिक चेतना का वाहक मानते हैं, जबकि आलोचक इसके विचारों पर प्रश्न उठाते रहे हैं। लोकतंत्र में विचारों का मतभेद स्वाभाविक है, किंतु किसी भी संगठन का मूल्यांकन उसके कार्यों, योगदान और समाज पर पड़े प्रभाव के आधार पर होना चाहिए। संघ की शताब्दी केवल एक संगठन की उपलब्धि का अवसर नहीं, बल्कि इस बात पर भी विचार करने का समय है कि राष्ट्र निर्माण में सामाजिक संगठनों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। जब समाज संगठित, जागरूक और सेवा के लिए समर्पित होता है, तब लोकतंत्र भी अधिक मजबूत बनता है। आने वाले समय में संघ के सामने नई पीढ़ी को राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता, तकनीकी बदलाव, पर्यावरण संरक्षण और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने जैसी चुनौतियाँ होंगी। यदि वह सेवा, अनुशासन और जनकल्याण की अपनी परंपरा को और व्यापक बनाता है, तो उसका योगदान भविष्य में भी चर्चा का विषय रहेगा। 100 वर्षों की यह यात्रा सेवा, समर्पण और संगठन की एक महत्वपूर्ण गाथा है, जिसका मूल्यांकन इतिहास, समाज और समय मिलकर करेंगे।

### लिव-इन रिलेशनशिप विवाद में चाचा व भतीजी को गोली मारने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र स्थित विजय नगर में लिव-इन रिलेशनशिप विवाद के चलते चाचा व भतीजी की गोली मारकर जख्मी कर देने के मामले पुलिस आरोपी पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी सिंह कॉलोनी, गांगी थाना टाउन, जिला भोजपुर का रहने वाला राहुल कुमार उर्फ गब्बर है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि लड़की को लेकर आपसी विवाद में दो व्यक्ति बीच मारपीट एवं गोली फायरिंग की घटना घटित हुयी थी। इसमें विनायक सिंह व मुस्कान कुमारी जख्मी हो गई थी। इस संदर्भ में दोनो जख्मी व्यक्ति के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। थानाध्यक्ष रूपसपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते अभियुक्त राहुल कुमार उर्फ गब्बर, लको गिरफ्तार किया गया तथा इनके निशानदेही पर उक्त अभियुक्त के घर से एक पिस्टल, खोखा, पिलेट, पिस्टल जैसा लाईटर बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों जख्मी का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। वह खतरे से बाहर है। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बिसुनपुरवा में तटबंध क्षतिग्रस्त, हालात का जायजा लेने पहुंचे डीएम-एसपी

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।** लगातार हो रही बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर ने सुगौली प्रखंड के मिसरपुरवा क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है। तटबंध के एक हिस्से के क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त तटबंध, आसपास के गांवों और जल प्रवाह की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कार्य तेज करने तथा संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की भी समीक्षा की। संबंधित विभागों को आवश्यक मशीनरी, संसाधन और राहत दल हर समय तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। साथ ही कटाव प्रभावित इलाकों पर विशेष नजर रखने और जलस्तर में होने वाले बदलाव की लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने तटबंध को स्थायी रूप से मजबूत करने की मांग रखते हुए जल्द प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता बताई। इस पर प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा।इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरण, पुलिस उपाधीक्षक मुन्ना कुमार, थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे। लगातार हो रही बारिश और बढ़ते जलस्तर के बीच प्रशासन की सक्रियता से राहत कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। अब स्थानीय लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि तटबंध की मरम्मत और सुरक्षा संबंधी कार्य कितनी शीघ्रता से पूरे किए जाते हैं, ताकि संभावित बाढ़ के खतरे को समय रहते टाला जा सके।

## ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और संकल्प का प्रतीक हैः राज्यपाल सैयद अता हसनैन

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** बिहार रेजीमेंट सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर देश के पहले 'सिंदूर पार्क' का उद्घाटन राज्यपाल सह सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और झारखंड-बिहार सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल जितेंद्र सिंह ने सिंदूर के पौधे लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुल 350 सिंदूर के पौधे लगाए गए।इस मौके पर राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की बहनों का सिंदूर तो वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन उनके सम्मान और बलिदान का बदला अवश्य लिया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर देश में पहली बार सिंदूर पार्क की स्थापना की गई है। यह पार्क वीरता, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का एक अनूठा प्रतीक बनेगा। मेजर जनरल जितेंद्र सिंह ने कहा कि सैनिक चौक के पास विकसित किया जा रहा यह सिंदूर पार्क सेना के गौरवशाली इतिहास और ऑपरेशन सिंदूर की स्मृतियों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में भागलपुर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति डॉ. डीआर सिंह और वैज्ञानिकों की टीम भी मौजूद रही। बताया गया कि बीएयू, सबौर के सिंदूर पार्क की तर्ज पर विकसित हो रहा यह पार्क ऑपरेशन सिंदूर की गौरवगाथा को जीवंत रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूत करेगा।

## आईआईएम बोधगया ने रचा नया इतिहास, मिली एएसीएसबी की वैश्विक मान्यता

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी।**भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बोधगया ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एएसीएसबी इंटरनेशनल की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर ली है। इस उपलब्धि के साथ आईआईएम बोधगया देश के 22 भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) में एएसीएसबी मान्यता प्राप्त करने वाला छठा आईआईएम बन गया है। साथ ही संस्थान ने विश्व के शीर्ष 6 प्रतिशत बिजनेस स्कूलों की विशिष्ट श्रेणी में अपनी जगह बना ली है।ज्ञान और बोध की वैश्विक धरा बोधगया में स्थित आईआईएम बोधगया वर्तमान में 1,700 से अधिक विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा प्रदान कर रहा है। संस्थान में फ्लैगशिप एमबीए, एमबीए इन डिजिटल बिजनेस एंड एआई, एमबीए इन हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट, पाँच वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आईपीएम), पीएचडी तथा एग्जीक्यूटिव एमबीए जैसे पूर्णतः आवासीय कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसकी विशेष पहचान शिक्षा में माइंडफुलनेस आधारित नेतृत्व विकास को शामिल करने के कारण भी है जिससे विद्यार्थियों में नैतिकता सामाजिक उत्तरदायित्व और भावनात्मक परिपक्वता का विकास किया जाता है।वर्ष 1916 में स्थापित एएसीएसबी इंटरनेशनल दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित बिजनेस एजुकेशन नेटवर्क माना जाता है। इसकी मान्यता को बिजनेस शिक्षा में गुणवत्ता का सर्वोच्च वैश्विक मानक माना जाता है। आईआईएम बोधगया की यह सफलता कठोर गुणवत्ता मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद मिली। इसकी शुरुआत अगस्त 2025 में एएसीएसबी साउथ एशिया के प्रमुख प्रताप दास के संस्थान दौरे से हुई थी जबकि मार्च 2026 में पीयर रिव्यू टीम के अंतिम मूल्यांकन के बाद संस्थान को यह प्रतिष्ठित मान्यता प्रदान की गई।इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्थान की निदेशक प्रो. (डॉ.) विनिता एस. सहाय ने कहा कि एएसीएसबी मान्यता संस्थान की उत्कृष्टता पारदर्शी शैक्षणिक प्रक्रियाओं और वैश्विक गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह सफलता बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की दूरदर्शिता संकाय सदस्यों कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।एएसीएसबी मान्यता मिलने के बाद आईआईएम बोधगया की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी। इससे संस्थान को अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग ड्यूल डिग्री कार्यक्रमों तथा पाँच महाद्वीपों के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ स्टूडेंट एक्सचेंज साझेदारियों के विस्तार में नई गति मिलेगी। यह उपलब्धि न केवल आईआईएम बोधगया बल्कि बिहार और देश के उच्च शिक्षा जगत के लिए भी गर्व का विषय मानी जा रही

## जनता के द्वार पहुंचा प्रशासन, सहयोग शिविर में 30 दिन में समाधान की गारंटी

नई सोच एक्सप्रेस




**गयाजी।** गया जिले के वजीरगंज प्रखंड की पातेड मंगरावा पंचायत में मंगलवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सबका सम्मान जीवन आसान अभियान के तहत 'सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं रखीं वहीं कई लाभुकों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले की सभी पंचायतों में प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए 'सहयोग पोर्टल' और हेल्पलाइन नंबर 1100 शुरू किया है जहां ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का 30 दिनों के भीतर हर हाल में निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि सहयोग पोर्टल एवं शिविरों के माध्यम से जिले में अब तक 22 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 20 हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शिविर की अगली तिथि पर संबंधित आवेदकों को निष्पादन रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाएगी।इस दौरान लाभुकों को बासगीत पर्चा राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना की स्वीकृति मनरेगा जॉब कार्ड तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रोत्साहन राशि से संबंधित सांकेतिक प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।वही पातेड मंगरावा पंचायत के मुखिया ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं को सहयोग शिविर में रखें। सरकार ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन देने पर अधिकतम 30 दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## डिजिटल सुरक्षा की पाठशाला बनीं शैक्षणिक संस्थाएं, गया पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक

नई सोच एक्सप्रेस



**गया।**वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निर्देश पर साइबर थाना की टीम ने जिले के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत कर सुरक्षित डिजिटल वातावरण का निर्माण करना है।अभियान के दौरान साइबर थाना के थानाध्यक्ष एवं पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने फर्जी कॉल, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी और बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग तथा अन्य साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनसे बचाव के प्रभावी उपाय बताए।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों को लालच, डर या झांसे में लेकर उनकी गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास करते हैं। इसलिए किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम, यूपीआई पिन या अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें।इस दौरान विद्यार्थियों से सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने, सोशल मीडिया पर सतर्क रहने तथा संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो वह बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें याwww.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं।पुलिस का कहना है कि इस तरह के जागरूकता अभियान आगे भी जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जारी रहेंगे, ताकि युवाओं और आम नागरिकों को साइबर अपराधियों के जाल से बचाया जा सके तथा डिजिटल सुरक्षा के प्रति व्यापक जनजागरूकता विकसित हो।

## हेलेन ने साझा किया आशा भोसले के साथ अपने अटूट रिश्ते का खूबसूरत किस्सा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 5 के 'रेट्रो क्वींस का जश्न', जो इंडिया वाला डांस का उत्सव मना रहा है, में दिग्गज अभिनेत्री और डांस आइकॉन हेलेन ने मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले के साथ अपनी अमिट कलात्मक साझेदारी और गहरे व्यक्तिगत रिश्ते को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे आशा भोसले की आवाज़ उनकी ऑन-स्क्रीन पहचान का अभिन्न हिस्सा बन गई थी। हेलेन ने यह भी कहा कि वह आशा जी के बारे में पूरी ज़िंदगी बात कर सकती हैं। आर. डी. बर्मन जैसे महान संगीतकारों द्वारा रचित 250 से अधिक सुपरहिट गीतों की अपनी शानदार विरासत को याद करते हुए हेलेन ने बताया कि जब भी कोई गीत उनके लिए रिकॉर्ड किया जाता था, आशा भोसले उसमें अपना विशेष जादू और जुनून भर देती थीं। "आशा जी मेरी सबसे पसंदीदा थीं। उन्होंने मुझे अपनी आवाज़ दी और उसी वजह से मैंने फिल्म इंडस्ट्री में इतिहास रचा। मैंने आशा जी के साथ 250 से भी ज़्यादा गाने किए हैं। वह हमेशा प्रोड्यूसर-डायरेक्टर से पूछती थीं, 'ये गाना कौन करने वाला है?' और जब उन्हें बताया जाता था, 'हेलेन', तब वह उस गाने में एक अलग ही जोश और जान डाल देती थीं।"

## विदेश में भी गूंजेगा मानव सेवा का संदेश, कुलदीप सिंह राठौड़ बने इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर

नई सोच एक्सप्रेस

**गया जी।**मानव सेवा और स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप सिंह राठौड़ 'हुकुम' को इंटरनेशनल ह्यूमन सर्विस कमेटी (ब्लड डोनर ऑर्गेनाइजेशन) का इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। संगठन ने उनके सामाजिक योगदान और वैश्विक स्तर पर सक्रिय कार्यों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।संगठन के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट राजेश खोईवाल ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि कुलदीप सिंह राठौड़ वर्षों से मानव सेवा,सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता के कार्यों में समर्पित भाव से जुड़े हैं। वर्तमान में वे नॉर्वे (स्कैंडिनेविया) और न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भी सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय मानव सेवा की भावना को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके अनुभव और सेवा-भाव को देखते हुए उन्हें संगठन का वैश्विक चेहरा बनाया गया है।नियुक्ति के बाद कुलदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे दुनिया के विभिन्न देशों में संगठन के उद्देश्यों का प्रभावी प्रचार-प्रसार करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान एवं मानव सेवा के अभियान से जोड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि "रक्तदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने के लिए आगे आना चाहिए।संगठन के अनुसार, इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर के रूप में



कुलदीप सिंह राठौड़ विभिन्न देशों में रक्तदान, सामाजिक कल्याण जनजागरूकता और मानवीय मूल्यों के प्रसार के साथ संगठन की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेंगे।उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व और सक्रिय सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान तथा मानव सेवा का अभियान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

## 'सबका सम्मान, सबका काम आसान' अभियान के तहत तीन पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस




**मोतिहारी।**बिहार सरकार के "सबका सम्मान, सबका काम आसान" अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सुगौली प्रखंड की दक्षिणी सुगाव, फुलवरिया एवं भटहा पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक सहज और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना था। तीनों पंचायतों में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। शिविर में प्राप्त आवेदनों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास, राशन कार्ड, भूमि विवाद, प्रमाण पत्र, पेयजल, बिजली तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामले शामिल रहे। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंप दिया गया, ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरण ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़े दर्जनों आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता प्रत्येक आवेदक की समस्या का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि आम जनता को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।शिविर में दक्षिणी सुगाव के मुखिया प्रभाकर मिश्रा, फुलवरिया पंचायत के मुखिया अवधेश कुशवाहा, भटहा पंचायत की मुखिया

» दर्जनों आवेदनों का हुआ निष्पादन, शेष मामलों के त्वरित समाधान का भरोसा

राजू देवी, भटहा पंचायत के पूर्व मुखिया एवं प्रखंड मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण सिंह उर्फ चुनचुन सिंह, थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, राजस्व पदाधिकारी राधेश्याम प्रसाद, अरविंद कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रशासन का प्रभावी प्रयास बताया।

# गंभीर कमियां उजागर

**संक्षेप देखकर ठहर जाएं, तो मालूम होगा कि श्रम बल में भागीदारी बढ़ी है और बेरोजगारी दर घटी है। लेकिन बारीकी में जाएं, तो सकारात्मक कथानक में मौजूद कई गंभीर कमियां उजागर होने लगती हैं। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में रोजगार की स्थिति पर राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एनएसओ) की ताजा रिपोर्ट चमकती हेडलाइन के लिए मसाला तो देती है, लेकिन उसके अंदर उतरते ही कड़वी हकीकतों से सामना होने लगता है। सिर्फ सार-संक्षेप देखकर ठहर जाएं, तो मालूम होगा कि श्रम बल में महिलाओं सहित कामकाजी उम्र के सभी व्यक्तियों की भागीदारी बढ़ी है और बेरोजगारी दर घटी है। लेकिन बारीकी में जाएं, तो सकारात्मक कथानक में मौजूद कई गंभीर कमियां जाहिर होने लगती हैं। मसलन, यह उत्साह से बताया गया है कि बड़े शहरों में 55 फीसदी से अधिक श्रमिक अब नियमित वेतनभोगी हैं। मगर रिपोर्ट में यह तथ्य भी मौजूद है कि इनमें बहुत बड़ा हिस्सा वैसी नियमित नौकरियों का है, जिनमें पीएफ, पेंशन, सवैतनिक अवकाश, या स्वास्थ्य बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षाएं नहीं मिलतीं। गिग कर्मियों की बढ़ती संख्या को रोजगार वृद्धि बताया गया है, जबकि ऐसे कर्मियों को किसी तरह के श्रम अधिकार या जॉब सिक्योरिटी हासिल नहीं हैं।**

**महिला श्रम बल भागीदारी बढ़ कर 27.2 फीसदी होने का दावा भी विवादास्पद है, क्योंकि खुद रिपोर्ट मानती है कि कामकाजी महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा आज भी कम या शून्य वेतन वाले घरेलू कार्यों या असंगठित मैन्युफैक्चरिंग में लगा हुआ है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में काफी कम वेतन मिलता है, यह स्वीकार किया गया है। बेरोजगारी दर गिर कर 4.9 प्रतिशत रह जाने की बात कही गई है, लेकिन अर्ध-रोजगार या योग्यता से कम दर्जे का काम मिलने के व्यापक चलन पर रिपोर्ट चुप है। दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत यह है कि लाखों पोस्ट-ग्रेजुएट और इंजीनियरिंग डिग्री धारक युवा फिलहाल महानगरों में क्लर्क, डिलीवरी बॉय या डेटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी करने को मजबूर हैं। फिर याद रखना चाहिए कि ये रिपोर्ट मिलियन-प्लस शहरों के बारे में है। छोटे शहरों और ग्रामीण भारत की कहानी इसमें शामिल नहीं है, जहां महानगरों की तुलना में काफी कम कमाई होती है। तो एक बार फिर वही कहानी है। रोजगार के मोर्चे पर नीतिगत विफलता को छिपाने के लिए एक रिपोर्ट को इस इस तरह लिखा गया है, जिससे लोग 'फील-गुडÓ महसूस करें।**

# आंदोलन, वैचारिक बहस और मूल मुद्दे से भटकने का सवाल



आरती कुमारी

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनआंदोलन किसी भी समाज की जीवंतता का महत्वपूर्ण संकेत माने जाते हैं। जब युवा शिक्षा, रोजगार, परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता या भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर आवाज़ उठाते हैं तो स्वाभाविक रूप से समाज का व्यापक समर्थन उन्हें मिलता है। हाल के दिनों में "कॉकरोच जनता पार्टी" के बैनर तले चला लगभग 20 दिनों का अनशन भी इसी उम्मीद के साथ शुरू हुआ था। इसका घोषित उद्देश्य पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं और युवाओं के भविष्य से जुड़े गंभीर प्रश्नों को राष्ट्रीय बहस का विषय बनाना था। लेकिन समय बीतने के साथ यह आंदोलन अपने मूल मुद्दे से हटकर वैचारिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विवादों के कारण अधिक चर्चा में आ गया। परिणामस्वरूप, परीक्षा सुधार और युवाओं के हित जैसे विषय पीछे छूटते दिखाई दिए। शुरुआत में इस आंदोलन ने बड़ी संख्या में छात्रों और अभ्यर्थियों का ध्यान आकर्षित किया। हाल के वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने और भर्ती प्रक्रियाओं में देरी ने लाखों युवाओं को प्रभावित किया है। इसलिए यह स्वाभाविक था कि इस विषय पर उठने वाली किसी भी आवाज़ को व्यापक समर्थन मिले। किंतु किसी भी आंदोलन की विश्वसनीयता केवल उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके नेतृत्व, कार्यशैली, मंच और संदेश से भी तय होती है। अभियान के प्रमुख चेहरे अभिजीत दीपके को बोस्टन विश्वविद्यालय से शिक्षित बताया जाता है। सार्वजनिक जानकारी के अनुसार वे प्रारंभिक दौर में आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम से भी जुड़े रहे हैं। 6 जून को दिल्ली में आयोजित विरोध-प्रदर्शन के दौरान भीषण गर्मी के कारण कार्यक्रम समय से पहले छोड़ने की घटना को लेकर उनकी आलोचना हुई। इसके बाद देश के विभिन्न शहरों में आयोजित विरोध-प्रदर्शनों में अपेक्षित जनसमर्थन नहीं मिलने, प्रशासनिक अनुमति, संगठनात्मक तैयारी और नेतृत्व क्षमता को लेकर भी सवाल उठाए गए। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि यह अभियान सोशल मीडिया की लोकप्रियता पर अधिक आधारित दिखाई दिया, जबकि जमीनी जनसंगठन और दीर्घकालिक आंदोलन चलाने का अनुभव अपेक्षाकृत सीमित रहा।

आंदोलन के दौरान पार्टी द्वारा तीन आधिकारिक प्रवक्ताओं की घोषणा भी चर्चा का विषय बनी। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार आशुतोष रांका पहले आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम से जुड़े रहे हैं। सौरव दास का नाम दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के संबंध में सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जारी नोटिस के संदर्भ में समाचारों में आया था। राम मंदिर सहित अन्य विषयों पर उनके पुराने सोशल मीडिया पोस्ट भी विवादों में रहे हैं। इसी प्रकार पटकथा लेखक और डिजिटल कंटेंट निर्माता विजेता दहिया के कुछ पुराने वीडियो भगवान शिव, आदि शंकराचार्य, दक्ष प्रजापति और सती जैसे धार्मिक विषयों की प्रस्तुति को लेकर आलोचना का विषय बने। उनके कुछ वीडियो और वक्तव्यों को लेकर कई लोगों ने हिंदू धार्मिक भावनाओं के आहत होने का आरोप लगाया है। वहीं, उनके समर्थकों का कहना है कि वे सामाजिक और ऐतिहासिक विषयों पर वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। इस प्रकार आंदोलन के प्रवक्ताओं की पृष्ठभूमि भी सार्वजनिक बहस का हिस्सा बन गई। सोशल मीडिया आधारित इस अभियान को "जेन-जी" आंदोलन के रूप में प्रस्तुत किया गया, किंतु समय के साथ इसकी कार्यप्रणाली, नेतृत्व और वास्तविक जनभागीदारी पर भी प्रश्न उठे। आंदोलन का घोषित उद्देश्य परीक्षा प्रणाली में सुधार, प्रश्नपत्र लीक रोकने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग था, लेकिन जंतर-मंतर का धरना कई बार सोशल मीडिया कंटेंट और वीडियो निर्माण का केंद्र अधिक दिखाई दिया। इससे यह धारणा बनी कि आंदोलन की ऊर्जा का एक बड़ा हिस्सा डिजिटल प्रचार पर केंद्रित है, जबकि जमीनी संगठन अपेक्षित स्तर पर विकसित नहीं हो सका। आंदोलन के मंच पर विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, कलाकारों और राजनीतिक विचारधारा से जुड़े वक्ताओं को आमंत्रित किया गया। यहीं से विवादों का नया दौर शुरू हुआ। स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के भाषण और उनके पुराने व्यंग्यात्मक कथनों को लेकर हिंदू धार्मिक आस्थाओं के अपमान के आरोप पहले से लगते रहे हैं। इसी प्रकार नंदिता नारायण द्वारा प्रस्तुत गीत और उसके संदर्भ में दिए गए वक्तव्यों ने भी वैचारिक बहस को जन्म दिया। यह भी उल्लेख किया गया कि उन्होंने फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ की प्रसिद्ध नज़्म "हम देखेंगे" का उल्लेख किया, जिसे लेकर पूर्व में भी विभिन्न राजनीतिक विवाद सामने आ चुके हैं। धरने के दौरान जेएनयू छात्र राजनीति से जुड़े दानिश अली के भाषण को लेकर भी विवाद उत्पन्न हुआ। आलोचकों का आरोप है कि उन्होंने शरजील इमाम और उमर खालिद जैसे गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। दूसरी ओर, उनके समर्थकों का तर्क है कि यह अभिव्यक्ति न्यायिक प्रक्रिया और नागरिक अधिकारों के संदर्भ में थी। ऐसे विषयों ने आंदोलन को परीक्षा सुधार के मूल एजेंडे से हटाकर राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बना दिया। इसी प्रकार शिक्षाविद् निवेदिता मेनन लंबे समय से अपने विभिन्न सार्वजनिक वक्तव्यों के कारण विवादों में रही हैं। कश्मीर, राष्ट्रवाद और हिंदू समाज से संबंधित उनके कुछ कथनों की व्यापक आलोचना हुई है। दूसरी ओर उनके समर्थकों का कहना है कि उनके विचार अकादमिक विमर्श और वैकल्पिक राजनीतिक दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। इसी प्रकार सोशल मीडिया पर सक्रिय नेहा भारती के कुछ वीडियो और वक्तव्यों को लेकर भी विवाद सामने आए हैं। उनके आलोचकों का कहना है कि उनके वक्तव्य हिंदू समाज के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, जबकि उनके समर्थक उन्हें सामाजिक भेदभाव के प्रश्न उठाने वाली कार्यकर्ता बताते हैं। इन सभी घटनाओं ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया कि क्या कोई भी आंदोलन अपने मूल उद्देश्य को बनाए रख सकता है यदि उसका मंच लगातार वैचारिक और राजनीतिक विवादों का केंद्र बन जाए? लोकतंत्र में किसी भी व्यक्ति या समूह को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन जब किसी आंदोलन का घोषित एजेंडा शिक्षा सुधार हो और चर्चा का केंद्र धार्मिक, वैचारिक या राजनीतिक विवाद बन जाए, तो उसके मूल उद्देश्य के कमजोर पड़ने की आशंका स्वाभाविक है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि किसी आंदोलन की सफलता केवल सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने या चर्चित चेहरों की उपस्थिति से सुनिश्चित नहीं होती। भारत के बड़े जनआंदोलनों का इतिहास बताता है कि उनकी सबसे बड़ी ताकत व्यापक जनसंपर्क, स्पष्ट उद्देश्य, अनुशासित नेतृत्व और समाज के विभिन्न वर्गों का विश्वास रहा है। यदि आंदोलन का फोकस बार-बार बदलता है, तो आम जनता के बीच उसके संदेश की स्पष्टता भी प्रभावित होती है। हालांकि, यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी आंदोलन या उसके प्रतिभागियों पर लगाए गए आरोपों और आलोचनाओं का मूल्यांकन तथ्यात्मक आधार पर किया जाए। किसी व्यक्ति के पुराने वक्तव्य, सोशल मीडिया पोस्ट या वैचारिक मतभेदों के आधार पर पूरे आंदोलन के उद्देश्य का अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं माना जा सकता। लोकतांत्रिक विमर्श में असहमति और आलोचना दोनों का स्थान है, लेकिन किसी भी निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले प्रमाण, संदर्भ और संबंधित पक्षों के स्पष्टीकरण को भी महत्व दिया जाना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम से सबसे बड़ा नुकसान उन लाखों छात्रों और अभ्यर्थियों का हुआ, जिनकी वास्तविक चिंताएँ—परीक्षा की पारदर्शिता, समय पर भर्ती, पेपर लीक पर कठोर कार्रवाई और शिक्षा व्यवस्था में सुधार—राष्ट्रीय बहस के केंद्र में आनी चाहिए थीं। यदि आंदोलन अपने इन्हीं मुद्दों पर केंद्रित रहता, तो संभवतः उसकी सामाजिक स्वीकार्यता और प्रभाव दोनों अधिक होते। अंततः किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की सबसे बड़ी पूंजी उसकी नैतिक विश्वसनीयता होती है। जब मंच पर उपस्थित व्यक्तियों, उनके विचारों और विवादों की चर्चा आंदोलन के मूल मुद्दे से अधिक होने लगे, तो जनता का ध्यान स्वाभाविक रूप से उद्देश्य से हट जाता है। शिक्षा, रोजगार और युवाओं के भविष्य जैसे विषय किसी भी राजनीतिक या वैचारिक ध्रुवीकरण से ऊपर हैं। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे आंदोलनों का नेतृत्व अपने घोषित उद्देश्य पर केंद्रित रहे, मंच के चयन में संतुलन बरते और सार्वजनिक संवाद को उन वास्तविक समस्याओं की ओर लौटाए जिनके समाधान के लिए आंदोलन प्रारंभ किया गया था। तभी कोई भी जनआंदोलन दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ सकेगा और समाज में सार्थक परिवर्तन का माध्यम बन पाएगा।

# तीन महीने में बदला सत्ता का गणित



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

प्रकृति का एक अटल नियम है कि बड़ी छलांग लगाने से पहले शरीर पीछे की ओर झुकता है। तीर को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए धनुष की प्रत्यंचा को पीछे खींचना पड़ता है। कोई धावक लंबी कूद लगाने से पहले कुछ कदम पीछे हटकर गति प्राप्त करता है। यही सिद्धांत विज्ञान का भी है और जीवन का भी। राजनीति भी इससे अलग नहीं है। यहां भी कई बार अस्थायी पराजय भविष्य की निर्णायक विजय की भूमिका बन जाती है। भारतीय राजनीति में पिछले तीन महीनों की घटनाओं ने इसी सिद्धांत को साकार किया है। 17 अप्रैल को संसद में केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला 131वां संविधान संशोधन विधेयक अपेक्षित समर्थन न मिलने के कारण पारित नहीं हो सका। उस समय विपक्ष ने इसे सरकार की राजनीतिक पराजय और संसदीय अंकगणित की कमजोरी के रूप में प्रस्तुत किया। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की सबसे बड़ी संसदीय चुनौती बताया। राजनीति स्थिर नहीं रहती है। लोकतंत्र में संख्या ही शक्ति है और संख्या समय के साथ बदलती रहती है। संसद का गणित केवल आम चुनावों से ही नहीं बदलता, दलबदल, दलों के विभाजन, नए गठबंधन, समर्थन वापसी और नए समर्थन से भी बदलता है। पिछले तीन महीनों में भारतीय राजनीति में ऐसे ही घटनाक्रम तेजी से सामने आए हैं, जिन्होंने सत्ता और विपक्ष दोनों की स्थिति को बदल दिया है। सोमवार को संसद का मानसून सत्र आरंभ हो गया है, अब तस्वीर अप्रैल वाली नहीं रह गई है। सत्ता पक्ष पहले की तुलना में कहीं अधिक आत्मविश्वास के साथ सदन में प्रवेश कर रहा है, जबकि विपक्ष अनेक अंतर्विरोधों, टूट और नेतृत्व संबंधी चुनौतियों से जूझता दिखाई देता है। यही कारण है कि अब उन विधेयकों के दोबारा आने की चर्चा तेज है, जिन्हें कुछ समय पहले सरकार के लिए कठिन माना जा रहा था। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं है, बल्कि राजनीतिक शक्ति की वास्तविक परीक्षा भी है। 17 अप्रैल का दिन इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। सरकार जिस संविधान संशोधन विधेयक को अपनी प्राथमिकता बता रही थी, वह अपेक्षित समर्थन प्राप्त नहीं कर सका। संविधान संशोधन सामान्य विधेयकों की तरह नहीं होते हैं। इनके लिए दोनों सदनों में विशेष बहुमत आवश्यक होता है। केवल उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का बहुमत पर्याप्त नहीं होता है, बल्कि कुल सदस्य संख्या के आधार पर भी एक निश्चित समर्थन चाहिए। यही कारण है कि सरकारों को अपने सहयोगी दलों के साथ-साथ कई बार अन्य दलों का भी समर्थन जुटाना पड़ता है। उस समय सरकार के पास लोकसभा में स्पष्ट बहुमत तो था, किंतु संविधान संशोधन के लिए आवश्यक संख्या को लेकर चुनौती बनी हुई थी। विपक्ष इस मुद्दे पर अपेक्षाकृत अधिक संगठित दिखाई दिया और सरकार को पीछे हटना पड़ा। राजनीति में ऐसी घटनाएं असामान्य नहीं हैं। कई बार सरकारें किसी विधेयक को वापस लेकर परिस्थितियों के अनुकूल होने की प्रतीक्षा करती हैं। इतिहास में अनेक उदाहरण मिलते हैं, जब किसी प्रस्ताव को पहले अस्वीकार किया गया, लेकिन बाद में वही प्रस्ताव बदले हुए राजनीतिक वातावरण में पारित हो गया। अप्रैल से जुलाई के बीच भारतीय राजनीति में घटनाओं की गति असाधारण रही। कई राज्यों में राजनीतिक समीकरण बदले। कुछ दलों में असंतोष खुलकर सामने आया। कुछ नेताओं ने अपनी पुरानी पार्टी छोड़ दी, तो कुछ दलों के भीतर विभाजन हुआ। कई निर्दलीय सांसदों और छोटे दलों ने भी अपने राजनीतिक हितों के अनुरूप नए निर्णय लिए। भारतीय लोकतंत्र में गठबंधन राजनीति अब स्थायी वास्तविकता बन चुकी है। इसलिए संसद की शक्ति केवल चुनाव परिणामों से निर्धारित नहीं होती। सरकार की स्थिरता इस बात पर भी निर्भर करती है कि सहयोगी दल कितने संतुष्ट हैं, विपक्ष कितना संगठित है और क्षेत्रीय दल किस दिशा में झुक रहे हैं। इन तीन महीनों में सत्ता पक्ष ने लगातार राजनीतिक संवाद बनाए रखा। सहयोगी दलों की चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया गया। कई राज्यों में नए राजनीतिक समीकरण तैयार हुए। इसका सीधा प्रभाव संसद की संख्या पर भी दिखाई देने लगा। भारतीय राजनीति में विचारधारा महत्वपूर्ण है, लेकिन संसद के भीतर अंतिम निर्णय संख्या ही करती है। लोकसभा में कौन कितना मजबूत है, इसका निर्धारण सीटों की संख्या से होता है। यही संख्या तय करती है कि कोई विधेयक पारित होगा या नहीं। यही कारण है कि प्रत्येक राजनीतिक दल लगातार अपनी संसदीय शक्ति बढ़ाने का प्रयास करता है। कभी नए सहयोगी जोड़े जाते हैं, कभी छोटे दलों को साथ लाया जाता है, तो कभी विपक्षी दलों में असंतुष्ट नेताओं को अपने पक्ष में लाने का प्रयास किया जाता है। इसी प्रक्रिया को विपक्ष अक्सर "दलबदल की राजनीति" कहता है, जबकि सत्ता पक्ष इसे "राजनीतिक पुनर्संयोजन" और "विकास के एजेंडे के लिए समर्थन" बताता है। दोनों पक्षों की अपनी-अपनी व्याख्या होती है, लेकिन संसदीय परिणाम अंततः संख्या पर ही निर्भर करते हैं। भारतीय लोकतंत्र में आम धारणा यह रही है कि चुनाव के बाद अगले चुनाव तक संसद की तस्वीर लगभग स्थिर रहती है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह धारणा काफी बदली है। अब अनेक राज्य सरकारें दलबदल, गठबंधन परिवर्तन और दलों के विभाजन के कारण बदल चुकी हैं। महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और कई अन्य राज्यों ने यह दिखाया है कि चुनाव परिणाम अंतिम सत्य नहीं होते हैं। राजनीतिक परिस्थितियां समय-समय पर बदलती रहती है। इसी प्रवृत्ति का प्रभाव राष्ट्रीय राजनीति पर भी दिखाई देता है। यदि सहयोगी दलों का समर्थन बढ़ता है या विपक्ष कमजोर होता है, तो सरकार की संसदीय स्थिति स्वतः मजबूत हो जाती है। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष सरकार के लिए संतुलन का कार्य करता है। लेकिन जब विपक्ष स्वयं आंतरिक मतभेदों, नेतृत्व विवादों और क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं से जूझने लगे, तब उसकी प्रभावशीलता कम होने लगती है। आज विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती सरकार नहीं है, बल्कि अपनी एकजुटता है। अलग-अलग राज्यों में विपक्षी दल एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धी भी हैं। जहां एक दल मजबूत है, वहां दूसरा कमजोर है। राष्ट्रीय स्तर पर साझा रणनीति बनाना लगातार कठिन होता जा रहा है। यही कारण है कि संसद के भीतर कई बार विपक्ष संयुक्त दिखाई देता है, लेकिन राज्यों में वही दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं। यह विरोधाभास उनकी राजनीतिक विश्वसनीयता को भी प्रभावित करता है। मानसून सत्र शुरू होने से पहले ही सरकार की ओर से जो संकेत मिले हैं, उनसे स्पष्ट है कि सत्ता पक्ष अब पहले की तुलना में कहीं अधिक आत्मविश्वास में है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**: काफी समय से रुके हुए काम आज थोड़े ही प्रयास में में पूरे हो जाएंगे। जो लोग टूर एंड ट्रेवल का बिजनेस कर रहे हैं, उन्हें आज उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आप नया वाहन खरीदने के लिये जीवनसाथी से सलाह ले सकते हैं। माता-पिता के साथ किसी तीर्थस्थल पर जाने का योग बन रहा है। बच्चे आज आउट डोर गेम खेलने की लिए जिद्द करेंगे साथ ही उनकी गतिविधि पर नजर बनाए रखें। शुभ अंक- 4

**वृष राशि** : आज का आपके लिए दिन खास रहने वाला है। जो शिक्षक हैं, वो आज छात्रों को कुछ नया सिखायेंगे। आज घर में किसी दूर के रिश्तेदार के आने की संभावना बन रही है। आज शाम का समय परिवार के साथ बीतेगा और नई टेक्नोलाजी से अपडेट होने का प्रयास करेंगे। जो लोग स्वीट्स ,कैफे आदि के बिजनेस से जुड़े हैं, उनको अच्छा मुनाफा होगा। शुभ अंक- 9

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आपको खुद पर ध्यान देने की जरूरत है, आज अपने गुस्से पर काबू रखें, वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। साझेदारी में व्यवसाय कर रहे लोगों को उनके सहयोगी और कर्मचारियों के पूर्ण सहयोग से आज व्यावसायिक गतिविधियों को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। आज बच्चे घर पर खेल-कूद में समय बितायेंगे। शुभ अंक- 4

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला वाला रहेगा। कर्क लग्न और राशि वालों आपका पूरा दिन भाग-दौड़ में बीतेगा। आज के दिन आयात-निर्यात संबंधी व्यवसाय में अच्छा लाभ होने की स्थिति बन रही है। पेपर वर्क पूरा न होने से जरूरी काम बनते-बनते रुक सकता है। आज नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो बेहतर होगा कि पिता जी से विचार विमर्श कर लें। शुभ अंक- 1

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज अपना कॉन्फिडेंस कम न होने दें, मन लगाकर काम करें। प्रॉपर्टी से संबंधित रुका हुआ मामला आपसी सहमति से आज हल हो सकता है। आज जो लोग कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं, नौकरी कर रहे लोग अपने स्थानांतरण संबंधी कार्यों के लिए आज अपने उच्च अधिकारियों से विचार-विमर्श अवश्य करें। शुभ अंक- 3

**कन्या राशि** : आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज अपनी दैनिक गतिविधियों में कुछ नयापन लाने का प्रयास करेंगे। पुरानी समस्याओं से आज राहत मिलेगी। इस समय अतिरिक्त आय प्राप्ति के भी योग बन रहे हैं जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नए बिजनेस में निवेश करने का विचार बना सकते हैं। जहां जरूरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहेंगे। शुभ अंक- 2

**तुला राशि** : आज का दिन सामान्य रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। कार्यस्थल पर अपने काम के प्रति सतर्क रहें कुछ लोग आज आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना होगा। रुके हुए पैसों की वापसी आज संभव है। बातचीत करके आप अपना काम निकालने में सक्षम रहेंगे। आज वाहन चलाते समय आपको थोड़ा ध्यान रखना होगा। शुभ अंक- 8

**वृश्चिक राशि** : आज आपका का दिन उत्साह से भरा रहेगा। परिवार के किसी खास व्यक्ति के बारे में आपको कुछ रोचक बात पता चल सकती है और आज कुछ विशेष बातें सीखने को मिलेगी, जिससे आपका मनोबल बढ़ेगा। आज आप ज्यादातर काम आसानी से निपटाने में सफल रहेंगे। अपनी प्रेजेंटेशन और प्लान किसी के सामने रखने से पहले एक बार रिचेक जरूर कर लें। शुभ अंक- 5

**धनु राशि** : आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज आपकी सोच और प्लानिंग स्पष्ट रहेगी। आज आपकी कल्पना शक्ति का विस्तार होगा। आपकी कार्यकुशलता से उम्मीद के अनुरूप लाभ होगा। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा का प्रोग्राम बनेगा। आज पारिवारिक मामलों में बड़ा फैसला ले सकते हैं।जो लोग बिजनेसमैन है। शुभ अंक- 4

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपकी कार्यप्रणाली में नयापन देखने को मिलेगा। इस राशि के जो लोग लेखन के क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं उनके लिए आज अपनी प्रतिभा को निखारने का दिन है। आज किसी से बेवजह की बातें न करें, जितना हो सके विवाद से दूर रहें। अगर आप खुद की फर्म खोलना चाहते हैं। शुभ अंक- 7

**कुंभ राशि** : आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आज आपकी इनकम बढ़ने के योग बन रहे हैं। आज आपको किसी नये बिजनेस में साझेदारी का प्रस्ताव मिल सकता है, इसका आपको आने वाले दिनों में काफी फायदा होगा। आज कुछ अनुभवी लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और आपको कई तरह के अनुभव मिलेंगे। शुभ अंक- 1

**मीन राशि**: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज बिजनेस में नये एग्रीमेंट होने की संभावना है। आज कार्यक्षेत्र में आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। अपनी व्यवसायिक कार्यप्रणाली को आज दूसरों के समक्ष उजागर न करें। कई दिनों से घर में चल रही समस्या आज सुलझ जाएगी। शुभ अंक- 9

# मैकाले की शिक्षा से भारतीयता तक : क्या अब समय आ गया है 'एक राष्ट्र—एक समान शिक्षा' का ?

• "भारतीय ज्ञान परंपरा, राष्ट्रीय चरित्र और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला के रूप में नई शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता"



आचार्य अशोक चौधरी "प्रियदर्शी", कटिहार, बिहार

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की आत्मा होती है। वह केवल अक्षरज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के विचार, व्यवहार, चरित्र, संस्कार, कर्तव्यबोध और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती है। जिस प्रकार किसी भवन की मजबूती उसकी नींव पर निर्भर करती है, उसी प्रकार किसी राष्ट्र की शक्ति उसकी शिक्षा व्यवस्था पर आधारित होती है। यदि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना रह जाए और उसमें राष्ट्रबोध, सांस्कृतिक चेतना, नैतिकता, अनुशासन तथा जीवन मूल्यों का स्थान गौण हो जाए, तो समाज धीरे-धीरे अपनी पहचान खोने लगता है। आज भारत में शिक्षा को लेकर चल रही बहस का मूल प्रश्न यही है कि क्या वर्तमान व्यवस्था भारतीय समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप है या अब व्यापक परिवर्तन की आवश्यकता है। भारतीय शिक्षा परंपरा का इतिहास हजारों वर्षों पुराना है। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी और कांची जैसे विश्वविद्यालय उस समय ज्ञान के वैश्विक केंद्र थे, जब विश्व के अनेक देशों में व्यवस्थित शिक्षा की कल्पना भी विकसित नहीं हुई थी। उस युग की गुरुकुल शिक्षा पद्धति केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी। वहाँ विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता था। गुरु केवल शिक्षक नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, संरक्षक और चरित्र निर्माता होते थे। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को आत्मनिर्भर, सत्यनिष्ठ, अनुशासित, परिश्रमी, राष्ट्रनिष्ठ और समाजोपयोगी बनाना था। गुरुकुलों में वेद, उपनिषद, दर्शन, गणित, आयुर्वेद, खगोल, कृषि, शिल्प, राजनीति, न्याय, युद्धकला, योग, संगीत तथा व्यावहारिक जीवन के विविध आयामों का अध्ययन कराया जाता था। विद्यार्थी स्वयं श्रम करते थे, प्रकृति के निकट रहते थे और आत्मसंयम का अभ्यास करते थे। शिक्षा का लक्ष्य केवल जीविका अर्जित करना नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाना था। यही कारण है कि भारतीय शिक्षा ने चाणक्य, आर्यभट्ट, चरक, सुश्रुत, पाणिनि, पतंजलि और अनेक ऐसे महापुरुष दिए, जिनका प्रभाव आज भी विश्व स्वीकार करता है। अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन के विस्तार के साथ भारत की शिक्षा व्यवस्था में भी व्यापक परिवर्तन हुए। 1835 में थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने अपना प्रसिद्ध "मिनट ऑन एजुकेशन" प्रस्तुत किया। उसमें अंग्रेज़ी भाषा को शिक्षा का प्रमुख माध्यम बनाने तथा पश्चिमी ज्ञान को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई। मैकाले ने यह विचार भी व्यक्त किया कि ऐसे लोगों का एक वर्ग तैयार किया जाए जो "रक्त और रंग से भारतीय हों, किंतु रुचि, विचार, नैतिकता और बुद्धि से अंग्रेज़ हों।" यह कथन इतिहास में व्यापक रूप से उद्धृत किया जाता है और ब्रिटिश शिक्षा नीति के उद्देश्य पर लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। यह भी सत्य है कि औपनिवेशिक शासन की शिक्षा नीति का प्रमुख उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक उन्नति नहीं, बल्कि प्रशासनिक आवश्यकताओं की पूर्ति था। अंग्रेज़ी शासन को बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षित कर्मचारी चाहिए थे जो प्रशासनिक कार्यों को कम लागत पर संचालित कर सकें। इस कारण शिक्षा का स्वरूप धीरे-धीरे परीक्षा, प्रमाणपत्र और लिपिकीय कार्यों तक सीमित होने लगा। इसी संदर्भ में "बाबू संस्कृति" शब्द का प्रयोग भी अनेक इतिहासकारों और चिंतकों ने किया है। हालांकि यह कहना भी उचित नहीं होगा कि उस काल की शिक्षा ने केवल नकारात्मक प्रभाव ही डाला। आधुनिक विज्ञान, विधि, मुद्रण, प्रशासन और उच्च शिक्षा के कुछ संस्थागत ढाँचे भी उसी दौर में विकसित हुए। इसलिए इतिहास का संतुलित मूल्यांकन आवश्यक है। आज स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग आठ दशकों बाद भी भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर यह प्रश्न बार-बार उठता है कि क्या हम अब भी औपनिवेशिक सोच की अनेक संरचनाओं को ढो रहे हैं? विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में ज्ञान की अपेक्षा परीक्षा-केंद्रित तैयारी, अंक-प्रतिस्पर्धा और प्रमाणपत्रों की दौड़ अधिक दिखाई देती है। विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के बाद भी व्यावहारिक जीवन कौशल, नैतिक निर्णय क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और उद्यमशीलता में अपेक्षित रूप से सक्षम नहीं बन पाता। यह स्थिति केवल विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था की चुनौती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में शिक्षा का एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है—क्या पूरे देश के लिए समान गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध है? आज विभिन्न शिक्षा बोर्ड, अलग-अलग पाठ्यक्रम, राज्यों के भिन्न मानक और संसाधनों की असमानता के कारण शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक अंतर दिखाई देता है। परिणामस्वरूप ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, सरकारी और निजी विद्यालयों तथा विभिन्न बोर्डों के विद्यार्थियों के बीच अवसरों की असमानता बनी रहती है। इसी संदर्भ में समय-समय पर "एक राष्ट्र—एक समान शिक्षा" तथा "एक समान मूल पाठ्यक्रम" की अवधारणा पर चर्चा होती रही है। इस विचार के समर्थकों का तर्क है कि प्रत्येक भारतीय बच्चे को समान गुणवत्ता की आधारभूत शिक्षा, समान राष्ट्रीय मूल्यों तथा समान नागरिक चेतना से परिचित कराया जाना चाहिए। इससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी और अवसरों में समानता बढ़ेगी। दूसरी ओर कुछ शिक्षाविद् यह भी मानते हैं कि भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को देखते हुए पूर्णतः एकरूप पाठ्यक्रम के बजाय ऐसा मॉडल विकसित होना चाहिए जिसमें राष्ट्रीय स्तर का एक समान मूल ढाँचा हो, लेकिन राज्यों को अपनी भाषा, स्थानीय इतिहास और संस्कृति के अनुरूप सामग्री जोड़ने का पर्याप्त अवसर मिले। आज आवश्यकता केवल पाठ्यपुस्तकों के परिवर्तन की नहीं, बल्कि शिक्षा के दर्शन में व्यापक परिवर्तन की है। यदि शिक्षा व्यक्ति को केवल नौकरी खोजने वाला बनाती है, तो वह अधूरी है। यदि वही शिक्षा व्यक्ति को रोजगार देने वाला, समाज के प्रति उत्तरदायी, तकनीकी रूप से सक्षम, नैतिक रूप से दृढ़ और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित बनाती है, तभी वह वास्तविक अर्थों में राष्ट्रनिर्माण का माध्यम बनती है। इसलिए भारत की शिक्षा व्यवस्था में भारतीय ज्ञान परंपरा, संविधान के मूल्यों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, कृषि, स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता और नागरिक कर्तव्यों का संतुलित समावेश समय की आवश्यकता है। शिक्षा का उद्देश्य अतीत का महिमामंडन या वर्तमान का अंधानुकरण नहीं, बल्कि दोनों के श्रेष्ठ तत्वों का समन्वय होना चाहिए। भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर विचार करते समय एक महत्वपूर्ण प्रश्न सामने आता है कि क्या शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना है, अथवा ऐसा नागरिक तैयार करना भी है जो अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी हो। यदि शिक्षा व्यक्ति को केवल आर्थिक रूप से सक्षम बनाती है, किंतु उसमें नैतिकता, अनुशासन, संवेदनशीलता, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास नहीं करती, तो वह शिक्षा अपने व्यापक उद्देश्य को पूर्ण नहीं कर पाती। यही कारण है कि आज शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्ति का माध्यम न मानकर राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावशाली साधन बनाने की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। भारतीय इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब हमारी शिक्षा व्यवस्था ने भारतीय संस्कृति, दर्शन और जीवन मूल्यों से प्रेरणा ली, तब-तब समाज में ज्ञान, विज्ञान, कला, साहित्य और नैतिक नेतृत्व का विकास हुआ। इसके विपरीत जब शिक्षा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाती है, तब समाज में आत्महीनता, अनुकरण की प्रवृत्ति और सांस्कृतिक विस्मृति बढ़ने लगती है। इसलिए आज आवश्यकता किसी संकीर्ण दृष्टिकोण की नहीं, बल्कि ऐसी संतुलित शिक्षा व्यवस्था की है जो आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा दोनों को समान सम्मान प्रदान करे। भारत की नई पीढ़ी को यह जानने का अधिकार है कि उनके इतिहास में केवल पराधीनता के अध्याय ही नहीं हैं, बल्कि वेदों के मनीषी, उपनिषदों के दार्शनिक, मौर्य और गुप्त काल की प्रशासनिक क्षमता, दक्षिण भारत के समुद्री व्यापार, नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, गुरु गोविंद सिंह, अहिल्याबाई होल्कर, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, वीर कुँवर सिंह, बिरसा मुंडा, स्वामी विवेकानंद, महर्षि दयानंद सरस्वती, डॉ. भीमराव आंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तथा असंख्य महापुरुषों का प्रेरक योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शिक्षा का दायित्व किसी कालखंड का महिमामंडन या अवमूल्यन करना नहीं, बल्कि संतुलित, प्रमाणाधारित और व्यापक इतिहास प्रस्तुत करना है। इसके साथ ही शिक्षा में व्यावहारिक ज्ञान का समावेश भी अनिवार्य होना चाहिए। विद्यालय से निकलने वाला प्रत्येक विद्यार्थी जीवनोपयोगी कौशलों से परिचित हो। उसे वित्तीय साक्षरता, प्राथमिक चिकित्सा, कृषि की मूलभूत जानकारी, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का परिचय, साइबर सुरक्षा, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, उद्यमिता, स्वरोजगार तथा संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों का ज्ञान अवश्य दिया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस का लोकभवन धरना नौटंकी, युवाओं को गुमराह करना बंद करे कांग्रेस : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने लोकभवन के समक्ष कांग्रेस के धरना को "नौटंकी" करार देते हुए कहा कि कांग्रेस युवाओं के नाम पर राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार होने के बावजूद जेपीएससी और जेएसएस की परीक्षाओं में अनियमितताओं, पेपर लीक, नौकरी बेचने के आरोप और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों पर कांग्रेस मौन है। साहू ने कहा कि यदि कांग्रेस वास्तव में युवाओं के हितैषी है तो उसे राज्य में लगातार हो रही परीक्षा गड़बड़ियों, पेपर लीक और उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान 19 युवकों की मौत जैसे मामलों पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाखों सरकारी पद खाली पड़े हैं, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इस पर कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस से परीक्षा अनियमितताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले अपना "चाल, चरित्र और चेहरा" देखे, फिर दूसरों पर आरोप लगाए। आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस युवाओं को गुमराह कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में अराजकता फैलाने की कोशिशें सफल नहीं होंगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को कांग्रेस से किसी प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है।

### जेपीएससी मामले में सीआईडी की छापेमारी 'डैमेज कंट्रोल' की कवायद, सीबीआई जांच कराए सरकार : सुदेश महतो

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में कथित अनियमितताओं को लेकर सीआईडी की छापेमारी पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के अधीन कार्य करने वाली जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं की जा सकती। उनके अनुसार, यह कार्रवाई पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने के बजाय सरकार की छवि बचाने की कोशिश प्रतीत होती है। सुदेश महतो ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थी शुरू से ही परीक्षा परिणाम, चयन प्रक्रिया और प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल उठाते रहे हैं। ऐसे में युवाओं का भरोसा बहाल करने के लिए पूरे मामले की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार पारदर्शिता और निष्पक्षता के प्रति गंभीर है, तो बिना विलंब सीबीआई जांच की अनुशंसा करे, ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। आजसू पार्टी ने कहा कि वह पीएससी अभ्यर्थियों के न्यायपूर्ण संघर्ष के साथ खड़ी है और पारदर्शी एवं जवाबदेह भर्ती व्यवस्था की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती

### कांग्रेस मंत्रियों की हर 15 दिन में होगी बैठक, जनमुद्दों पर एक स्वर में रखेंगे पार्टी का पक्ष

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि राजनीतिक दलों में बदलाव रातों-रात नहीं होता और संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनुशासन, एकजुटता तथा जनसरोकार के मुद्दों पर काम किया जाएगा। कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अब सभी मंत्री पार्टी लाइन के अनुसार ही सार्वजनिक बयान देंगे और किसी भी मुद्दे पर पार्टी मंच पर चर्चा के बाद ही एक स्वर में अपनी राय रखेंगे। इसके लिए मंत्रियों का एक फोरम भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब हर 15 दिन में कांग्रेस मंत्रियों की बैठक होगी, जिसमें जनहित के मुद्दों पर चर्चा कर साझा रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही कैंपेन कमेटी ने प्रमंडलवार वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रत्येक प्रमंडल में दो समितियां गठित की जाएंगी, जो अगले छह महीने तक सेमिनार, कार्यशाला और जनसभाओं के माध्यम से लोगों के बीच जाकर उनके जमीनी मुद्दों को उठाएंगी। एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह अभियान शुरू किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि अगले दो महीनों के भीतर सभी मंत्री अलग-अलग जिलों का दौरा कर आम लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे तथा उनकी समस्याओं को सुनेंगे। के. राजू ने कहा कि झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग का गठन अब तक नहीं हो सका है। इस संबंध में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है और कांग्रेस आयोग के गठन के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी।

### भाजपा को जेपीएससी घेराव का नैतिक अधिकार नहीं : राकेश सिन्हा

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा के प्रस्तावित जेपीएससी घेराव को राजनीतिक पाखंड बताते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार पेपर लीक रोकने और युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है। ऐसे में भाजपा को युवाओं के नाम पर आंदोलन करने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि नीट, यूजीसीनेट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं से करोड़ों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ, लेकिन भाजपा सरकार ने समाधान के बजाय आंदोलनरत छात्रों पर कार्रवाई की। अब वही भाजपा झारखंड में युवाओं के हितैषी होने का दिखावा कर रही है। राकेश सिन्हा ने कहा कि यदि भाजपा वास्तव में युवाओं की हितैषी होती तो केंद्र सरकार में खाली पड़े लाखों पदों पर नियुक्ति सुनिश्चित करती और परीक्षा प्रणाली को मजबूत बनाती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा युवाओं की भावनाओं का केवल राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार पारदर्शी और समयबद्ध नियुक्ति प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसी भी शिकायत पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाती है। भाजपा का जेपीएससी घेराव युवाओं के हित का नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक विफलताओं से ध्यान भटकाने का प्रयास है। सिन्हा ने कहा कि भाजपा को पहले रोजगार, पेपर लीक और छात्रों पर कार्रवाई जैसे मुद्दों पर देश के युवाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राज्य के युवा भाजपा के दोहरे चरित्र को पहचान चुके हैं और कांग्रेस निष्पक्ष भर्ती, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था तथा रोजगार के मुद्दे पर संघर्ष जारी रखेगी।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 70 मैक्स

**रांची।** मोटोरोला ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन मोटोरोला एज 70 मैक्स लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 प्रोसेसर, 7100एमएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी, सेगमेंट के इकलौते क्वाड एचडी प्लस (2 के) एलटीपीओ एमोलेड डिस्प्ले और क्यूआई2.2 मैग्नेटिक वायरलेस चार्जिंग जैसी प्रमुख खूबियों के साथ पेश किया गया है। इसकी शुरुआती प्रभावी कीमत 49,999 रुपये है और इसकी बिक्री 20 जुलाई से फ्लिपकार्ट, मोटोरोलाडॉटइन तथा देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। मोटोरोला एज 70 मैक्स में 7000 निट्स पीक ब्राइटनेस और 144 एचजेड रिफ्रेश रेट वाला डिस्प्ले, 90 वाट टर्बोपावर वायर्ड चार्जिंग और 25 वाट क्यूआई2.2 मैग्नेटिक वायरलेस चार्जिंग का सपोर्ट दिया गया है। मजबूती के लिए इसमें एयरक्राफ्ट-ग्रेड एल्युमिनियम फ्रेम, प्रीमियम मैट ग्लास फिनिश, एमआईएल- एसटीडी-810एच, कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7आई तथा आईपी68/आईपी69 रेटिंग दी गई है। फोटोग्राफी के लिए इसमें 50 एमपी का सोनी लिटिया 710 कैमरा सिस्टम, एआई इमेजिंग और पैनटोन वैलिडेटेड कलर्स दिए गए हैं। यह मोटोरोला किरा के साथ आने वाला पहला स्मार्टफोन भी है, जो मोटोरोला स्मार्टफोन, लेनोवो पीसी और टैबलेट के बीच सहज एआई अनुभव उपलब्ध कराता है।

# संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक का शव ईलाके मे सनसनी

नई सोच एक्सप्रेस



» परिजनों ने जताई हत्या की आशंका घटना के विरोध मे चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच-22 जाम

**चतरा।** जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत घंघरी ईलाके मे उस समय सनसनी फैल गई, जब चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच-22 के किनारे एक युवक का शव संदेहास्पद स्थिति में पड़ा मिला। मौके से पुलिस नें मृतक के बाईक को भी जप्त किया है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।मृतक की पहचान घंघरी गांव निवासी महाबीर यादव के पुत्र मुकेश यादव के रूप में हुई है। इधर शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में मातम पसर गया है। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं घटना से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच-22 को घंघरी मे जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिससे चतरा से बिहार के गया व अन्य रूट मे चलने वाले छोटी-बड़ी वाहनों कि लंबी लाइन सड़क के दोनों ओर लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। प्रदर्शनकारी दोषियों पर अविलंब कड़ी कार्रवाई, मृतक के परिवार को उचित मुआवजा तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। हालांकि घटना कि सूचना मिलते ही वशिष्ठनगर जोरी थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाने के प्रयास मे जुटे हैं। पुलिस ने शव और मौके से युवक के बाईक को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार घटनास्थल और घटना के हर संभावित पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले के अनुसंधान मे जुट गई है।

## झारखंड उच्च न्यायालय ने भद्रकाली मंदिर संचालन मामले में दिया बड़ा फैसला पूर्व के सभी आदेश लिए वापस

नई सोच एक्सप्रेस




**इटखोरी।** जिले के प्रसिद्ध ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर के प्रबंधन एवं संचालन से जुड़े मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को इस मामले के संदर्भ में एक अहम और बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायालय ने इस मामले में पहले पारित अपने सभी आदेशों को वापस लेते हुए प्रबंधन एवं संचालन के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार अब मंदिर की देखरेख और संचालन की जिम्मेदारी फिर से पुरानी प्रबंधन समिति संभालेगी।न्यायाधीश जस्टिस आनंद के न्यायालय में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने याचिका कर्ताओं का पक्ष रखा। मामला यह था कि भद्रकाली मंदिर ट्रस्ट की ओर से उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा गया था कि मंदिर का संचालन कर रहे ट्रस्ट को भंग करने का आदेश पूरी तरह गलत और तथ्यों के विपरीत है। ट्रस्ट ने न्यायालय से इस आदेश को निरस्त करने की मांग की थी। विदित हो कि वर्ष 2024 में हुई सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने ट्रस्ट को भंग किए जाने के आदेश पर रोक लगाते हुए चतरा सिविल कोर्ट के जिला जज को मंदिर का ट्रस्टी नियुक्त किया था। इसके बाद पुरानी प्रबंधन समिति के सदस्य लगातार मंदिर की जर्जर होती स्थिति में सुधार और आवश्यक कार्यों के लिए उच्च न्यायालय द्वारा द्वारा नियुक्त ट्रस्टी से पत्राचार होता रहा, किंतु उनके अनुसार इस दिशा में कोई ठोस एवं कारगर कार्रवाई नहीं की गई। इसी आधार पर मामला एक बार फिर उच्च न्यायालय के समक्ष लाया गया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने पूर्व में पारित सभी आदेशों को वापस लेते हुए पुरानी प्रबंधन समिति को मंदिर के संचालन और देखरेख से संबंधित समस्त जिम्मेदारीयों संभालने की अनुमति दे दी। विधि विशेषज्ञों के अनुसार यह निर्णय ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर के प्रबंधन से जुड़े लंबे समय से चल रहे विवादों के संदर्भ में महत्वपूर्ण व अहम माना जा रहा है।

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला, न्यायिक जांच की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए कथित लाठीचार्ज की निंदा करते हुए केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छात्रों, युवाओं, किसानों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की आवाज़ दबाने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों नेताओं ने कहा कि युवा शिक्षा, रोजगार और पारदर्शी भर्ती की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय बल प्रयोग का रास्ता अपना रही है। सुबोधकांत सहाय ने आरोप लगाया कि सरकार असहमति की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है, जबकि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। विजय शंकर नायक ने घटना की सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, घायल छात्रों को उपचार व आर्थिक सहायता देने, प्रदर्शन से जुड़े छात्रों पर दर्ज मामलों की समीक्षा तथा शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर सरकार से समयबद्ध संवाद शुरू करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी संविधान, लोकतंत्र और छात्र-युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

## जेपीएससी घेराव से पहले भाजपा का सरकार पर हमला, पारदर्शी जांच की मांग तेज

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अशोक बड़ाईक ने जेपीएससी भर्ती प्रक्रिया को लेकर झारखंड की कांग्रेस-जेएमएम सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जेपीएससी से जुड़े मुद्दों पर जवाब देने से बच रही है और 22 जुलाई को प्रस्तावित भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जेपीएससी घेराव से घबराकर विपक्ष पर आरोप लगा रही है। अशोक बड़ाईक ने कहा कि 14वीं जेपीएससी परीक्षा परिणाम जारी करने की प्रक्रिया, कटऑफ सार्वजनिक नहीं करने, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और भर्ती एजेंसी के चयन को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने इन सभी मामलों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को होने वाले जेपीएससी घेराव में प्रदेशभर से छात्र, अभ्यर्थी और भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल होंगे। उनके अनुसार यह आंदोलन युवाओं के अधिकारों और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर पूर्व में विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। वहीं केंद्र सरकार द्वारा लागू लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पेपर लीक के मामलों पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। अशोक बड़ाईक ने कहा कि भाजपा जेपीएससी से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर अपना आंदोलन जारी रखेगी।

## अधिकारियों पर सरकार का नियंत्रण खत्म, मुख्यमंत्री की चुप्पी से बढ़ रही प्रशासनिक अराजकता : भाजपा

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने झारखंड की गठबंधन सरकार पर प्रशासनिक विफलता का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में अधिकारियों पर सरकार का नियंत्रण लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ मंत्रियों के निर्देशों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदीप सिन्हा ने कहा कि हाल के दिनों में देवघर के पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के साथ किए गए व्यवहार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के फोन का अधिकारियों द्वारा जवाब नहीं दिए जाने जैसी घटनाएं प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में प्रशासनिक अनुशासन कमजोर पड़ गया है और मुख्यमंत्री की चुप्पी अधिकारियों की मनमानी को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना अधिकारियों का संवैधानिक दायित्व है। भाजपा प्रवक्ता ने राज्य सरकार से प्रशासनिक अनुशासन बहाल करने, अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के सम्मान की रक्षा के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग के सह-संयोजक अजय राय और नीरज सिंह भी उपस्थित थे।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए सीईओ ने जनजातीय समुदाय को किया प्रेरित

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने खूंटी जिले के तोरपा, खूंटी और तमाड़ क्षेत्र के जनजातीय समुदाय के लोगों से मुलाकात कर उन्हें इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर अपने बीएलओ को जमा करने के लिए प्रेरित किया। यह पहल उन सूचनाओं के बाद की गई, जिनमें कुछ लोगों द्वारा फॉर्म भरने से इनकार किए जाने की बात सामने आई थी। सीईओ ने कहा कि मतदान प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की पहली शर्त है। उन्होंने लोगों से समय पर इन्यूमरेशन फॉर्म भरने की अपील करते हुए कहा कि इससे उनका नाम 5 अगस्त 2026 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो सकेगा। उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, स्वयंसेवकों और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृद्ध, बीमार, दिव्यांग, आदिम जनजाति (पीवीटीजी) सहित सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों से भी अपील की कि वे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक करें, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे। खूंटी दौरे के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी मो. जावेद हुसैन, संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ, एईआरओ तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित

## हेमन्त सोरेन कैबिनेट की बड़ी सौगातः शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और डिजिटल शिक्षा समेत 60 से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, न्यायिक व्यवस्था और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े 60 से अधिक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने गिरिडीह के जमुआ और रामगढ़ के मांडू में नए डिग्री कॉलेज भवनों के निर्माण के लिए क्रमशः 38.22 करोड़ और 40.15 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी। धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के उन्नयन, एमबीबीएस सीटों को 100 से बढ़ाकर 250 तथा पीजी सीटों के विस्तार के लिए 194.73 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी मिली। स्वास्थ्य क्षेत्र में गंभीर मरीजों को त्वरित इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस (HEMS) शुरू करने के लिए सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर सेवा लेने की स्वीकृति दी गई। वहीं सिकल सेल, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, टाइप-1 मधुमेह और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता से छूट देने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी गई। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य के 1000 माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अगले पांच वर्षों के लिए एआई आधारित वर्चुअल क्लासरूम स्थापित करने की 176.08 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति दी गई। साथ ही विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में शैक्षणिक पदों के पुनर्सरंखण तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं अधिकारियों को सातवें वेतन आयोग के अनुरूप पेंशन का लाभ देने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने पूर्वी सिंहभूम, दुमका, रांची और गुमला जिलों में कई प्रमुख सड़क परियोजनाओं के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। आदित्यपुर नगर निगम के नए भवन निर्माण के लिए 39.67 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए। बैठक में झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 6 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक आयोजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। आदर्श विद्यालय योजना की अवधि अगले पांच वर्षों तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा विभिन्न न्यायालयों के आदेशों के अनुपालन में कई कर्मचारियों की सेवा नियमित करने, पेंशन एवं एसीपी/एमएसीपी लाभ देने, न्यायिक सेवा भर्ती नियमावली में संशोधन, जिला न्यायाधीशों की सीधी भर्ती, महाधिवक्ता कार्यालय में नए पदों के सृजन तथा विधि पदाधिकारियों के शुल्क पुनरीक्षण को भी स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने झारखंड चिड़ियाघर प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र का विस्तार, छात्रावास पोषण योजना में संशोधन, पंचायत क्षेत्रों के भवन उपविधियों में बदलाव, आईएफएमएस पोर्टल के साथ बैंक एवं पैन सत्यापन प्रणाली के एकीकरण तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की।

# एसपी आवास के सामने दिनदहाड़े फायरिंग से दहला चतरा, प्राइवेट गार्ड की गोली लगने से मौत

नई सोच एक्सप्रेस



» आपसी विवाद में चली गोली बनी जानलेवा, एक गार्ड गिरफ्तार

**चतरा।** शहर स्थित पुलिस अधीक्षक (एसपी) आवास के समीप मंगलवार को दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की घटना से पूरे शहर में सनसनी फैल गई। व्यस्त इलाके में हुई फायरिंग में एक प्राइवेट गार्ड की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा पूरी तरह सक्रिय हो गया और घटनास्थल को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच शुरू कर दी गई। प्रारंभिक सूचना के आधार पर पहले जिला बल के एक जवान पर गोली चलाने का संदेह जताया गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। हालांकि, जांच आगे बढ़ने पर मामला पूरी तरह अलग निकला। पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि दो प्राइवेट गार्डों के बीच हुए आपसी विवाद के दौरान फायरिंग हुई थी, जिसमें एक गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने गोली चलाने वाले आरोपी प्राइवेट गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों गार्ड चतरा में बाईपास निर्माण कार्य करा रही रमिया कंस्ट्रक्शन से जुड़े बताए जा रहे हैं। मृतक और आरोपी दोनों निर्माण कंपनी की सुरक्षा में तैनात थे। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि किसी आपसी रंजिश अथवा विवाद के बाद आरोपी ने दो राउंड फायरिंग की। पहली गोली कार की छत में जा लगी, जबकि दूसरी गोली सीधे मृतक की आंख में लगी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना स्थल के समीप खड़ी फोर्ड एंडेवर वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि उक्त वाहन रमिया कंस्ट्रक्शन के मालिक एवं गया निवासी रॉकी यादव का है। पुलिस ने वाहन की गहन तलाशी के दौरान अन्य हथियार भी बरामद किए हैं। हालांकि, बरामद हथियारों की संख्या और उनके संबंध में पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर सदर थाना पुलिस, सिमरिया एसडीपीओ, टंडवा एसडीपीओ सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक जांच, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। मृतक की पहचान और घटना से जुड़े सभी तथ्यों का आधिकारिक खुलासा विस्तृत जांच पूरी होने के बाद किया जाएगा। इधर, घटना के बाद शहर में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करें और जांच पूरी होने तक किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने से बचें। पुलिस का कहना है कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कानून के अनुरूप कठोर कार्रवाई की जाएगी। दिनदहाड़े एसपी आवास जैसे अति-सुरक्षित क्षेत्र के समीप हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरे मामले की गहन जांच जारी है और पुलिस शीघ्र ही विस्तृत आधिकारिक जानकारी साझा करने की तैयारी में है।

## नीट पेपर लीक पर झारखंड भाजपा मौन, छात्रों पर पुलिस कार्रवाई की कांग्रेस ने की निंदा

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक डॉ. एम. तौसीफ ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक मामले में झारखंड भाजपा नेतृत्व और राज्य के भाजपा सांसद चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई निंदनीय है और कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। डॉ. तौसीफ ने कहा कि संविधान छात्रों को अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार देता है, लेकिन केंद्र सरकार उनकी बात सुनने के बजाय पुलिस के माध्यम से आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ मारपीट की गई और उनके तंबू भी हटाए गए। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र भी नीट परीक्षा में शामिल होते हैं, लेकिन उनके हितों के मुद्दे पर भाजपा के नेता और सांसद एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद कई पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं, जिससे करोड़ों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। डॉ. तौसीफ ने यह भी आरोप लगाया कि संसद में विपक्ष द्वारा नीट पेपर लीक और छात्रों के मुद्दे पर चर्चा की मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों, युवाओं, किसानों और महंगाई जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार विफल रही है तथा छात्रों की समस्याओं के प्रति उसका रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चतरा में गरजे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, बोले मजबूत संगठन ही जीत की सबसे बड़ी गारंटी

**चतरा**। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो के सोमवार को चतरा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डीएमएफटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बीएलए-2 कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया। पार्टी पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया, वहीं कार्यकर्ताओं ने जोशीले नारों के साथ उनका स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं और मजबूत बूथ संगठन में निहित होती है। उन्होंने बीएलए कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची संबंधी कार्यों में पूरी सक्रियता दिखाने तथा गांव-गांव जाकर आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना ही पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार अभियान को गति देने, अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी राजनीतिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना केवल एकजुट, अनुशासित और सक्रिय संगठन ही कर सकता है। सम्मेलन के दौरान जिले की स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल संकट, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं, भ्रष्टाचार सहित स्थानीय जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे सम्मेलन के दौरान संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### पिपरवार क्षेत्र में अवैध बालू भंडारण पर टंडवा सीओ की बड़ी कार्रवाई, 100 ट्रैक्टर बालू भंडारण जब्त

**टंडवा**। अवैध बालू कारोबार के खिलाफ टंडवा अंचल प्रशासन और पिपरवार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिपरवार क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित बालू को जब्त किया है। टंडवा के सिंघम सीओ गौरव कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान करीब 100 ट्रैक्टर अवैध बालू जब्त किया गया। इस अभियान में टंडवा अंचल की टीम एवं पिपरवार थाना पुलिस की संयुक्त भागीदारी रही है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन एवं बालू के अवैध भंडारण के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरकार के निर्देशानुसार अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टीम में टंडवा के सिंघम सीओ गौरव कुमार, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा शामिल थे।

### तीन दिन से भारी बारिश किसानों में खुशी के लहर



**लावालौंग**। आए तीन दिनों से प्रखंड क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है जिससे किसानों की उम्मीद जागी है कुछ दिनों पहले सभी किसान हताश नजर आ रहे थे इतनी धूप थी कि किसान परेशान थे कि इस वर्ष खेती कैसे होगी धान का विहन कर लोग परेशान थे।उसमें भी सुविधानुसार सभी किसान पानी पटाने को मजबूर थे।बहुत किसानों ने विहन में पानी भी सिंचाई किए।पानी नहीं गिरने से मकई की खेती भी प्रभावित हो रही थी।तीन दिनों से वारिस होने से मकई एवम् धान का पौधा में हरियाली के साथ साथ किसानों के भी चेहरे पर हरियाली नजर आ।रही है।

### केरल समाजम मॉडल स्कूल में एसईएनएसई कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर**। गोलमुरी स्थित केरल समाजम मॉडल स्कूल में कक्षा तीन व चार के विद्यार्थियों के लिए एसईएनएसई (सोशल एटिकेट फॉर न्यू जेनरेशन) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक शिष्टाचार, अनुशासन, स्वच्छता व जिम्मेदार नागरिक बनने के गुणों का विकास करना था। स्कूल के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व अच्छे व्यवहार की महत्ता को समझा। यंग इंडियंस (वाईआई) व भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के संयुक्त उपक्रम 'प्रोजेक्ट मासूम' के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, जल संरक्षण, सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासित व्यवहार, धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करने व समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि केरल पब्लिक स्कूल्स की निदेशक (अकादमिक) व 'प्रोजेक्ट मासूम' की अध्यक्ष डॉ. रचना नायर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों व अच्छे संस्कारों का समावेश भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि बचपन से ही अच्छी आदतों को जीवन का हिस्सा बनाया जाए तो भविष्य में एक सशक्त व जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए संवादात्मक गतिविधियां, प्रेरक उदाहरण व रोचक चर्चाएं आयोजित की गई, जिससे उन्होंने न केवल विषयों को समझा बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने का भी संकल्प लिया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को व अधिक प्रभावी बना दिया। यह कार्यक्रम निदेशक (अकादमिक) नंदिनी शुक्ला, प्राचार्या रीना बनर्जी, उप-प्राचार्य एएल अब्राहम व प्रधानाध्यापिका सुजाता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में यंग इंडियंस की दीपा नायर व रश्मि जैन के साथ विद्यालय के हेल्थ एंड हाइजीन क्लब की मॉडरेटर शिक्षिकाएं गार्गी व बैशाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पदमा अंचल कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित

## 50 से अधिक लोगों को मौके पर मिला लर्निंग लाइसेंस

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**। झारखंड सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को पदमा प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिला परिवहन विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सहूलियत देने के उद्देश्य से आयोजित यह तीसरा विशेष शिविर था। इससे पूर्व चुरचू और कटकमसांडी में भी ऐसे शिविर लगाए जा चुके हैं। शिविर में आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन, फोटो व बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ऑनलाइन टेस्ट लिया गया, जिसमें 50 से अधिक सफल अभ्यर्थियों को मौके पर ही लर्निंग लाइसेंस जारी किए गए। बिना जिला मुख्यालय के चक्कर काटे गांव-घर के पास ही लाइसेंस मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई और सरकार व परिवहन विभाग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पदमा अंचलाधिकारी मोतीलाल हेंब्रम, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष चौधरी, एमवीआई रवीना कुमारी और सड़क सुरक्षा प्रबंधक संतोष सिंह सहित परिवहन विभाग की टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने लोगों से बिना वैध लाइसेंस वाहन न चलाने तथा हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की।

# नीम चौक मार्ग पर जल जमाव से आवागमन बाधित



नई सोच एक्सप्रेस

**कान्हाचट्टी**। प्रखंड अंतर्गत राजपुर पंचायत में बारिश के कारण जलजमाव की समस्या गहराती जा रही है। नीम चौक जाने वाली मुख्य मार्ग पर पानी जमा रहने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के दोनों ओर मकानों का निर्माण हो जाने के कारण वर्षा का पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं बचा है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी भर जा रहा है। इससे आम ग्रामीणों, राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मुहर्रम के दौरान अस्थायी रूप से पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी, जिससे कुछ दिनों तक राहत मिली थी। लेकिन वह व्यवस्था बाद में बंद कर दी गई। व्यवस्था बंद होते ही फिर से सड़क पर जलजमाव शुरू हो गया। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण स्थिति और खराब हो सकती है। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो बीमारियां फैलने और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाएगी।ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि क्षेत्र में वर्षा जल निकासी के लिए स्थायी वैकल्पिक नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

# लावालौंग में पुलिस का बड़ा एक्शन महिला के घर से 722 ग्राम सूखी अफीम बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा**। जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लावालौंग थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने लावालौंग थाना क्षेत्र के बुलबुल गांव में छापेमारी कर एक महिला के घर से 722 ग्राम सूखी अफीम बरामद की है। बरामदगी के बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 19 जुलाई 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि बुलबुल गांव निवासी सकुन्ती देवी, पति बासुदेव गंझू, अपने घर में बिक्री के उद्देश्य से सूखी अफीम छिपाकर रखी हुई हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। अभियान का नेतृत्व सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नागरगोजे शुभम भाउसाहेब ने किया। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने सकुन्ती देवी के घर की तलाशी ली, जहां से एक स्टील के कनस्तर में रखी 722 ग्राम सूखी अफीम बरामद हुई। तलाशी के दौरान बैंक ऑफ इंडिया का एक पासबुक भी जब्त किया गया, जिसे जांच के लिए अपने कब्जे में लिया गया है। इस मामले में लावालौंग थाना कांड संख्या 49/2026 दिनांक 20 जुलाई 2026 को दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(सी), 27(ए) एवं 29 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुट गई है और यह भी जांच की जा रही है कि बरामद अफीम की खरीद-बिक्री में अन्य लोगों की संलिप्तता तो नहीं है। छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नागरगोजे शुभम भाउसाहेब, पुलिस अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव तथा लावालौंग थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## झरपो भुइयां टोली में महिला एक महिला ने लगाई फांसी, पति पर परिजनों ने लगाया मृतिका के पति पर प्रताड़ित करने का आरोप

नई सोच एक्सप्रेस



**टाटीझरिया (हजारीबाग)** । टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो भुइयां टोली में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। मृतिका की पहचान बेबी देवी पति अर्जुन भुइंया के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतिका के मायके व परिजनों ने उनके पति अर्जुन भुइयां पर जान-बूझकर आत्मदाह के लिए उकसाने और प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतिका अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही टाटीझरिया थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज (सदर अस्पताल), हजारीबाग भेज दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी, 22 जुलाई को सभी मतदान केंद्रों पर होगी बीएलओ-बीएलए बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**सिमरिया**। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत प्रखंड में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण, भरे हुए प्रपत्रों का संग्रहण तथा उनके डिजिटाइजेशन का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए-2 की तृतीय बैठक तथा चुनाव पाठशाला की तृतीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में एएसडीडीएफ सूची बीएलए के साथ साझा कर मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बैठक की तैयारियों को लेकर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सिमरिया श्री चंद्रदेव प्रसाद ने प्रखंड के सभी वालंटियरों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने गणना प्रपत्र संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए खराब प्रदर्शन वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित किया और दो दिनों के भीतर डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने वालंटियरों को अनुलग्नक-1 से अनुलग्नक-5 तक की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही स्पष्ट किया कि विभागीय निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही एवं संलग्न सूचियों के रिक्त स्थान केवल संबंधित बीएलओ एवं वालंटियर ही अपनी लिखावट में भरेंगे। इसके लिए किसी अन्य व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर मतदाताओं की अलग सूची का भी उपयोग किया जा सकेगा। बैठक में आम मतदाताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पिछले चुनाव के निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा अन्य राजनीतिक प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में सभी मतदान केंद्रों से संबद्ध वालंटियर उपस्थित रहे।

## मृत छात्र के परिवारों से मिले झामुमो पदाधिकारी, हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

सुधा सरोवर संवाददाता



**खूंटी**। तोरपा में सोमवार को हुए दर्दनाक करंट हादसे में प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के निर्देश पर मंगलवार को पार्टी के प्रखंड व जिला पदाधिकारियों ने मृत छात्र के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया व हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। झामुमो नेताओं ने कहा कि इस दुःखद घटना से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। पार्टी इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है व उनकी हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही प्रशासन से भी मांग की गई कि प्रभावित परिवारों को त्वरित व समुचित सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए। पार्टी की ओर से दिवंगत मासूमों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई व शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। वहीं हादसे में घायल लोगों के शीघ्र व पूर्ण स्वस्थ होने की भी ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर झामुमो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सोशांति कोनगाड़ी, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष अमृत हेमरोम, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष रॉबिन तोपनो, प्रखंड सचिव जेम्स आइंद, कोषाध्यक्ष जयदीप तोपनो, सचिव अमित बडिंग, जोलेन बरला, पंचायत अध्यक्ष मार्टिन आइंद सहित कई पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीएलओ-बीएलए-2 की तृतीय बैठक एवं चुनाव पाठशाला को लेकर डीडीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**गिरिडीह**। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत 22 जुलाई 2026 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाली बीएलओ-बीएलए-2 की तृतीय बैठक एवं चुनाव पाठशाला के सफल आयोजन को लेकर आज उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि 22 जुलाई को आयोजित होने वाली बैठक में प्रारूप मतदाता सूची एवं ASDDF मतदाता सूची का BLA-2 के साथ साझा कर उसका सत्यापन एवं अंतिम रूप दिया जाएगा। ASDDF सूची में डुप्लीकेट/एक से अधिक बार दर्ज मतदाता, मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता, अनुपस्थित/पता नहीं चलने वाले मतदाता तथा गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने वाले अथवा संदिग्ध मामलों की समीक्षा की जाएगी, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान अब तक प्राप्त प्रपत्र-6, 6A, 7 एवं 8 की भी समीक्षा की जाएगी तथा 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया पर भी चर्चा होगी। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जाएगा कि एक ही परिवार के सभी पात्र मतदाता एक ही मतदान केंद्र से संबद्ध हों। उप विकास आयुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने BLA-2 को निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित रहने तथा BLO के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची के प्रत्येक बिंदु का सूक्ष्म परीक्षण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं से अब तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उनसे तत्काल संपर्क कर प्रपत्र प्राप्त कराने में भी सहयोग किया जाए। साथ ही चुनाव पाठशाला के माध्यम से आम मतदाताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि बैठक में केवल भारतीय नागरिकों को ही शामिल किया जाएगा तथा किसी भी गैर-भारतीय व्यक्ति को इस प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मूल उद्देश्य प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज न होने देना है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय एवं रचनात्मक सहयोग देने की अपील की। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, श्रीमती पायल राज, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## रहस्य-रोमांचक उपन्यास 'तीसवाँ द्वार' का विमोचन

नई सोच एक्सप्रेस




**जमशेदपुर**। लेखिका डॉ. राजश्री वर्मा के रहस्य-रोमांचक हिंदी उपन्यास 'तीसवाँ द्वार' का विमोचन प्रख्यात पत्रकार एवं समाजसेवी राजेश कुमार वर्मा ने किया। समारोह में साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति रही। राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि 'तीसवाँ द्वार' रहस्य, इतिहास, रोमांच और मानवीय संवेदनाओं का अनूठा संगम है तथा यह हिंदी के रहस्य-प्रधान साहित्य को नई दिशा देगा। लेखिका डॉ. राजश्री वर्मा ने बताया कि यह उपन्यास वर्षों के अध्ययन, शोध और लेखन-साधना का परिणाम है, जिसका उद्देश्य पाठकों को रहस्य और रोमांच से भरपूर अनुभव देना है। कार्यक्रम के अंत में लेखिका ने पाठकों से संवाद किया और पुस्तकों पर हस्ताक्षर किए। बिहार प्रेस मेन्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनमोल कुमार ने उपन्यास के प्रकाशन पर डॉ. राजश्री वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉडलिंग से अभिनय तक नई पहचान बना रहीं स्वाति अप्सरा राय



**नई दिल्ली।** मॉडल, डांसर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वाति अप्सरा राय मनोरंजन जगत में तेजी से अपनी पहचान बना रही हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और उनकी कई रील्स व वीडियो लाखों बार देखे जा चुके हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर की रहने वाली स्वाति ब्राइडल शूट, ज्वेलरी कैंपेन और कई प्रतिष्ठित ब्रांड्स के विज्ञापनों में नजर आ चुकी हैं। मॉडलिंग के साथ-साथ उनके डांस और आकर्षक स्क्रीन प्रेजेंस को भी काफी सराहना मिल रही है। स्वाति फिटनेस को लेकर भी सजग हैं और नियमित योग, जिम तथा संतुलित आहार का पालन करती हैं। उनका कहना है कि आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और निरंतर मेहनत ही सफलता की सबसे मजबूत नींव हैं। स्वाति जल्द ही एक फिल्म और एक म्यूजिक एल्बम में नजर आएंगी। उनका मानना है कि अनुशासन, समर्पण और सही दिशा में लगातार प्रयास से हर सपना साकार किया जा सकता है।

### माता पार्वती जन्मोत्सव पर शालीग्राम मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** नगर स्थित प्राचीन शालीग्राम मंदिर में माता पार्वती जन्मोत्सव एवं अष्टमी के पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र लाल शर्मा एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथ चिकित्सक डॉ अनिल शर्मा के सौजन्य से आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित हर्ष शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना कर किया। पूजा के दौरान भक्तों ने माता रानी के जयकारों से पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डॉ अनिल शर्मा ने बताया कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करना भी है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। पूरे आयोजन में अनुशासन, व्यवस्था और सेवा भावना की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर डॉ सुनील, डॉ वीरेंद्र, विराट, हर्ष, सोनिया, पूनम, कृष्णपाल, धर्मेंद्र उर्फ सोनू, सभासद मोटी चौहान, अंशुधर भारद्वाज, मनीष गर्ग, सचिन गर्ग, अवधेश, गौतम, बादल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ ने मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी को किया सम्मानित

» कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ, शाखा वाराणसी के पदाधिकारियों ने मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह (आईएएस) एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार जायसवाल को शॉल, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महासंघ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कार्यवाहक अध्यक्ष रामबदन यादव, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय सहित अन्य पदाधिकारियों ने अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से उन्हें अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने महासंघ के प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी को यदि कोई समस्या हो तो वह सीधे उनसे संपर्क करें। कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। महासंघ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता ने कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील रुख अपनाने और समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा देने के लिए मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन के सकारात्मक सहयोग से कर्मचारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव होगा।

### गौरीपुर जवाहरनगर में भाजपा नेता राजा जैन ने कराया वार्षिक भंडारे का आयोजन



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** भाजपा के मंडल मंत्री, भारतीय जैन महासंघ के मंत्री, जय शांति सागर निकेतन मंडोला के उपाध्यक्ष एवं श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, रिवर पार्क के उपाध्यक्ष राजा जैन द्वारा गौरीपुर जवाहरनगर स्थित अपने प्रतिष्ठान पर श्रद्धा और सेवा भावना के साथ वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधिकारी नोवेन्द्र सिंह सिरोही रहे, जिन्होंने अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए विधिवत भंडारे का शुभारंभ कराया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। राजा जैन व उनके परिवार के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुचारु रूप से संभाली। राजा जैन ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा और धार्मिक कार्यों में योगदान देना उनका सौभाग्य है। कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करते रहेंगे। इस अवसर पर राजा जैन के भाई भारती जैन, वासु जैन, पारस जैन, उमंग जैन, लक्की, हर्षित शर्मा, सौरव शर्मा, सोनू, मनोज जैन, विशु, यश, चेतन, सत्री जैन, मंत्री जैन, सचिन जैन, हर्ष, विक्की, डॉ रिजवान, खुशी जैन, गोरी जैन, परी जैन, जाह्नवी, सलोनी, दृष्टि जैन, रूपा जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जंतर मंतर में बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में nsui का जबलपुर में विरोध प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



» केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अर्थी जुलूस निकल की इस्तीफे की माँग

**जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) जबलपुर द्वारा छात्र नेता अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं एवं छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज, स्मोक बम के प्रयोग एवं पुलिस की दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को सिविल लाइन स्थित साईं मंदिर चौक से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निवास तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अर्थी यात्रा निकालकर प्रतीकात्मक अर्थी दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया, जिससे NSUI कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वॉटर कैनन का भी प्रयोग किया। इसके बावजूद NSUI कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक डटे रहे और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। NSUI ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही है। संगठन ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज कर सरकार ने लोकतंत्र की मूल भावना को आहत किया है। Nsui के अनुराग शुक्ला ने कहा कि जंतर-मंतर पर अपने भविष्य और शिक्षा के अधिकार की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर जिस तरह से पुलिस ने लाठीचार्ज किया, स्मोक बम छोड़े और बर्बरता दिखाई, वह बेहद शर्मनाक है। लोकतंत्र में छात्रों की आवाज़ को डंडे के बल पर दबाया नहीं जा सकता। NSUI इस दमनकारी कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती है और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करती है। हम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हैं। NEET परीक्षा घोटाले ने लाखों छात्रों का भविष्य संकट में डाल दिया है और इस घोटाले से आहत होकर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को केंद्र सरकार तत्काल उचित मुआवजा प्रदान करे। जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा, NSUI का संघर्ष जारी रहेगा।" कार्यक्रम में मुख्य रूप से सागर शुक्ला, सोनू कुकरेल, रिजवान अली कोटी, बादल पंजवानी, अमित सोनकर, अदनान अंसारी, अभ्युत बाजपेयी, शिसांत ठाकुर, भानु यादव, निलेश जैन नीटू, सौरभ यादव, प्रतीक गौतम, एजाज अंसारी, राहुल यादव, सक्षम यादव, अनमोल प्रजापति, अंकित कोरी, वरुण यादव, अनिल मिश्रा, अदील अहमद, तुषार बक्सरिया, वाकर खान, रियाज अली, युग ठाकुर, आर्यन चौधरी, हर्ष श्रीवास्तव, लक्ष्य राजपूत...... आदि उपस्थित थे

## काजल कसेर को 'श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान'



नई सोच एक्सप्रेस

**जांजगीर।** जय भारत स्कूल की पीजीटी शिक्षिका काजल कसेर को शिक्षा में नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, महिला स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय शिक्षा अँजोर भारत की ओर से प्रदान किया गया। काजल कसेर ने 'मेरा जांजगीर, हरा जांजगीर' अभियान के माध्यम से वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया, जबकि 'रजोशक्ति महाभियान' के जरिए किशोरियों और महिलाओं में मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति वैज्ञानिक जागरूकता फैलाने का कार्य किया। उन्होंने 'निर्भया आत्मसुरक्षा शिविर' और स्कूलों में गुड टच-बैड टच विषय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए। हाल ही में उनकी नई पुस्तक 'Her Red Is Green' प्रकाशित हुई है, जो मासिक धर्म स्वास्थ्य और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन पर आधारित है। राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर शिक्षकों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जांजगीर जिले के लिए गौरव का विषय बताया।

## छात्र-युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में युवा जेजेपी ने सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र।** युवा जननायक जनता पार्टी (युवा जेजेपी) ने प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला के निर्देश पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश पायलट के नेतृत्व में उपायुक्त कुरुक्षेत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 20 जुलाई को नई दिल्ली में छात्र-युवाओं के शांतिपूर्ण मार्च के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस के प्रयोग की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। युवा जेजेपी नेताओं ने कहा कि देशभर से छात्र-युवा रोजगार, शिक्षा और छात्र अधिकारों की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उन पर बल प्रयोग किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार देता है। ज्ञापन में मांग की गई कि घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही घायल छात्रों और युवाओं को समुचित उपचार व सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा भविष्य में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर बल प्रयोग न हो। राजेश पायलट ने कहा कि युवा जेजेपी छात्र-युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए उनके साथ मजबूती से खड़ी है और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष राजेश पायलट घराडसी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल मुकीमपुरा, इनसो जिला अध्यक्ष विक्रांत, इनसो जिला चेयरमैन शिवांश शर्मा, युवा हलका प्रधान साहिल लाडवा, युवा हलका प्रधान हिमांशु, यशपाल चुड़नी, अजय बाजीगर एवं लक्की काजल आदि भी मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र में भारत विकास परिषद ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

नई सोच एक्सप्रेस

**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद की कुरुक्षेत्र शाखा द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए आज गुलजारीलाल नंदा स्मारक स्थल पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में नीम, पीपल, बरगद, जामुन और गुलमोहर जैसे पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा विधिवत पौधारोपण के साथ हुई। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष जय प्रकाश पंवार ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। परिषद के सदस्यों ने न केवल पौधे रोपे, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाने और नियमित रूप से पानी देने का दायित्व भी लिया। इस पुनीत कार्य में स्थानीय निवासियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने और पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्मारक की डायरेक्टर शुचिस्मिता, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय



धरोहर के क्यूरेटर कुलदीप, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष जय प्रकाश पंवार, पूर्व अध्यक्ष विजयंत बिंदल एवं कार्यक्रम संयोजक रमेश तिलक गुलाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प संत अतुलानंद कॉलेज में सृजन संस्था द्वारा रैली,वृक्षारोपण व गौ-पूजन के साथ जागरूकता अभियान का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




» 'हर बूंद बचाएं,हरियाली बढ़ाएं' का संदेश पर्यावरण ऋषि अनिल कुमार सिंह की पहल पर संत अतुलानंद परिसर में वृहद अभियान

**वाराणसी।** सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं 'पर्यावरण ऋषि' अनिल कुमार सिंह की प्रेरक पहल पर 21 जुलाई सोमवार को संत अतुलानंद कॉलेज के कोइराजपुर परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक वृहद जागरूकता अभियान चलाया गया | इस कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य पर्यावरण संरक्षण रैली,वृहद वृक्षारोपण और सनातन परंपरा के अनुसार गौ-पूजन का पावन कार्य संपन्न हुआ | इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 95 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट आर एस बालापुरकर रहे साथ में 95 बटालियन सीआरपीएफ के जवान भी उपस्थित रहे | कार्यक्रम की अध्यक्षता संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल के चेयरमैन राहुल सिंह एवं निदेशक श्रीमती वंदना सिंह ने की | कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के सभी गुरुजनों,प्रबुद्ध जनों और छात्र- छात्राओं ने मिलकर कोइराजपुर परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में एक विशाल पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली | रैली के माध्यम से समाज को पेड़ लगाने और प्रकृति को बचाने का संदेश दिया गया |इसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा परिसर में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया | प्रकृति की रक्षा के साथ-साथ हमारी संस्कृति के प्रतीक गौ-वंश की सेवा का संकल्प लेते हुए वैदिक मंत्रोचार के बीच गौ-पूजन भी किया गया | इस अवसर पर सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों, छात्र- छात्राओं और नागरिकों को जीवन में जल की एक-एक बूंद बचाने और पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा रखने की सामूहिक शपथ दिलाई | उन्होंने कहा कि आज के समय में जल संकट और पर्यावरण असंतुलन सबसे बड़ी चुनौती है जिससे निपटने के लिए छात्र शक्ति का आगे आना बेहद जरूरी है | इसी कड़ी में 'पर्यावरण एवं जल संरक्षण' विषय पर एक विशेष विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया | संगोष्ठी में उपस्थित विद्वत जनों और शिक्षाविदों ने बदलते मौसम चक्र,ग्लोबल वार्मिंग और गिरते भूजल स्तर पर गहरी चिंता व्यक्त की | वक्ताओं ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और वर्षा जल संचयन वाटर हार्वेस्टिंग को अपनाने पर बल दिया | कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि,सृजन न्यास के अध्यक्ष और सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस सफल भागीदारी के लिए छात्र-छात्राओं की सराहना की ||

## थानेसर मंडल के सभी शक्ति केंद्रों पर भाजपा की टिफिन बैठकों का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के आह्वान पर मंगलवार को थानेसर मंडल के सभी शक्ति केंद्रों पर टिफिन बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में कार्यकर्ताओं ने आत्मीय वातावरण में सहभागिता करते हुए संगठन की आगामी गतिविधियों एवं बूथ स्तर को और अधिक सशक्त बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म को प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता तक पहुंचाने, बूथ समितियों के गठन, बूथ स्तर पर आयोजित किए जाने वाले सात प्रमुख कार्यक्रमों की समीक्षा तथा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठकों में संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, बीएल-2, पालक, पन्ना प्रमुख, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. सिमरन आनंद छाबड़ा बनीं ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट डेंटल सर्जन सेल की हरियाणा प्रदेश की अध्यक्षा

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र।** ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट ने समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. सिमरन आनंद छाबड़ा को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष (डेंटल सर्जन सेल) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति ट्रस्ट की उत्तरी भारत डॉक्टर सैल की अध्यक्षा डॉ. वसुंधरा मेहरोत्रा ने संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट मधुसूदन बावेजा की सहमति से की। डॉ. सिमरन आनंद छाबड़ा खेड़ी मारकंडा रोड़ पर आनंद डेंटल क्लीनिक के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जानी जाती हैं। छह वर्षों के अनुभव के दौरान उन्होंने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनका मिलनसार स्वभाव और सेवा भावना उन्हें आमजन के बीच विशेष पहचान दिलाती है। उन्होंने ट्रस्ट के माध्यम से अनेक निःशुल्क डेंटल मेडिकल कैंप आयोजित कर जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की हैं। उनकी जनसेवा, समर्पण और सामाजिक कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन मधुसूदन बावेजा एडवोकेट व प्रदेश मीडिया प्रभारी तरुण वाधवा ने डॉ. सिमरन आनंद छाबड़ा को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में डेंटल सर्जन सेल समाजहित में और अधिक प्रभावी कार्य करेगा। वहीं डॉ. वसुंधरा मेहरोत्रा ने भी आशा व्यक्त की कि डॉ. सिमरन ट्रस्ट की सेवा गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## कर्मा देवी समूह के सहयोग से रानीपुर बेलाड़ी में 'काली माई के चउरा' का भव्य लोकार्पण एवं मूर्ति स्थापना

नई सोच एक्सप्रेस



**बस्ती।** कर्मा देवी समूह के सौजन्य से रानीपुर बेलाड़ी में प्राचीन ऐतिहासिक "काली माई के चउरा" के भव्य लोकार्पण, मूर्ति स्थापना तथा विशेष पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कर्मा देवी ग्रुप के चेयरमैन सेवानिवृत आईएएस ओ एन सिंह ने बताया कि यह मंदिर लाखो लोगो की आस्था का प्रतीक है और इसके सुंदरीकरण का कार्य मूर्ति स्थापना और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों लोगों की अटूट आस्था का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संजोना तथा उनका विकास करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहें।" कर्मा देवी ग्रुप की कार्यकारी अधिकारी अंशु सिंह गौतम ने कहा मेरे परिवार के साथ साथ संपूर्ण गांव की आस्था का केंद्र यह मंदिर है और समय समय पर और भी जो जरूरते होंगी उन पर भी काम किया जायेगा। इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन को सफल बनाने में विश्वजीत सिंह, नितीश सिंह, रोहित सिंह, रितेश सिंह कर्मा देवी परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों का अभूतपूर्व योगदान रहा। कार्यक्रम स्थल पर शांति और सुव्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे सभी श्रद्धालुओं ने सुगमतापूर्वक पूजा-अर्चना की और महा प्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र में आपसी भाईचारा, सौहार्द और धार्मिक आस्था का अनूठा उदाहरण देखने को मिला।

## संक्षिप्त समाचार


### दानापुर के तीन बड़े स्कूलों को मिली बन से उड़ानें की धमकी, बच्चों को सुरक्षित स्कूल से निकाला गया

**दानापुर**। नगर स्थित तीनों बड़े स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। उनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल के सीनियर और जूनियर विंग, आर्मी पब्लिक स्कूल और रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। धमकी की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रशासन ने एहतियातन बच्चों और कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाल लिया। सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल परिसर खाली कराया गया। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उन्हें उनके अभिभावकों के हवाले किया गया। पुलिस और सुरक्षा टीमों ने स्कूल परिसर के अलग-अलग हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने स्कूल परिसरों में जांच शुरू कर दी। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए स्कूलों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रशासन की ओर से लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। वहीं मामले की जांच में साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है। अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि धमकी किस स्थान से और किस माध्यम से भेजी गई

### पटना यूनिवर्सिटी के पुराने एक्ट के साथ छेड़छाड़ नहीं करने की मांग को ले पीयू के शिक्षक सामूहिक अवकाश पर

**पटना**। पटना यूनिवर्सिटी के शिक्षक आज सम्राट सरकार के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है। पटना यूनिवर्सिटी सीनेट हॉल के बाहर 350 शिक्षक सहित, कर्मचारी संघ और छात्र संघ मिलाकर करीब 1000 लोग प्रदर्शन में शामिल हुए हैं। विश्वविद्यालय स्वायत्तता के सवाल पर सभी शिक्षक एकजुट हुए हैं। शिक्षक आज सामूहिक अवकाश पर हैं। बिहार सरकार मुदार्बाद के नारे लगाए जा रहे। पटना यूनिवर्सिटी के शिक्षक डॉ. दीप नारायण श्रवण ने कहा कि मानसून सत्र में ह्यबिहार उच्च शिक्षा विधेयक 2026ह्न पेश किया जाएगा। इसके विरोध में आज पटना यूनिवर्सिटी के शिक्षक संघ, कर्मचारी संघ और छात्र संघ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पटना विश्वविद्यालय के पुराने एक्ट के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। अगर पटना विश्वविद्यालय के अंतर्गत मौजूद 10 कांस्टीट्यूएंट कॉलेज को सरकार के अधीन लाया जाएगा तो फिर यहां पर कुछ भी नहीं बचेगा। पटना यूनिवर्सिटी के जो शिक्षक मेरिट से यहां आते हैं, उन्हें दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र में भेज दिया जाएगा जो हमें बर्दाश्त नहीं है। यदि सरकार हमारी बात नहीं मानती है तो आगे हम बड़ा आंदोलन करेंगे। हम लोग विधानसभा का घेराव करेंगे और राजभवन भी मार्च करेंगे। वहीं, दूसरी तरफ सभी परीक्षाएं रद्द होने पर बीएन कॉलेज के छात्रों ने रोड जाम कर दिया है। वाणिज्य महाविद्यालय की प्रिंसिपल सुहेली मेहता ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि विश्वविद्यालय और कॉलेज से जुड़े निर्णय अब डीएम-बीडीओ के हाथ में होगा। यह समझा जा सकता है कि तब विश्वविद्यालय की क्या हालत होगी। हम लोग उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर से मिलने गए थे, मगर उन्होंने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई और कहा कि शिक्षकों को इससे क्या दिक्कत है। बिहार में उच्च शिक्षा का ढांचा सभी जगह से अच्छा है और हम चाहते हैं कि वह बरकरार रहे। सहायक प्राध्यापक शेखर ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में यूनिवर्सिटी को एक स्वायत्त संस्था मानी गई है। यानी कोई भी सरकार अपनी मानसिकता शैक्षणिक संस्थानों पर न सौंपे। यहां से पढ़े हमारे बच्चे सीधे प्रशासनिक सेवा में जाएंगे। यदि हम सरकारी तंत्र के मानसिकता से चले और वैसे बच्चे निकाले जो सरकार के ही नक्शेकदम पर चलेंगे। आज अगर यह सरकार के अंतर्गत आता है तो तय है कि वह स्वायत्तता छीन ली जाएगी। जिस अधिनियम को खत्म करने की बात आ रही है, उसी के बदौलत हम सारे शिक्षकों की बहाली हुई है।

### विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवसः स्माइल ट्रेन इंडिया ने 8 लाख से अधिक बच्चों की मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी का बनाया रिकॉर्ड



**पटना**।विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवस के अवसर पर स्माइल ट्रेन इंडिया ने बताया कि वर्ष 2000 से अब तक देशभर में 8 लाख से अधिक बच्चों की मुफ्त क्लेफ्ट (कटे होंठ और तालू) सर्जरी कराई जा चुकी है। बिहार में संस्था के तीन साझेदार अस्पतालों के माध्यम से 34 हजार से अधिक बच्चों का निशुल्क उपचार हुआ है। संस्था ने कहा कि अब उसका मुख्य फोकस क्लेफ्ट की समय पर पहचान, जागरूकता बढ़ाने और शीघ्र उपचार सुनिश्चित करने पर है। भारत में हर वर्ष करीब 25 हजार बच्चे क्लेफ्ट के साथ जन्म लेते हैं, लेकिन जागरूकता की कमी और सामाजिक भ्रांतियों के कारण कई बच्चों का इलाज समय पर नहीं हो पाता। स्माइल ट्रेन इंडिया सर्जरी के साथ पोषण सहायता, स्पीच थेरेपी और ऑर्थोडॉन्टिक उपचार जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराती है। संस्था ने लोगों से क्लेफ्ट को लेकर जागरूकता बढ़ाने और समय पर इलाज सुनिश्चित करने की अपील की। मुफ्त उपचार संबंधी जानकारी के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-103-8301 जारी की गई है।

### दानापुर के तीन बड़े स्कूलों को मिली बम से उड़ानें की धमकी,बच्चों को सुरक्षित स्कूल से निकाला गया



**दानापुर**। नगर स्थित तीन बड़े स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। उनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल के सीनियर और जूनियर विंग, आर्मी पब्लिक स्कूल और रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। धमकी की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रशासन ने एहतियातन बच्चों और कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाल लिया। सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल परिसर खाली कराया गया। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उन्हें उनके अभिभावकों के हवाले किया गया। पुलिस और सुरक्षा टीमों ने स्कूल परिसर के अलग-अलग हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने स्कूल परिसरों में जांच शुरू कर दी। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए स्कूलों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रशासन की ओर से लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। वहीं मामले की जांच में साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है। अधिकारी यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि धमकी किस स्थान से और किस माध्यम से भेजी गई।

## जेएनएल कॉलेज में 'लोकतंत्र में न्याय की अवधारणा' पर द्वि-दिवसीय संगोष्ठी




नई सोच एक्सप्रेस

**खगौल**।जगत नारायण लाल कॉलेज, खगौल के राजनीति विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी जगत नारायण लाल की जयंती पर 'लोकतंत्र में न्याय की अवधारणा' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ जगत बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और मंगलगान से हुआ। अध्यक्षता प्रधानाचार्या मधुप्रभा सिंह ने की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए न्याय और सामाजिक मूल्यों का संरक्षण आवश्यक है। मुख्य अतिथि प्रो. दिलीप कुमार ने न्याय की स्थापना के लिए सहिष्णुता को जरूरी बताया। प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. निखिल कुमार सिंह, प्रो. अविनाश कुमार, डॉ. शशिकांत प्रसाद, डॉ. गिरिजेश नंदन कुमार और डॉ. सैयद सरवर ईमाम ने भी लोकतंत्र, न्यायपालिका, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी में आदित्य आनंद, स्वाति कुमारी, सुप्रिया कुमारी समेत कई विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पल्लवी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पंकज ने किया। बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिहार रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित हुआ फ्लड रेस्क्यू सेमिनार, राज्यपाल ने लिया जायजा

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर**। झारखंड एवं बिहार सब एरिया के सौजन्य से बिहार रेजिमेंटल सेंटर दानापुर कैंटोनमेंट में मंगलवार को "फ्लड रेस्क्यू ऑपरेशन सेमिनार एवं उपकरण प्रदर्शनी" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार के राज्यपाल और सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न स्टॉल और राहत शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और एयर फोर्स की आपदा राहत तैयारियों का जायजा लिया तथा आधुनिक ड्रोन तकनीक का भी अवलोकन किया। राज्यपाल ने कहा कि राज्यपाल ने आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मियों की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समन्वित तैयारी, क्षमता निर्माण और जन-जागरूकता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में बाढ़ राहत और बचाव अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी एजेंसियों के बीच बेहतर सहयोग पर बल दिया।कार्यक्रम के दौरान 51 इंजीनियर रेजिमेंट की ओर से आधुनिक बाढ़ राहत एवं बचाव उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में नावें, लाइफ सेविंग उपकरण, संचार साधन और अन्य विशेष बचाव संसाधनों का प्रदर्शन किया गया। इससे प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन में उपयोग होने वाली आधुनिक तकनीकों और संसाधनों की विस्तृत जानकारी मिली। सेमिनार में झारखंड एवं बिहार सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल जितेंद्र सिंह, डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर अमित वेदी, बिहार रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा, डिप्टी कमांडेंट कर्नल विजय कुमार, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल प्रशासन तथा विभिन्न आपदा प्रबंधन एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता लाजपत राय को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत करने पहुंचे-गुरुजी चंदेल

नई सोच एक्सप्रेस



» अधिवक्ता लाजपत राय अनुसूचित जाति समाज के सबसे काबिल और समझदार व्यक्ति

**नई दिल्ली**।भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश के पद पर अधिवक्ता लाजपत राय को अध्यक्ष बनाए जाने पर आज उन्हें गुरु जी राजू चंदेल शुभकामना देने पहुंचे उन्होंने अधिवक्ता लाजपत राय को अंग वस्त्र गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया इस मौके पर हेमंत धनवाड़िया, रिपु दमन राठौर, गौरव असोलिया, सुमेश लिलोठिया, मोतीलाल, दक्षिण दिल्ली से चंद्रपाल जी सहित सैकड़ो गण मान्य उनके समर्थक और साथ ही उन्हें मुबारकबाद देने पहुंचे इस मौके पर गुरुजी राजू चंदेल ने बोलते हुए कहा की हमारे अनुसूचित जाति समाज के सबसे काबिल व्यक्ति समझदार अधिवक्ता लाजपत राय जी हैं आज उन्होंने अपनी मेहनत और काबिलियत के बल पर संगठन को बड़ी ऊंचाइयों पर लेकर गए हैं उन्होंने दिन-रात भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य किया है और अनुसूचित जाति समाज के लोगों को बड़ी तादाद में पार्टी में शामिल किया है आज उसी की बदौलत है भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें दिल्ली प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का अध्यक्ष बनाया है आज हमें और हमारे अनुसूचित जाति समाज के वर्ग में इस बात को लेकर बड़ी खुशी की लहर चारों तरफ दौड़ रही है नवनिर्वाचित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता लाजपत राय ने इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा एवं संगठन मंत्री पवन राना और अपने अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा को इस कामयाबी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सब ने मेरा काम और मेहनत को देखा जिस कारण उन्होंने मुझे इस पद के काबिल समझा मैं उनका दिल से शुक्रिया करता हूं और मेहनत लगन के साथ भारतीय जनता पार्टी को और ऊंचाइयों पर लेकर जाऊंगा

## फर्नबरो एयरशो 2026 में गोदरेज ने प्रदर्शित की भारत की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमता

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का एयरोस्पेस व्यवसाय 20 से 24 जुलाई तक यूनाइटेड किंगडम में आयोजित फर्नबरो इंटरनेशनल एयरशो 2026 में वैश्विक एयरोस्पेस और एयरो-इंजन विनिर्माण में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रदर्शन कर रहा है। चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ कंपनी प्रिसिजन मशीनिंग, एडवांस्ड फैब्रिकेशन, हॉट फॉर्मिंग, ब्रेजिंग और वेल्डिंग जैसी अत्याधुनिक विनिर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन कर रही है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के एयरोस्पेस बिजनेस हेड मानेक बेहरामकामदीन ने कहा कि भारत अब केवल विनिर्माण केंद्र नहीं, बल्कि वैश्विक विमानन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभर रहा है। कंपनी ने बताया कि वह अनुसंधान एवं विकास (R&D) और डिजाइन आधारित इंजीनियरिंग में लगातार निवेश कर रही है। फर्नबरो एयरशो में भागीदारी से वैश्विक कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने और भारत की उन्नत एयरोस्पेस क्षमता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

## गोनावां पंचायत में लगा सहयोग शिविरः डीडीसी सारा अशरफ की अध्यक्षता में 50 आवेदन निपटाए गए

नई सोच एक्सप्रेस




**हरनौत**।नालन्दा जिले के हरनौत प्रखंड के गोनावां पंचायत सरकार भवन पर मंगलवार को आम लोगों की समस्याओं का हल करने हेतु सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता नालंदा डीडीसी सारा अशरफ ने किया। जबकि संचालन बीडीओ डॉ पंकज कुमार ने किया।अधिकारों ने शिविर में मिलने वाली सुविधाएं एवं इसके उद्देश्य के बारे में जनता को बताया।इस दौरान ग्राम पंचायत राज गोनावां के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष अमरेश उपाध्याय,सीओ रिता कुमारी, बीपीआरओ उमेश कुमार,पीओ आनंद कुमार,बीसीओ कृष्ण कुमार एवं पंकज कुमार,एमओ प्रिया आनंद,आरओ ऋतुरिम्मि सहित अन्य मौजूद थे।वहीं मुखिया अमरेश उपाध्याय ने बताया कि पंचायती राज विभाग,विकसीत भारत जी रामजी,आवास योजना, पेंशन,राशन कार्ड, शौचालय निर्माण,पीएचईडी ,सीडीपीओ, कृषि, स्वास्थ्य और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों के लिए अलग-अलग 12 कॉउंटर बनाया गया था। ताकि लोगों को एक ही जगह पर सभी जरूरी सेवाएं मिल सकें और लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचाना और लंबित मामलों को तेजी से निपटाना था। शिविर के दौरान 30 नये आवेदन लिए गए। जबकि शिविर के दौरान हीं 26 आवेदन को निपटाया गया।साथ ही पूर्व के 24 आवेदनों का भी निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया गया। शिविर में विभिन्न समस्ययों के निपटारा किए गए मामलों को डीडीसी ने सर्टिफिकेट सौंपा। शिविर में नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल और शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई थी ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो। लोगों इस कार्यक्रम की सराहना की ।मौके पर सरपंच ललन पंचायत समिति प्रतिनिधि राजीव,पंचायत सचिव आनंद कुमार,वार्ड सदस्य संजीत सुधीर, प्रत्यूष,केशव,बच्चन सहित रंजू,आनंद,परमानंद समेत अन्य मौजूद थे।

## सूत्रधार की ओर से नाट्य कार्यशाला का हुआ आयोजन ,युवाओं को दिया गया अभिनय का प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**।खगौल की नाट्य संस्था 'सूत्रधार' द्वारा 21 दिवसीय अभिनय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें युवा कलाकारों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया गया। कार्यशाला निर्देशक नवाब आलम के नेतृत्व में प्रशिक्षु कलाकारों को नाटक की गतिविधियों से रूबरू कराते हुए उन्हें शारीरिक गतिविधि, वाचिक और आगिक अभिनय का प्रशिक्षण दिया गया। थियेटर गेम, स्टोरी टेलिंग, उच्चारण, ध्वनि, मंच सज्जा और इंप्रोवाइजेशन के माध्यम से रंगकर्मियों की कल्पनाशक्ति को विकसित किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया के इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षु कलाकारों को रंगमंच के सभी आयामों का ज्ञान देना है जिससे उन्हें एक बेहतर कलाकार बनने के साथ एक बेहतर इंसान बनने में मदद मिले। इस प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में भिखारी ठाकुर द्वारा रचित कलजयी नाटक 'गबरघिचोर' की तैयारी भी की गई जिसकी प्रस्तुति 26 जुलाई 2026 (रविवार) को संध्या 6 बजे, पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खगौल में निर्धारित है। कार्यशाला प्रभारी प्रो. प्रसिद्ध कुमार ने बताया कि यह वर्कशॉप नए ऊजार्वान रंगकर्मियों की कमी को पूरा करेगा जिससे कला-संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। इस नाट्य अभिनय कार्यशाला में मुकेश कुमार, अखिलेश सिंह, अमन कुमार, सिंपी सिंह, कुंदन कुमार, आसिफ हसन, लवकुश कुमार, अभिजीत कुमार, भोला सिंह, राजीव रंजन त्रिपाठी, शशि भूषण शर्मा, सऊद आलम, हुस्ना फातिमा आदि सक्रिय रहे।

## 21 दिवसीय अभिनय कार्यशाला संपन्न, युवा रंगकर्मी अभिनय की बारीकियों से हुए रूबरू



नई सोच एक्सप्रेस

**खगौल**।नाट्य संस्था 'सूत्रधार' द्वारा बड़ी खगौल स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित 21 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का समापन हुआ। 1 जुलाई से शुरू हुई कार्यशाला में निर्देशक नवाब आलम के नेतृत्व में युवाओं को अभिनय, शारीरिक एवं वाचिक अभिव्यक्ति, थियेटर गेम, स्टोरी टेलिंग, उच्चारण, मंच सज्जा और इम्प्रोवाइजेशन का प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी मिथिलेश पांडे ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य नए कलाकारों को रंगमंच के विभिन्न आयामों से परिचित कर उन्हें बेहतर कलाकार और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। कार्यशाला प्रभारी प्रो. प्रसिद्ध कुमार ने बताया कि प्रशिक्षु कलाकार 26 जुलाई को पूर्व मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खगौल में भिखारी ठाकुर के प्रसिद्ध नाटक 'गबरघिचोर' का मंचन करेंगे। कार्यशाला में कई युवा रंगकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## शालीन काबरा के पिता के निधन पर जम्मू-कश्मीर राजस्व विभाग में शोक




नई सोच एक्सप्रेस

**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर रेवेन्यू एम्प्लॉइज कोऑर्डिनेशन कमेटी ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (जल शक्ति) एवं वित्तीय आयुक्त (राजस्व) शालीन काबरा (आईएएस) के पिता राम प्रसाद काबरा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनका 20 जुलाई 2026 को निधन हो गया। कमेटी ने अपने शोक संदेश में कहा कि राम प्रसाद काबरा अपनी ईमानदारी, विनम्रता, करुणा और उच्च मानवीय मूल्यों के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनके निधन को काबरा परिवार के साथ-साथ पूरे जम्मू-कश्मीर राजस्व विभाग के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। जेएंडके रेवेन्यू ऑफिसर्स एसोसिएशन, क्लेरिकल एसोसिएशन, पटवार एसोसिएशन, नॉन-गजेटेड एम्प्लॉइज एसोसिएशन सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने शालीन काबरा एवं उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## पोआरी पंचायत में लगा सहयोग शिविर ,डीडीसी रहे मौजूद

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**। प्रखंड के पोआरी पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर पंचायत क्षेत्र के नेशनल हाईवे 31ए किनारे स्थित मॉडल स्कूल परिसर में सुबह दस बजे से लगा। जिसमें नालंदा उप विकास आयुक्त ( डीडीसी) सारा अशरफ ,बीडीओ डॉ पंकज कुमार ,ग्राम पंचायत राज पोआरी के मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार उर्फ बरे पासवान,सीओ रिता कुमारी, बीपीआरओ उमेश कुमार, उप मुखिया पुरूषोत्तम कुमार सहित अन्य मौजूद थे। शिविर में विभिन्न नौ विभाग के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे।जहां संबंधित विभाग के कर्मियों सहित अफसर तैनात थे। शिविर में सबसे ज्यादा मालला आवास एवं सांख्यिकी से संबंधित था। अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचाना और लंबित मामलों को तेजी से निपटाना था। वहीं पंचायत सचिव विकास कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान 14 नये आवेदन लिए गए। जबकि शिविर के दौरान हीं 41 आवेदन को निपटाया गया।साथ ही पूर्व के 29 आवेदनों का भी निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया गया। शिविर में विभिन्न समस्ययों के निपटारा किए गए मामलों को डीडीसी ने अपने हाथों से सर्टिफिकेट जनता को सौंपा। मौके पर आरओ ऋतु रिमझिम,आवास सहायक प्रमोद,डीईओ समाजिक सुरक्षा कोषांग विभाग के डीईओ पवन, आपूर्ति विभाग के डीईओ अनिरूद्ध, आईसीडीएस के एलएस भारती,पीएचईडी से अखिलेश, बिजली से सूरज,पीआरएस राजीव, कार्यपालक सहायक शिवजी, पूर्व मुखिया पंकज सहित अन्य मौजूद थे।

# एक साथ 6 भाषाओं में दस्तक देगा 'बिग बॉस', सलमान खान और सौरव गांगुली समेत महासितारों का लगेगा मेला



भा भारतीय टेलीविजन और डिजिटल स्ट्रीमिंग की दुनिया में 'बिग बॉस' सिर्फ एक रियलिटी शो नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक घटना बन चुका है। साल-दर-साल इस शो ने लोकप्रियता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अब, इस कल्ट रियलिटी शो के मुरीद फैंस के लिए एक ऐसी खबर सामने आई है जो मनोरंजन उद्योग की दिशा और दशा को हमेशा के लिए बदल देगी। आगामी फेस्टिव सीजन को देखते हुए मेकर्स ने अब तक की सबसे भव्य और महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। इस बार बिग बॉस का नया सीजन सामान्य से कहीं अधिक बड़ा, भव्य और व्यापक होने जा रहा है, क्योंकि इतिहास में पहली बार इसके 6 अलग-अलग क्षेत्रीय एडिशंस एक साथ तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस मेगा लॉन्चिंग के जरिए शो को हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला भाषाओं में एक साथ पेश किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कदम से न केवल दर्शकों का मनोरंजन का दायरा बढ़ेगा, बल्कि भारतीय मनोरंजन उद्योग में रीजनल कंटेंट की ताकत को एक नया मुकाम मिलेगा। बिग बॉस की सफलता का एक बहुत बड़ा श्रेय इसके दमदार और प्रभावशाली कप्तानों यानी होस्ट्स को जाता है। इस बार मेकर्स ने दर्शकों की नब्ज पहचानते हुए हर भाषाई एडिशन के लिए देश के सबसे बड़े और दिग्गज सुपरस्टार्स को कमान सौंपी है।

**हिंदी एडिशनः** हमेशा की तरह दर्शकों के चहेते और बिग बॉस की पहचान बन चुके मेगास्टार सलमान खान एक बार फिर अपने चिर-परिचित अंदाज और 'वीकेंड का वार' के साथ हिंदी पट्टी के दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे।

**मलयालम एडिशनः** केरल और मलयालम सिनेमा के लिविंग लेजेंड मोहनलाल अपनी सादगी और कड़क अंदाज से मलयालम एडिशन को संभालेंगे। **कन्नड़ एडिशनः** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता किच्चा सुदीप कन्नड़ दर्शकों के बीच अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराएंगे। **तेलुगू एडिशनः** टॉलीवुड के एवरग्रीन सुपरस्टार नागार्जुन तेलुगू एडिशन में अपना जलवा बिखेरेंगे।

**तमिल एडिशनः** तमिल सिनेमा के सबसे चहेते और वर्सटाइल अभिनेताओं में शुमार विजय सेतुपति इस बार तमिल एडिशन की कमान अपने हाथों में लेंगे, जिससे दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। **बांग्ला एडिशनः** इस बार का सबसे बड़ा सरप्राइज और धमाका बांग्ला एडिशन में होने जा रहा है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल के गौरव 'दादा' यानी सौरव गांगुली इस बार बिग बॉस की इस मेगा फ्रेंचाइजी से जुड़ रहे हैं। सौरव गांगुली की एंट्री ने इस पूरे शो की स्टार पावर और ब्रांड वैल्यू को एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है। क्रिकेट के मैदान पर अपनी रणनीतियों से विरोधियों को पस्त करने वाले दादा अब बिग बॉस के घर के अंदर की रणनीतियों को कैसे संभालते हैं, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

मनोरंजन की यह महालहर आगामी फेस्टिव सीजन यानी सितंबर से शुरू होने जा रही है। इन सभी 6 भाषाओं के एडिशंस को जियो हॉटस्टार के टेलीविजन नेटवर्क और इसके डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक साथ ऑनएयर किया जाएगा। मेकर्स त्योहारों के सीजन में दर्शकों को मनोरंजन का ऐसा विकल्प देना चाहते हैं, जिसे छोड़कर वे कहीं और न जा सकें। यह पहली बार होगा जब दर्शकों के पास अपनी मातृभाषा में बिग बॉस देखने के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में चल रहे ड्रामा को भी एक ही प्लेटफॉर्म पर लाइव ट्रैक करने का मौका मिलेगा। डिजिटल और लिनियर टीवी के इस एकीकरण से दर्शकों को देखने का एक बेजोड़ और निर्बाध अनुभव मिलेगा। बिग बॉस को लेकर फैंस की दीवानगी कितनी तगड़ी है, इसका अंदाजा इसके पिछले सीजन के रिकॉर्ड तोड़ आंकड़ों से लगाया जा सकता है। आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार, शो ने डिजिटल और टीवी दोनों प्लेटफॉर्म्स पर सफलता के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। **500 मिलियन व्यूजः** पिछले वर्ष के दौरान बिग बॉस को कुल 500 मिलियन से अधिक व्यूज हासिल हुए, जो इसकी व्यापक पहुंच को दर्शाता है। 438 बिलियन व्यूइंग मिनट्सः दर्शकों ने इस शो को देखने में कुल 438 बिलियन से ज्यादा मिनट बिताए, जो भारतीय ओटीटी और टीवी स्पेस में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। 47% की सालाना ग्रोथः क्षेत्रीय भाषाओं (रीजनल एडिशंस) के मामले में शो ने साल-दर-साल (YoY) 47 प्रतिशत की शानदार और अभूतपूर्व बढ़त दर्ज की है, जो यह साबित करता है कि गैर-हिंदी भाषी राज्यों में भी बिग बॉस का क्रेज तेजी से बढ़ा है। 9.32 बिलियन वोट्सः शो के प्रति दर्शकों के जुड़ाव और एंगेजमेंट का सबसे बड़ा सबूत यह है कि जनता ने अपने पसंदीदा प्रतियोगियों को बचाने के लिए जियो हॉटस्टार पर रिकॉर्ड 9.32 बिलियन (932 करोड़ से अधिक) वोट्स किए। अगर भाषाई मार्केट के हिसाब से बात करें, तो हिंदी भाषी बाजारों में बिग बॉस को 200 मिलियन से अधिक व्यूज मिले। वहीं, दक्षिण भारतीय बाजारों (तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम) ने सामूहिक रूप से 300 मिलियन से अधिक व्यूज का योगदान दिया, जिसने मेकर्स को इस बार एक साथ सभी भाषाओं को बड़े पैमाने पर लॉन्च करने का हौसला दिया है।

# बांद्रा में जॉन इब्राहिम का नया ठिकाना, 84 करोड़ रुपये में खरीदा आलीशान बंगला





बॉ बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता जॉन इब्राहिम ने मुंबई के पॉश इलाके बांद्रा वेस्ट में एक भव्य बंगला खरीदा है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, इस शानदार डील की कुल कीमत 84 करोड़ रुपये तय की गई है। बांद्रा के प्रसिद्ध सेंट मार्टिन रोड पर स्थित इस प्रॉपर्टी में लगभग 1017.60 वर्ग मीटर का प्लॉट शामिल है। इसके अलावा, इस बंगले का मुख्य बिल्ट-अप एरिया लगभग 193.12 वर्ग मीटर और लगभग 31.50 वर्ग मीटर का एक आउटहाउस भी इस सौदे का हिस्सा है। इस फ्रीहोल्ड संपत्ति का कनवेंस डीड 14 जुलाई 2026 को आधिकारिक रूप से रजिस्टर हुआ, जिसके लिए अभिनेता ने अकेले 5.04 करोड़ रुपये का भारी-भरकम स्टैंप ड्यूटी चुकाया है। Liases Foras दस्तावेजों के मुताबिक इस प्रॉपर्टी को नौशीर इरुच दिवित्रे, फ्रेडोन इरुच दिवित्रे, क्रिस्टल फिरोज दिवित्रे और इरुच फिरोज दिवित्रे से खरीदा गया है। हालांकि इस मामले पर जॉन इब्राहिम या विक्रेताओं की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी सामने नहीं आई है। यह पहला मौका नहीं है जब जॉन इब्राहिम ने मुंबई के प्रीमियम इलाके में कोई महंगी प्रॉपर्टी खरीदी हो। इससे पहले दिसंबर 2023 में भी उन्होंने मुंबई के खार इलाके में एक बड़ी डील की थी। उस समय अभिनेता ने खार की मशहूर लिंकिंग रोड पर 7722 वर्ग फीट जमीन पर बने 5416 वर्ग फीट के एक बंगले को 70.83 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस संपत्ति के लिए उन्होंने 4.24 करोड़ रुपये की स्टैंप ड्यूटी भरी थी और 27 दिसंबर 2023 को यह सौदा रजिस्टर हुआ था। खार जैसी प्रमुख व्यावसायिक और शैक्षणिक संस्थानों के नजदीक की लोकेशन पर उनका वह निवेश भी काफी चर्चा में रहा था। विशेषज्ञों का मानना है कि मुंबई के सबसे विशिष्ट इलाकों, जैसे बांद्रा, जुहू और मालाबार हिल में अब स्वतंत्र या डेवलपेबल जमीन का मिलना बेहद मुश्किल हो गया है। इसी भूमि की भारी कमी के चलते इन इलाकों में मौजूद गिने-चुने बंगलों के दाम आसमान छू रहे हैं। प्रत्येक ऐसे सौदे में एक बहुत बड़ा स्कॉर्सिटी प्रीमियम जुड़ा होता है, जो इन्हें शहर की सबसे महंगी, दुर्लभ और प्रतिष्ठित रियल एस्टेट संपत्तियों में बदल देता है। यही कारण है कि हाई-प्रोफाइल हस्तियां और बड़े कारोबारी इन ऐतिहासिक और पारंपरिक बंगलों को खरीदने के लिए भारी-भरकम राशि खर्च करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। केवल जॉन इब्राहिम ही नहीं, बल्कि मुंबई के लग्जरी हाउसिंग मार्केट में हाल के महीनों में कई रिकॉर्ड-तोड़ सौदे देखने को मिले हैं। हाल ही में, नटंदास रियल्टी ने जुहू में स्थित एक स्पेनिश-शैली के ऐतिहासिक विला को 135 करोड़ रुपये में खरीदा है। 'विला विल्सन' नाम के इस बंगले को विल्सन पेंस के परिवार ने पांच दशकों से अधिक समय तक अपने पास सहेज कर रखा था और यह अभिनेता अमिताभ बच्चन के प्रसिद्ध आवास 'जलसा' के काफी करीब स्थित है।

# मेरी जिंदगी पर फिल्म बनी तो बहुत दिलचस्प होगी : शहनाज गिल



द **द इंडिया स्टोरीः** स्लो पॉइज़न इन प्रोग्रेस का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज़ हो गया है, जो कीटनाशक आधारित खेती और उसके समाज पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों जैसे बेहद अहम मुद्दे को सामने लाता है। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अभिनीत यह फिल्म एक रोमांचक कहानी के जरिए उन सच्चाइयों को उजागर करती है, जो करोड़ों लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी को प्रभावित करती हैं। दमदार ड्रामा, प्रभावशाली अभिनय और सामाजिक संदेश से भरपूर यह ट्रेलर साहस, न्याय और संघर्ष की प्रेरणादायक कहानी की झलक पेश करता है। ज़ी स्टूडियोज़ और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है, जबकि इसकी कहानी और निर्माण सागर बी. शिंदे ने किया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दर्शकों के सामने आएगी। फिल्म के निर्देशक चेतन डीके ने ट्रेलर के बारे में कहते हैं, द इंडिया स्टोरी सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक ऐसी बातचीत की शुरुआत है, जो आज बेहद ज़रूरी है। इस कहानी के माध्यम से हमने उस समस्या पर रोशनी डालने की कोशिश की है, जो चुपचाप हर घर को प्रभावित कर रही है। ट्रेलर सच्चाई, साहस और संघर्ष की इस ताकतवर यात्रा की एक झलक है। हमें उम्मीद है कि यह दर्शकों को सोचने, सवाल उठाने और अपने आसपास की हकीकत को समझने के लिए प्रेरित करेगा। इसके अलावा काजल अग्रवाल ने फिल्म को लेकर कहा, द इंडिया स्टोरी का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास और अर्थपूर्ण अनुभव रहा। मेरा किरदार हर मुश्किल के बावजूद सच का साथ देता है और यही इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत है। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर दर्शकों से जुड़ाव बनाएगा और उन्हें इस कहानी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित करेगा। इसी के साथ श्रेयस तलपड़े ने रिलीज़ हुए इस दमदार ट्रेलर के बारे में कहा, इस ट्रेलर में द इंडिया स्टोरी का भावनात्मक पक्ष पूरी मजबूती से सामने आता है। यह एक आम इंसान की असाधारण चुनौती के खिलाफ उम्मीद और हौसले के साथ लड़ी गई लड़ाई की कहानी है। मुझे विश्वास है कि दर्शक इसकी भावनाओं और संदेश से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेंगे और 24 जुलाई को सिनेमाघरों में इस फिल्म का अनुभव लेने के लिए उत्साहित होंगे। फिल्म के सह-निर्माताओं में स्वाति विनायक सैंदाने, अनीता जाधव, विनायक सैंदाने, कल्पेश शाह, देवयानी खोराटे और प्रेम जोशी शामिल हैं। तकनीकी टीम में सिनेमैटोग्राफर निशांत भागवत, संगीतकार मंगेश धाकड़े, एडिटर आशीष म्हात्रे, गीतकार शकील आज़मी और साउंड डिज़ाइनर अनमोल भावे शामिल हैं।



# 'जन नायकन' के नए टीजर में छाए सीएम विजय, दमदार एक्शन देख एक्साइटेड हुए फैंस, वायरल हुआ वीडियो

के केवीएन प्रोडक्शंस ने फिल्म का टीजर रिलीज किया, जो सिर्फ 18 सेकंड का है. इस टीजर में विजय एक्शन सीक्वेंस करते नजर आए. कभी वो कैदी के रूप में दिखे, तो कभी पुलिस के लुक में. हालांकि, व्हाइट शर्ट और ब्लैक कोट में उनकी सीएम वाली छवि ने इस टीजर की खासियत बढ़ा दी. जैसे ही टीजर रिलीज हुआ, फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे है. तमिलनाडु के सीएम और साउथ के सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं. करीब 7 महीनों की मशक्कत के बाद उनकी आखिरी फिल्म 'जन नायकन' बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार था. इसी बीच मेकर्स ने फिल्म का शानदार टीजर रिलीज किया, जिसमें उनका एक्शन मोड हर किसी को दीवाना बना रहा है. बता दें कि फिल्म को एच. विनोथ ने निर्देशित किया हैं और के. वेंकट नारायण के केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले पेश किया जा रहा है. फिल्म में विजय के साथ पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, ममिता बैजू, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण और प्रियमणि जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे, जो इस फिल्म को और खास बना रहे हैं. ये फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है, जो उनके फैंस और उनके राज्य की जनता के लिए बहुत शानदार अनुभव होने वाला है. वहीं बात करें फिल्म की देरी पर, तो ये पहले जनवरी 2026 में रिलीज होने वाली थी. हालांकि, CBFC द्वारा सर्टिफिकेट न मिलने पर इसकी रिलीज डेट बार-बार टलती रही. साथ ही फिल्म की HD प्रिंट भी ऑनलाइन लीक हो गई, जिससे मेकर्स की परेशानी और बढ़ गई. हालांकि कई सेलेब्स ने उनका समर्थन किया और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.



# 'इतिहास बना देंगे या बन जाएंगे', कारगिल युद्ध के वीर लड़ाकू पायलटों की दास्तान दिखाएगी 'ऑपरेशन सफेद सागर', ट्रेलर में दिखी झलक



ओ ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने अपनी आगामी सैन्य ड्रामा सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज साल 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना (IAF) द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक और बेहद चुनौतीपूर्ण हवाई मिशन पर आधारित है। ऊंचे पहाड़ों और विपरीत परिस्थितियों में लड़े गए इस युद्ध में वायुसेना की अहम भूमिका को बड़े पर्दे जैसी भव्यता के साथ पर्दे पर उतारा गया है। कहानी मुख्य रूप से वायुसेना के प्रसिद्ध 'गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन' और उन युवा लड़ाकू पायलटों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी। इस सीरीज को काफी गहन शोध और भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों व युद्ध नायकों से लंबी बातचीत के बाद तैयार किया गया है।

सीरीज को प्रामाणिक और वास्तविक दिखाने के लिए मेकर्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। 'ऑपरेशन सफेद सागर' की शूटिंग असल भारतीय वायुसेना अड्डों (एयरफोर्स बेस) पर की गई है, जहां क्रू को असली लड़ाकू विमानों और सैन्य बुनियादी ढांचे का उपयोग करने की विशेष अनुमति मिली थी। युद्ध के असल दृश्यों और कठिनाइयों को हूबहू पर्दे पर उतारने के लिए कई महत्वपूर्ण दृश्यों को अत्यधिक ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में शूट किया गया है। कहानी के केंद्र में 'गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन' है, जिसका नेतृत्व विंग कमांडर बी.एस. धनोआ 'टोनी' (जिमी शेरगिल) और स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा (सिद्धार्थ) कर रहे हैं। इनके साथ ही फ्लाइंग ऑफिसर आरएस धालीवाल (अभय वर्मा), फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी (मिहिर आहूजा), फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान (तारुक रैना) और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता (अर्णव भसीन) जैसे युवा जांबाज देश के लिए खतरनाक मिशनों को अंजाम देते हैं। यह सीरीज न सिर्फ युद्ध के मैदान को दिखाती है, बल्कि पायलटों के परिवारों





और वायुसेना के अधिकारियों की पत्नियों के मानसिक व भावनात्मक संघर्ष को भी बखूबी बयां करती है। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (रिटायर्ड) बीएस धनोआ का विशेष मार्गदर्शन मिला है। सीरीज को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि देश अब इस गौरवशाली गाथा को सुनने के लिए पूरी तरह तैयार है और यह काफी समय से लंबित था। कारगिल युद्ध में वायुसेना का योगदान हमारे इतिहास का एक बेहद महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सीरीज को देखने के बाद देश के युवा लड़के-लड़कियां भारतीय वायुसेना में शामिल होने और देश सेवा करने के लिए प्रेरित होंगे। नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेंट वाइस-प्रेसिडेंट मोनिका शेरगिल और सीरीज के निर्देशक ओनी सेन ने भी भारतीय वायुसेना के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस वीरता की कहानी को पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और बड़े पैमाने पर दर्शकों के सामने लाना उनके लिए एक विशेषाधिकार की तरह है। ओनी सेन के निर्देशन में बनी इस सीरीज का निर्माण अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव ने मिलकर किया है। फिल्म के निर्माताओं में मैचबॉक्स शॉट्स के संजय राउत्रे व सरिता पाटिल और फील गुड फिल्म्स के महबूब पाल सिंह बरार शामिल हैं। सीरीज में जिमी शेरगिल, सिद्धार्थ और अभय वर्मा के अलावा दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना और अमृता बागची जैसे बेहतरीन कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। देशभक्ति और साहस से भरपूर यह मिलिट्री ड्रामा सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' स्वतंत्रता दिवस के मौके के ठीक पहले यानी 7 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी।

# युवराज ने चयन पर उठाए सवाल, यशस्वी को पर्याप्त अवसर नहीं मिलने पर जतायी चिन्ता

**एजेंसी, चंडीगढ़**



**सीनियर खिलाड़ियों के लिए साफ रोडमैप जारी करें**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के चयन मापदंडों पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को पर्याप्त अवसर नहीं मिलने और अनुभवी खिलाड़ियों के लिए एक स्पष्ट रोडमैप की कमी को लेकर अपनी चिंताएं साझा की हैं। युवराज ने कहा कि आगामी विश्व कप से पहले टीम प्रबंधन को इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की जरुरत है। युवराज ने कहा कि वह विशेष रूप से युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल लेकर चिन्ता जतायी है। युवराज के अनुसार यश्स्वी ने हाल के अपने तीन एकदिवसीय मैचों में दो शानदार शतक लगाये हैं। इसके बाद भी उन्हें खेलने का मौका नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, यशस्वी को खेलने का मौका नहीं मिल रहा है। ऐसे में अगर विश्व कप से पहले उन्हें खेलने का पर्याप्त समय नहीं मिलता और टीम में शामिल किया जाता है तो उन पर अचानक ही दबाव बन जाएगा। पिछले महीने चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक बनाने के बावजूद जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की फॉर्म और टीम में उनकी जगह को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। इस पूर्व शानदार ऑलराउंडर ने जोर देकर कहा कि अगर जायसवाल टीम की विश्व कप योजनाओं का हिस्सा हैं, तो उन्हें बड़े टूर्नामेंट से पहले और अधिक मैच खेलने की आवश्यकता है जिससे वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त कर सकें और दबाव का सामना करना सीख सकें। युवराज ने 2019 विश्व कप का उदाहरण देते हुए चेतावनी दी, जहां चोट के कारण दो युवा खिलाड़ियों को बिना अधिक अनुभव के टीम में शामिल करना पड़ा था, और ऐसी पुरानी गलतियों को दोहराने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा, अगर कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है, तो आप क्या करेंगे? हमने पहले भी ऐसा होते देखा है। युवराज ने अनुभवी खिलाड़ियों के प्रति प्रबंधन के दृष्टिकोण पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि प्रबंधन को अपने सीनियर खिलाड़ियों को एक साफ रोडमैप देना चाहिए, चाहे वे टीम की दीर्घकालिक योजनाओं का हिस्सा हों या न हों। युवराज का मानना है कि आदर्श रूप से, टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का एक संतुलित मिश्रण होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर रोहित शर्मा और विराट कोहली विश्व कप के लिए आपकी योजनाओं का हिस्सा हैं, तो उन्हें अभी बताएं और उनकी जगह पक्की करें।

## क्रिकेट को वैश्विक खेल बनाना है तो छोटी टीमों को बड़ी टीमों से मुकाबलों का अवसर मिले : अश्विन



**एजेंसी, मुंबई** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि यदि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) क्रिकेट को वैश्विक खेल बनाना है तो उभरती हुई टीमों को नियमित अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने का अवसर मिले। अश्विन के अनुसार हाल में आईसीसी ने जिस प्रकार से टीमों की संख्या बढ़ाई है उसका तब तक फायदा नहीं मिलेगा जब तक कि इन छोटी टीमों को बड़ी टीमों के खिलाफ पर्याप्त अवसर न मिले। आईसीसी ने कुछ समय पहले ही एकदिवसीय विश्व कप और 2028 के टी-20 विश्व कप के प्रारूप में बड़े बदलावों की घोषणा की थी। नए प्रारूप के तहत साल 2027 के एकदिवसीय विश्व कप में 14 टीमें हिस्सा लेंगी और प्रतियोगिता को तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। जिससे मुकाबलों की संख्या और प्रतिस्पर्धा दोनों बढ़ेंगी। वहीं, 2028 के टी-20 विश्व कप में भी दूसरे चरण में अधिक टीमों को शामिल करने की योजना है, ताकि टूर्नामेंट और अधिक रोमांचक बन सके। अश्विन का मानना है कि प्रतिस्पर्धा के लिहाज से यह कदम सही दिशा में है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि, यदि अंतिम लक्ष्य क्रिकेट का वैश्विक विस्तार करना है, तो उभरते देशों के लिए एक मजबूत व्यवस्था तैयार करनी होगी। इस अनुभवी स्पिनर ने सुझाव दिया कि नीदरलैंड, स्कॉटलैंड, नेपाल, अमेरिका और आयरलैंड जैसी टीमों को हर द्विपक्षीय श्रृंखला में तीसरी टीम के रूप में शामिल किया जा सकता है। उनका तर्क है कि इससे इन देशों को केवल क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि उन्हें शीर्ष स्तर के देशों के खिलाफ नियमित अनुभव मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, नेपाल, स्कॉटलैंड और अमेरिका जैसी टीमों ने सीमित अवसरों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। टी-20 विश्व कप जैसे बड़े मंचों पर भी इन टीमों ने कई मजबूत देशों को कड़ी चुनौती देकर अपनी क्षमता साबित की है, जो दर्शाता है कि सही मंच मिलने पर ये टीमें क्रिकेट के स्तर को और ऊंचा उठा सकती हैं।

## बांग्लादेश के कप्तान लिटन पर कार्रवाई कर सकती है बीसीबी

**एजेंसी, ढ़ाका**




बांग्लादेश क्रिकेट टीम के टी20 कप्तान लिटन दास की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। लिटन अपनी चीन यात्रा के कारण निशाने पर हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने उन्हें अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए तय नियमों के उल्लंघन के आरोप में अनुशासन समिति के सामने पेश होने को भी कहा है। इस क्रिकेटर पर आरोप है कि चोट से उबरने के दौरान ही वह बोर्ड को बताये बिन ही चीन यात्रा पर गये थे। लिटन को 20 जुलाई को अपनी पिंडली (काफ) की चोट की विशेष जांच के लिए सिंगापुर जाना था। इसी चोट के चलते वह हालिया जिम्बाब्वे टी20 सीरीज और आगामी लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2026 से भी बाहर हो गए थे। हालांकि, इन महत्वपूर्ण चिकित्सा निर्देशों और टूर्नामेंट से अनुपस्थिति के बाद वह बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के चीन गये थे। केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए बोर्ड की अनुमति के बिना विदेश यात्रा करना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन माना जाता है और बीसीबी इसे किसी भी कीमत पर सहन करने के पक्ष में नहीं है। बोर्ड अब उनके द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण और प्रस्तुत की गई मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही आगे का निर्णय लेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीबी के एक आंतरिक सूत्र ने इस मामले की पुष्टि करते हुए कहा, लिटन चीन गए थे, जिसे बोर्ड ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। बोर्ड ने उन्हें बुलाकर यह जानने का प्रयास किया कि वह किसकी अनुमति से और किस उद्देश्य से चीन गए थे।

## टेस्ट क्रिकेट में लारा, हेडन सहित इन बल्लेबाजों ने खेलीं हैं रिकार्ड लंबी पारियां

**एजेंसी, मुम्बई।** सीमिति ओवरों के मुकाबलों के बीच भी टेस्ट क्रिकेट का आकर्षण बना हुआ है। इसका कारण है कि लंबे प्रारुप में ही किसी खिलाड़ी की असली परीक्षा होती है। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में कई ऐसी पारियां खेली गई हैं, जिन्होंने आज भी प्रशंसक याद रखते हैं। वहीं इस दौरान बने रिकार्ड अब भी कायम हैं। टेस्ट इतिहास की सबसे लंबी पारी खेलने का रिकार्ड वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा के नाम है। साल 2004 में सेंट जॉन्स के एंटीगा रिक्रिएशन ग्राउंड पर लारा ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में 400 रन बनाकर सभी को हैरान कर दिया। क्रिकेट में इससे पहले किसी भी बल्लेबाज ने इतने रन नहीं बनाये थे। लारा इस मैच में 14वें ओवर में क्रीज पर आए और फिर 582 गेंदों में 43 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 400 रन बनाकर नाबाद पेवेलियन लौटे। यह टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला अवसर था जब कोई खिलाड़ी 400 रन तक पहुंचा। इससे पहले साल 2003 में पर्थ के वाका मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 146 ओवरों तक बल्लेबाजी की और 380 रन बनाए, जिसमें 38 चौके और 11 छक्के शामिल थे। वहीं साल 2006 में कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड पर श्रीलंका के तत्कालीन कप्तान महेला जयवर्धने ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक ऐतिहासिक पारी खेली।

## कुलदीप यादव को अवसर नहीं मिलने का कारण शुभमन गिल ने बताया

**एजेंसी, लंदन**



भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में एक भी मुकाबला खेलने का अवसर नहीं मिला। यहां तक कि लॉड्र्स में खेले गए निर्णायक तीसरे एकदिवसीय में भी उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली जबकि मैच के दौरान स्पिनरों को काफी सहायता मिली। इसी को लेकर कप्तान शुभमन गिल ने सफाई दी है शुभमन ने कहा कि शुरुआती दोनों एकदिवसीय में पिच से स्पिनरों को अधिक सहायता नहीं मिली। इसी कारण टीम प्रबंधन ने अतिरिक्त स्पिनर खिलाने की जगह पर तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया था। गिल ने कहा, पहले दो मैचों में हमने देखा कि पिच स्पिनरों के लिए ज्यादा सहायक नहीं थी। जब स्पिनर गेंदबाजी करते थे तो हमें रक्षात्मक फील्ड लगानी पड़ती थी, जबकि तेज गेंदबाजों के साथ विकेट मिलने की संभावना ज्यादा दिख रही थी। इसी कारण से कुलदीप को टीम में जगह नहीं मिली। लॉड्र्स में हुए मैच को लेकर शुभकन ने कहा कि मुकाबला आगे बढ़ने के साथ विकेट धीमा हो गया और बाद में स्पिन गेंदबाजी ज्यादा प्रभावी साबित हो सकती थी। उन्होंने अपनी गलती मानते हुए कहा, अब देखें तो लगता है कि स्पिनर बेहतर विकल्प हो सकता था। जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तब ऐसा नहीं लग रहा था कि विकेट इतना धीमा होगा, लेकिन दूसरी पारी में पिच काफी धीमी हो गई। भारत की यह रणनीति मैदान पर सफल नहीं रही।

# बिजनेस

## मिलवर्क्स टेक के शेयरों ने निवेशकों को किया मालामाल, पहले दिन ही लगभग दोगुना हुआ पैसा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




एयरोस्पेस, डिफेंस, रेलवे और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए हाई-एक्यूरेसी वाले मशीनी पाट्र्स और सब असेंबली बनाने वाली प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपनी मिलवर्क्स टेक्नोलॉजीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने जबरदस्त मजबूती के साथ एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों के पैसे को लगभग दोगुना कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 331 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 628.90 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी देर में ही उछल कर 660.30 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 329.30 रुपये यानी 99.49 प्रतिशत का फायदा हो गया। मिलवर्क्स टेक्नोलॉजीज का 160.34 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 16 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से बंपर रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 219.54 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 194.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 260.37 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 216.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 48.44 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई मशीनरी खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। मिलवर्क्स टेक्नोलॉजीज की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 1.95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 5.25 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 37.06 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 9.40 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 22.42 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक कंपनी को 153.40 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 4.57 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 9.63 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस वित्त वर्ष के अंत तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 17.02 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी रॉकेट के रफ्तार से बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का नेटवर्थ 2.33 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2024-25 में बढ़ कर 23.31 करोड़ रुपये हो गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक कंपनी का नेटवर्थ जोरदार उछाल के साथ 51.05 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मामूली गिरावट के साथ कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से बाजार की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.11 प्रतिशत और निफ्टी 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट की दिग्गज कंपनियों में से टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और आयशर मोटर्स के शेयर 1.65 प्रतिशत से लेकर 1.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एचडीएफसी बैंक, एटरनल, अदानी पोर्ट्स, सिप्ला और सन फार्मास्यूटिकल के शेयर 1.07 प्रतिशत से लेकर 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला मेटालिक टेक्नोफोर्ज का आईपीओ, 28 जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**




मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनी मेटालिक टेक्नोफोर्ज का 49.96 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 23 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 24 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 27 जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 28 जुलाई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। पहले दिन दोपहर 11:30 बजे तक ये आईपीओ 16 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 72 रुपये से लेकर 77 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 3,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,46,400 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 64.88 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.35 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.29 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.30 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.06 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है।

इस इश्यू के लिए स्मार्ट हॉरिजन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं श्रेणी शेयर्स लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। मेटालिक टेक्नोफोर्जव की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 4.26 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 9.03 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 12.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 51.50 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 75.64 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 97.98 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 10.81 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 27.97 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 31.78 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## स्टॉक मार्केट में एसबीआई फंड्स की मजबूत शुरुआत, फायदे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**




देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 574 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 6.27 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 610 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 6.85 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 613.30 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर 624.90 रुपये तक चढ़ गया, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये टूट कर 610 रुपये के स्तर तक भी आया। सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के शेयर 617.80 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 43.80 रुपये यानी 7.63 प्रतिशत का फायदा हो गया है। इस कंपनी का 9,812.91 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 16 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 41.73 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 140.11 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,470 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,510 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी प्रति किलोग्राम 5,200 रुपये की तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,35,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड ने निवेशकों को दिया झटका, फ्लैट लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



फैब्रिक की डाइंग और प्रोसेसिंग के काम में लगी अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 105 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढ़ाव के 105 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद हुई बिकवाली के कारण कंपनी के शेयर कुछ देर में ही गिर कर 99.75 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 5.25 रुपये यानी पांच प्रतिशत का नुकसान हो गया। कंपनी का 126.25 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 16 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.40 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.09 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में भी 1.09 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.54 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 1,20,24,000 नए शेयर जारी किए गए हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।